
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 25 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 22 जून 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



विश्व योग दिवस पर विशाखापत्तनम में योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

संक्षिप्त समाचार

वज्रपात से दो की मौत

बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)। जिले में भारी बारिश और तूफान के बीच वज्रपात से दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को दोपहर बाद भगवानपुर थाना क्षेत्र के जोकिया पंचायत और नौला पंचायत में घटी है। मृत युवक की पहचान नौला निवासी कृष्ण मुरारी पासवान एवं किया पंचायत के वार्ड नंबर 8 निवासी सरस्वती कुमारी के रूप में हुई है। टना के बाद स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मदद से पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया में जुटी है।

ट्रक की ठोकर से एक भाई की मौत, दूसरा घायल

समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)। अंगार घाट थाना क्षेत्र के राजेश्वर चौक के पास ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर चौथ टाड़ा गांव निवासी प्रियांशु कुमार के रूप में की गई है जबकि जख्मी का नाम गोलू कुमार है। घटना की सूचना के बाद पहुंची अंगार घाट थाने की पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

फुलौत थाना में तैनात हवलदार ने की आत्महत्या

मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)। चौसा प्रखंड अंतर्गत फुलौत थाना में तैनात हवलदार के शुक्रवार रात आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान वकील सिंह के रूप में हुई है। वे मूल रूप से छपरा के मसरख थाना क्षेत्र के निवासी थे। मृतक वकील सिंह पिछले छह माह से फुलौत थाना में ही सेवा दे रहे थे। फुलौत थाना के सामने स्थित पशु चिकित्सालय परिसर में ही अस्थायी रूप से रह रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही उदाकिशुनगंज एसडीपीओ मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है।

उपेंद्र कुशवाहा को धमकी देने वाला गिरफ्तार

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देने वाला पकड़ा गया है। पटना पुलिस ने शनिवार को उसे गिरफ्तार किया। आरोपी का नाम राकेश कुमार है। वह मूल रूप से सीवान जिले का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि वह पूर्व में कुशवाहा की पार्टी से जुड़ा हुआ था। उनके हालिया एक बयान से वह खफा था, इसलिए लॉरेंस के नाम पर उन्हें धमकी दी।

रेलिंग तोड़कर गंगा नदी में गिरी स्कॉर्पियो, दो की मौत

बक्सर(नबिटा ब्यूरो)। नगर थाना क्षेत्र में वीर कुंवर सिंह सेतु पर शुक्रवार रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो डिवाइडर पर चढ़ने के बाद रेलिंग तोड़कर गंगा नदी में जा गिरी। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने वाहन को बाहर निकाला। पुलिस के मुताबिक कार में दो लोग सवार थे। दोनों का शव बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान अर्जुन सिंह और हर्ष सिंह के रूप में हुई है जो सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्हपुर गांव के रहने वाले हैं। अर्जुन सिंह का शव रात में ही बरामद कर लिया गया था। हर्ष सिंह का शव शनिवार की सुबह बरामद की गयी है। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार के मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

जुलाई से विधवा, वृद्धा व दिव्यांगों को प्रतिमाह पेंशन के रूप में मिलेंगे 1100 रुपये : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि को करीब तीन गुना बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने इसका ऐलान किया है। प्रदेश के लाखों सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को मिलने वाली मासिक पेंशन राशि में बंपर बढ़ोतरी की गई है। पहले जहां लाभार्थियों को 400 रुपए मिलते थे वहीं अब उन्हे 1100 रुपये हर माह मिलेंगे। यह बढ़ी हुई पेंशन राशि जुलाई 2025 से लाभार्थियों के खातों में पहुंचना शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1100 रुपए पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस फैसले से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों का उत्थान होगा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में यह वृद्धि बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों को किसी भी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना करने से निजात दिलाएगा। इसके साथ ही सरकार ने राज्य की हर पंचायत में विवाह भवन बनाने का भी फैसला लिया है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सुविधाएं बेहतर होंगी। बिहार सरकार के इन फैसलों को न सिर्फ सामाजिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र एक मजबूत राजनीतिक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। इस बढ़ोतरी से प्रदेश के लाखों परिवारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बढ़ी हुई पेंशन राशि से लाभार्थी अपनी रोजाना की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक खर्चों के लिए भी अधिक सक्षम हो सकेंगे। यह कदम राज्य में गरीबी उन्मूलन और सामाजिक समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस फैसले को बिहार के लिए ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनभावनाओं का सम्मान किया है। यह निर्णय जनता के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि लोगों की मांग थी कि कम से कम 1000 पेंशन मिले लेकिन सरकार ने उससे भी बढ़कर 1100 देने का निर्णय लिया है। बता दें कि विपक्षी दल खासकर राजद और कांग्रेस विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोकलुभावन वादे जनता से कर रहे थे। तेजस्वी यादव ने दावा किया था कि अगर बिहार में उनकी सरकार बनती है तो वह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि को बढ़ाकर 1500 कर देंगे लेकिन इससे पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा दांव खेल दिया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय रेल का राष्ट्रव्यापी भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- **चिनाब, अंजी और पांबन ब्रिज पर भी हुआ अद्भुत योग सत्र**
- **योग को समर्पित एक विशेष इएमयू ट्रेन भी चलाई गई**

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय रेल ने पूरे देश में भव्य और उत्साहपूर्ण योग सत्रों का आयोजन किया। योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की भावना को आत्मसात करते हुए यह आयोजन देश के सभी रेल ज़ोन, मंडल, स्टेशनों और रेल परिसरों में हुआ। इस मौके पर रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कर्नाटक के हासन में और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने चंडीगढ़ के सुखना लेक किनारे योग सत्र में हिस्सा लिया। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार नई दिल्ली स्थित करनैल सिंह स्टेडियम में आयोजित योग सत्र में शामिल हुए। इस वर्ष आयोजन की विशेष बात यह रही कि योग न केवल स्टेशनों और कार्यालय परिसरों में हुआ बल्कि भारतीय रेल की प्रतिष्ठित, ऐतिहासिक और इंजीनियरिंग दृष्टि से अद्वितीय संरचनाओं पर भी संपन्न हुआ। पहली बार जम्मू और कश्मीर के चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज पर भी विशेष योग सत्र आयोजित किया गया, जो भारतीय रेल के आत्मविश्वास और आयोजन क्षमता का प्रतीक बना। साथ ही भारत के पहले केबल स्टेड रेल ब्रिज अंजी ब्रिज और तमिलनाडु में बने देश के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेल ब्रिज पांबन पर भी योग सत्र का आयोजन किया गया, जो योग और इंजीनियरिंग की अद्भुत संगति का प्रतीक बना। इसके साथ पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में योग को समर्पित एक विशेष इएमयू ट्रेन सेवा भी चलाई गई। इस ट्रेन के कोचों पर योग मुद्राओं और उनके लाभों को चित्रित किया गया, जिससे यात्रियों के बीच जागरूकता बढ़ाई जा सके। देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए योग सत्र में रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों, रेल सुरक्षा बल, स्काउट्स एंड गाइड्स, स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। योग सत्र के इन सत्रों में आसनों के साथ-साथ प्राणायाम, ध्यान और योग के जीवनदायिनी पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। भारतीय रेल ने इस आयोजन के माध्यम से न केवल अपने कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया बल्कि समाज के व्यापक वर्ग को भी योग के प्रति जागरूक किया।

दाउदनगर समेत 19 अनुमंडलों में नए एसडीपीओ तैनात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार पुलिस सेवा के अधिकारियों का बड़े स्तर पर तबादला हुआ है। राज्य के 19 अनुमंडलों में नए एसडीपीओ की तैनाती की गई है। औरंगाबाद के दाउदनगर, दरभंगा, आरा, हाजीपुर, गया, मधुबनी समेत अन्य जिलों के एसडीपीओ का ट्रांसफर किया गया है। राज्य गृह विभाग ने शनिवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की। इनके साथ ही एडीजी स्तर के अधिकारी एमआर नायक को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीमा सुरक्षा बल में योगदान देने हेतु विरमित कर दिया गया है। 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी नायक वर्तमान में बी-सैप के एडीजी पद पर तैनात हैं। अधिसूचना के अनुसार जितेंद्र पांडेय को पूर्णिया के बायसी में एसडीपीओ तैनात किया गया है। सोनू कुमार राय को औरंगाबाद के दाउदनगर, प्रभाकर तिवारी को दरभंगा जिले के बिरौल, शिवेंद्र कुमार अनुभवी को मोतिहारी के पकड़ी दयाल, विभाष कुमार को सुपौल के त्रिवेणीगंज में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह, राहुल सिंह को आरा सदर-1, सुबोध कुमार को हाजीपुर सदर-1, सरोज कुमार साह को गया नगर-1, राजीव कुमार को दरभंगा सदर-1 का एसडीपीओ बनाया गया है। विनोद कुमार को कटिहार के मनिहारी, अमित कुमार (बांका) को मधुबनी के फुलपरास, अमित कुमार (अररिया) को मधुबनी सदर-1, मनीष चंद्र चौधरी को सीतामढ़ी सदर-1 का एसडीपीओ बनाया गया है। वहीं, राजेश कुमार शर्मा को भोजपुर के जगदीशपुर, शुभेंद्र कुमार सुमन को दरभंगा सदर-2, राघव दयाल को मधुबनी के जयनगर, सुबोध सिन्हा को मधुबनी के झंझारपुर, शैलेश प्रीतम को सहरसा सदर और अवधेश कुमार को पटना जिले के फतुहा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर तबादला किया गया है।

लापरवाह इंजीनियर समेत कई निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


पटना। झारखंड राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण दक्षिण बिहार में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए है। झारखंड से निकलने वाली निरंजना, मुहाने, उत्तर कोयल, सकरी, पचाने आदि नदियों में अत्यधिक जलस्तर दर्ज किया गया है। इस कारण गया, नालंदा, जहानाबाद और पटना जिले के कई गांवों में पानी घुस गया। कई जगह बांध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अब इस मामले में जल संसाधन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जल संसाधन विभाग के मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पिछले दो दिनों का हमारा अनुभव रहा कि जहां अधिकारी मुस्तैद थे वहां नुकसान कम हुआ। जहां लापरवाही बरती गई वहां कुछ तटबंध क्षतिग्रस्त हुए है। जांच टीम ने पाया कि इस मामले में कई अधिकारी विभागीय निर्देश का उल्लंघन करते पाते गए। उन्होंने अपने कार्य में लापरवाही बरती है। इसीलिए कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता को समेत सात अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। कार्यपालक अभियंता से जो ऊपर के अधिकारी हैं, उनकी भी भूमिका की जांच की जा रही है। अगर यह लोग निगरानी करते तो क्षति कम होती। मंत्री ने कहा कि विभाग के सभी स्तर के अधिकारी जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से प्रभावित इलाकों का लगातार निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। बिहार के कुल भूभाग का 73 प्रतिशत इलाका बाढ़ प्रभावित है। पिछले तीन दिन से झारखंड में लगातार बारिश हो रही है। इतनी अधिक बारिश हुई कि दक्षिण बिहार में बहने वाली नदियों का जलस्तर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर पर्यवेक्षण के क्रम में पाया गया कि कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय तथा स्थल प्रभारी कनीय अभियंता द्वारा नालंदा/जहानाबाद अंतर्गत लोकाईन और भूमही नदी पर अवस्थित तटबंधों की सुरक्षा अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई है एवं विभाग के निर्देशों का भी मनमानी से उल्लंघन किया है। इस स्थिति में विभाग द्वारा कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय तथा संबंधित स्थल प्रभारी कनीय अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है।

महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई के लिए लगेगा कैंप

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार राज्य महिला आयोग में 7000 से अधिक मामले लंबित पड़े हुए हैं। महिला संबंधित मामलों की सुनवाई और समाधान को लेकर आयोग की ओर से महिला आयोग आपके द्वार विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत 26 जून से होगी। पहली कड़ी में 4 जिलों में कैंप लगाया जाएगा। इन कैंपों में महिलाओं की समस्याएं सुनी जाएंगी। उन्हें कानूनी और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने बताया कि बेगूसराय में 26 व 27 जून, मधुबनी में 3 व 4 जुलाई, सीतामढ़ी में 10 व 11 जुलाई, दरभंगा में 17 एवं 18 जुलाई को कैंप लगाए जाएंगे।

नकली सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री का उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सासाराम। रोहतास जिले के मुफस्सिल थाना अंतर्गत बेदा-बलथुआ में पुलिस ने शनिवार को छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने वाली फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान बलथुआ स्थित वृदावंन मार्केट के बेसमेंट में चल रहे फैक्ट्री की मशीन को जब्त कर लिया। एसडीपीओ सासराम-दो कुमार वैभव के नेतृत्व में की गई छापेमारी के दौरान कारखाना व उसके गोदाम से तीन करोड़ की नकली सिगरेट के अलावा सिगरेट बनाने वाला कच्चा माल आदि भी जब्त किया गया है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार इस मामले में फैक्ट्री के मालिक यूपी के बलिया जिला के नरही थाना के सिंदुरिया ग्राम निवासी गोपाल ओझा को शहर के राजकालोनी स्थित उनके किराया के मकान से गिरफ्तार किया गया है। वहीं फैक्ट्री के सुपरवाइजर यूपी के वाराणसी जिला के बड़ागांव निवासी राजेश कुमार मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि पिछले सात वर्षों से यहां पर नकली सिगरेट बनाने का कार्य किया जा रहा था। फैक्ट्री में गोल्ड फ्लैक समेत दस अन्य ब्रांडों के नाम पर सिगरेट बनाकर पैकिंग की जा रही थी। फैक्ट्री को संचालित किए जाने के कार्य में प्रयोग में लिए जाने वाले 50 एचपी का जेनरेटर भी जब्त कर लिया गया है। एसपी के अनुसार नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री संचालित किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके आलोक में सासाराम एसडीपीओ दो कुमार वैभव के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया था। छापेमारी टीम में पुलिस इंस्पेक्टर राहुल कुमार, सब इंस्पेक्टर अजय कुमार, प्रभात कुमार के अलावा सासाराम नगर थानाध्यक्ष शामिल थे।

सीएम नीतीश ने महिलाओं को दिए कई बड़े तोहफे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को महिलाओं के लिए कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने महिलाओं के लिए एक तरह से खजाना खोलते हुए उन्हें बड़ा तोहफा दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में इसे लेकर अहम फैसला हुआ। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बैठक में लिए गए फैसलों को लेकर जीविका दीदियों के लिए ऋण ब्याज दर में भारी कमी और सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाने की जानकारी दी। इससे बिहार की जीविका दीदियों को बड़ा लाभ होगा। महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सम्मिलित विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि महिला संवाद के दौरान कई अहम घोषणाएं और जन हितैषी फैसले लिए गए हैं। इसमें जीविका दीदीयों के लिए ऋण ब्याज दर 10 फीसदी से घटाकर मात्र 7 फीसदी कर दी गई है, जिससे महिलाएं और अधिक आत्मनिर्भर बनेंगी। दरअसल, राज्य में जीविका दीदियों की संख्या 1 करोड़ 40 लाख है। बिहार में महिला मतदाताओं की संख्या के लिहाज से इनकी संख्या करीब 3 करोड़ 70 लाख के करीब है। ऐसे में कुल महिला मतदाता में 40 फीसदी से अधिक बिहार में जीविका दीदी है जो आज बड़ा वोट बैंक बन चुकी है। इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले नीतीश कुमार का जीविका दीदियों को ऋण ब्याज दर में कटौती का फैसला एक बड़ी सियासी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। जीविका स्वयं सहायता समूहों का नेटवर्क है। यह बिहार सरकार के ग्रामीण आजीविका प्रोत्साहन सोसायटी की निबंधित संस्था है। बिहार के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को सशक्त सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'जीविका' काम करती है। इसमें लोग लगातार जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि लड़कियों के विवाह कार्यक्रम आयोजन में सुविधा के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में विवाह भवन का निर्माण कराया जायेगा। इन विवाह भवनों का संचालन जीविका दीदियों के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीविका से जुड़े सभी कर्मियों का मानदेय दोगुना किया जायेगा। इन कर्मचारियों के मानदेय वृद्धि की अतिरिक्त राशि राज्य सरकार वहन करेगी। इसके साथ ही दीदी की रसोई का संचालन प्रखंड स्तर तक के सरकारी संस्थानों में किया जायेगा।



योग दिवस पर एनडीए नेताओं ने पीएम के संदेश को अपनाया, लोगों को किया जागरुक

योग दिवस पर रविशंकर प्रसाद, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, अरुण सिन्हा, भीम सिंह, रितुराज सिन्हा एवं अन्य कई नेताओं ने किया एक साथ योगाभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। शनिवार को राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलीपुत्रा खेल परिसर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय समारोह की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, जदयू नेता व बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, भाजपा सांसद भीम सिंह, बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन, विधायक अरुण सिन्हा, भाजपा नेता रितुराज सिन्हा व कई गणमान्य अतिथि इस अवसर पर उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने इस योग दिवस समारोह में भाग लिया और सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान सत्र का संचालन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज लगभग 200 देश ने योग को अपनाया है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कराई और यह हमारा गौरवशाली इतिहास है। योग से हमारा शरीर रिचार्ज हो जाता है। हम सबको अपने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए योग करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मन का संतुलन ही सच्चा सुख है। योग से जुड़ें और जीवन को सुंदर बनाएं। योग दिवस के कार्यक्रम में मंत्री विजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आज युवा योग के प्रति बेहद लगाव रखते हैं और योग को अपना रहे हैं। आज प्रधानमंत्री की पहल पर दुनिया योग करती है। योग करने से जीवन में एकाग्रता आती है शरीर निरोग रहता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' संपूर्ण मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम है, बल्कि यह मस्तिष्क को शांत और जीवन को संतुलित रखने की एक पद्धति है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को आज वैश्विक पहचान मिली है और इसका प्रभाव पूरे विश्व में देखने को मिल रहा है। लगभग 200 देशों में योग दिवस मनाया जाना इस प्राचीन भारतीय परंपरा की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आयुष क्षेत्र चाहे वह आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी या योग हर स्तर पर सशक्त और सुदृढ़ हो रहा है। आयुष सेवाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। योग दिवस के कार्यक्रम में सांसद रवि शंकर प्रसाद ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब भी हम सब योग के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की चर्चा करते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने ही इस भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़े एक विधा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव सह विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने भी संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री नितिन नवीन, सांसद रविशंकर, सांसद भीम सिंह, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व सांसद राम कृपाल यादव, ऋतुराज, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव सह विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, राज्य आयुष समिति के कार्यपालक निदेशक वैभव चौधरी, आयुष्मान कार्ड बिहार के सीईओ शशांक शेखर सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

बी. डी. कॉलेज, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बी. डी. कॉलेज, पटना के 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी. एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन भव्य रूप से कॉलेज परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विवेका नन्द सिंह के निर्देश में आयोजित किया गया। उनका मार्गदर्शन इस कार्यक्रम की सफलता में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। प्रातः 7:00 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण, छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेटों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस समन्वयक डॉ. अशोक कुमार साव के नेतृत्व में हुआ। भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई एवं योग के शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास सत्र का संचालन योग प्रशिक्षक अमरजीत कुमार एवं सहायक वासिका कुमारी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास सटीक विधियों से करवाया।

योग एक सम्पूर्ण जीवन पद्धति : विजय प्रकाश

स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही जोश, उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में हमारे एपीसीएल के अध्यक्ष विजय प्रकाश, प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई जिसके पश्चात प्राचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने सहज ध्यान एवं भ्रामरी की विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को योग की शांति और संतुलन का अनुभव कराया। इसके बाद अध्यक्ष विजय प्रकाश ने 'अ, आ, इ, ई, उ, ऊ'' जैसे उच्चारणों की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए बताया कि इन ध्वनियों का हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम ही नहीं यह एक जीवन पद्धति है। उन्होंने इसकी वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए कहा कि यौगिक जीवन पद्धति के अनुसरण से स्वस्थ एवं सुखी जीवन जिया जा सकता है। योग शिक्षिका श्रीमती ऋचा के निर्देशन में योग सत्र का आरंभ प्रार्थना से हुआ जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। विशेष बात यह रही कि कक्षा 9 की छात्राएं रिया कुमारी एवं काव्या कुमारी ने मंच पर योग प्रदर्शन का नेतृत्व किया। उन्होंने अनुशासित और सटीक योग मुद्राओं के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

एसबीआई ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष के योग दिवस का थीम 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' पर प्रकाश डाला गया। शिविर में एसबीआई पटना मंडल के महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं आर. नटराजन, एसबीआई लेडिज क्लब की अध्यक्षा साईं लक्ष्मी एवं क्लब के अन्य सदस्यगण, उप महाप्रबंधक वृंद सहित बैंक के करीब 70 वरिष्ठ आधिकारियों ने भाग लिया। इस योगाभ्यास शिविर में विवेकानंद केंद्र के योग प्रशिक्षक के नेतृत्व में दैनिक जीवन में नित्य किए जाने वाले आसनों का अभ्यास किया गया। साथ ही मानवता के कल्याण के लिए पर्यावरण की सेहत के लिए तथा पृथ्वी की रक्षा के लिए कामनाएं की गईं।

एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने मनाया 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

कर्मचारियों एवं परिजनों ने योग प्रोटोकॉल के अनुरूप किया सामूहिक योगाभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा तय योग प्रोटोकॉल के अनुसार एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने जहां आज शास्त्री नगर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय सह आवासीय परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व -1) सुदीप नाग और महाप्रबंधक (मा. सं.) अनिल कुमार चावला ने पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय के कोलकाता कार्यालय के कर्मियों के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के दोनों कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी तथा उनके परिजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए और सामूहिक योगाभ्यास में सहभागिता की। पटना में कार्यक्रम का संचालन पटना के जाने-माने योग प्रशिक्षक विशाल कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा ध्यान विधियों का अभ्यास कराया और योग के नियमित अभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक (सिविल) संजीव कुमार भारती, उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चन्दन, उप महाप्रबंधक (विधि) शंकर आनंद, उप महाप्रबंधक (वाणिज्यक) तजेन्द्र पाल सिंह, उप महाप्रबंधक (प्रचालन सेवाएं) राहुल आनंद, उपमहाप्रबंधक (विद्युत) अद्वैत कल्याण सहित अन्य कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस प्रकार के आयोजन से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित करने में मदद मिलती है।

पेंशन में बढ़ोतरी का मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में ऐतिहासिक बढ़ोतरी के फैसले का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने इसे बिहार के वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं के लिए आर्थिक संबल और सम्मानजनक जीवन की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ सभी जाति, धर्म, वर्ग और समुदाय के वृद्धजनों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को एक समान मिल पाएगा जिसे इनका मान समाज और परिवार में भी बढ़ेगा। कोई इन्हें हीन या परित्यक्त भाव से नहीं देखा और इनके जीवन स्तर में व्यापक बदलाव आएगा। यह पेंशन एनडीए सरकार की कार्य कुशलता को दर्शाता है। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व में यह साबित कर दिया है कि सामाजिक न्याय और संवेदनशील प्रशासन सिर्फ नारों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले फैसलों में होता है। उन्होंने कहा कि अब तक लाभार्थियों को जहां 400 प्रतिमाह पेंशन मिलती थी, वहीं अब उन्हें 1100 प्रतिमाह की राशि मिलेगी जो करीब तीन गुनी बढ़ोतरी है।

योग सत्र के बाद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत संगीत का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के अवसर पर योग सह संगीत सत्र का आयोजन अदालतगंज तालाब पार्क में किया गया जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलित करके पटना नगर निगम के उपनगर आयुक्त रामाशीष तिवारी, उप नगर आयुक्त प्रदीप कुमार राय, कार्यपालक पदाधिकारी निखिल कुमार, पटना नगर निगम स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत, योग गुरु दर्शन सोनी और गायक राजेश केसरी ने किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित अतिथियों ने नीम और जामुन के अनेक पेड़ लगाए और योग गुरु के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया। योग सत्र के बाद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत संगीत सत्र का आयोजन किया गया जिसमें लोक गायिका डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों के साथ-साथ स्वच्छता गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। नीतू नवगीत ने मां गंगा को याद करते हुए अनेक दूसरे गीत भी गाए। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का प्रिय गीत रघुपति राघव राजा राम भी गाकर सुनाया। कार्यक्रम में कैसियो पर संजय मिश्रा, तबला पर प्रवीण कुमार और पैड पर अभिषेक कुमार ने लोक गायिका नीतू नवगीत के साथ संगत किया। राजेश केसरी ने भी जागरूकता गीत गाकर लोगों को स्वच्छ पटना शहर अपना का संदेश दिया। योग सत्र के दौरान उपनगर आयुक्त रामाशीष तिवारी ने कहा कि योग भारतीय अभ्यास प्रणाली है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। वर्तमान दौर के तनावपूर्ण जीवन में योग की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। योग हमें शारीरिक लचीलापन, मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं से निपटने में मदद करता है। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ, सुखी और संतुलित बना सकते हैं। इसलिए, योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करना बहुत जरूरी है। यह हमें एक स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करता है।

देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में योग दिवस का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश ने योग की महत्ता तथा योग के इतिहास पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सभी को योग करने की जरूरत है। योग हमें अच्छी जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि योग को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, बिहार विद्यापीठ की निदेशिका डॉ मृदुला प्रकाश, वित्त मंत्री बिहार विद्यापीठ नीरज सिन्हा, पूर्व वित्त मंत्री विवेक रंजन, ए आई सी सी ओ ओ प्रमोद कर्ण, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा, बिहार विद्यापीठ परिवार के सभी सदस्य तथा महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण तथा प्रशिक्षुगण उपस्थित थे।

सीबीसी पटना ने किया वैशाली में योग समारोह सह फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना/वैशाली। 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 समारोह के तहत केन्द्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा योगाभ्यास और फोटो प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार (21 जून 2025) को राजकीय मध्य विद्यालय, माधोपुर गोपालपुर, वैशाली में किया गया। योगाभ्यास एवं योग फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन योगाचार्य सुरेश थापा उर्फ सुरेश तिवारी, सचिव, औलिया आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र, वैशाली, शैलेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व प्रमुख वैशाली, योगाचार्य केदार पांडेय और सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर दो सौ ज्यादा स्कूली छात्र और आम लोगों ने योग का अभ्यास किया। योग दिवस के मौके पर योगाचार्य सुरेश थापा ने अतिथियों एवं आम लोगों को योग के विभिन्न आयाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के फायदे बताए और कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य केवल भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति नहीं, अपितु आत्मा की उन्नति और प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना भी है। योग से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति होती है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कार्यालय प्रमुख उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के लिए योग और प्रकृति पर्यावरण को साथ लेकर चलना चाहिये, ताकि मानव जीवन में शांति और स्वास्थ का संचार हो सके। वहीं योगाचार्य केदार पांडेय ने लोगों को योग के विभिन्न आसन का अभ्यास कराया और कहा कि योग एक बहुत ही अच्छा व्यायाम है और इसके कई शारीरिक और मानसिक फायदे हैं। नियमित रूप से योग करने से तनाव कम होता है, शरीर लचीला होता है और ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इस अवसर पर सीबीसी पटना के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मनीष कुमार, नवल झा, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमरेंद्र मोहन, हर्ष सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश्वर, पीआईबी के ज्ञान प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह व अन्य उच्चाधिकारियों ने किया योगाभ्यास



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' थीम पर आधारित योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाप्रबन्धक छत्रसाल सिंह एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न प्रकार के आसनों एवं प्राणायाम की क्रियाएं करवायी गयी एवं इससे होने वाले बहुआयामी लाभ के संबंध में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारू रूप से कार्यशील रखने हेतु प्राणायाम एवं योग के अन्य विधाओं का अभ्यास किया। इससे पहले महाप्रबंधक एवं अन्य उच्चाधिकारीगण विशाखापट्टनम में आयोजित प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम में लाइव प्रसारण से जुड़े एवं प्रधानमंत्री के योग से संबंधित संबोधन से लाभान्वित हुए।

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की वैश्विक थीम पर अत्यंत उत्साह एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आईएआरआई पटना हब के विद्यार्थियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम में अटारी, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर का हार्दिक स्वागत किया तथा अपने संबोधन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की महत्ता, उद्देश्य एवं योग के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योग शरीर को आत्मा से, मन को विचार से तथा बुद्धि को विवेक से जोड़कर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जानकारी देते हुए उमेश कुमार मिश्र, सदस्य सचिव (मीडिया) ने बताया कि इस अवसर को सफल बनाने में विपुल राज, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. सौरभ कुमार, सरफराज अहमद, प्रभा कुमारी, साजीद मुस्ताक तथा अन्य कर्मियों की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गृह राज्य मंत्री ने योग दिवस पर अपने विचार लोगों के साथ साझा किए



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत पर्यटन पटना, पर्यटन मंत्रालय ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया जो कि 21 जून, 2025 को टी.एफ. सी. हॉल, कंगन घाट गुरुद्वारा, पटना साहिब, पटना में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित था, जो कि आयुष मंत्रालय ने घोषित किया है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्रों और पर्यटन हितधारकों ने भाग लिया और अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लाभों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्साहवर्धक भाषण को ऑनलाइन सुना।

एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के साथ बियाडा में मना अंतराष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' को आत्मसात करते हुए यह आयोजन सम्पूर्ण राज्य में बियाडा के सभी क्लस्टर्स और इकाईयों में समर्पित ऊर्जा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बियाडा एवं आइडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार, भा.प्र.से ने की। उनके नेतृत्व में पटना मुख्यालय सहित राज्य भर के 9 औद्योगिक क्लस्टर्स में अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय उद्यमियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर कुंदन कुमार ने कहा-योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि यह मानसिक शांति, संतुलन और आंतरिक ऊर्जा का मार्ग है। आज की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' वैश्विक एकता और समग्र स्वास्थ्य का प्रतीक है। योग न केवल व्यक्तिगत जीवन को सशक्त बनाता है, बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। बियाडा ने सभी औद्योगिक इकाइयों, उद्यमियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ, सशक्त तथा सकारात्मक समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित 'योग के माध्यम से शांति और सौहार्द' के संदेश को आत्मसात करने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है।

'बिहार अलीग कनेक्ट' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, बिहार चैप्टर-पटना की ओर से 'बिहार अलीग कनेक्ट' राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार (22 जून) को अभिलेख भवन ऑडिटोरियम, पटना में किया जा रहा है। अलीग, एएमयू छात्र संघ के महासचिव मुशीर आलम ने बताया कि 'बिहार अलीग कनेक्ट' कार्यक्रम में बिहार के सभी 38 जिलों के एएमयू पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाकर शिक्षा, सामाजिक चेतना और युवाओं के सशक्तिकरण के मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि 'बिहार अलीग कनेक्ट' में प्रमुख बिंदु के तौर पर पूर्व छात्रों के बीच समन्वय और मार्गदर्शन को सशक्त करना, जिला स्तर पर संयोजक नियुक्त करना, एएमयू किशनगंज केंद्र के विकास में सहयोग, जेएनयू, जेएमआई, एमए एनयूयू जैसे संस्थानों से एलुमनी सहयोग, सर सैयद लिटरेसी स्कूल, शास्त्री नगर का सशक्तिकरण, पटना में सर सैयद हाउस की स्थापना का प्रस्ताव आदि शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले भर में योग शिविरों का आयोजन

फिट इंडिया-वोट इंडिया थीम पर आधारित योग से जनजागरूकता का संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



भभुआ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कैमूर जिले में जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल, प्रखंड और पंचायत स्तर तक भव्य योग शिविरों का आयोजन किया गया। योग शिविरों में जिले भर के आम नागरिकों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक, मानसिक व आत्मिक रूप से सशक्त बनाना और 'फिट इंडिया -वोट इंडिया' अभियान के अंतर्गत मतदान के प्रति जागरूक करना था। जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रातः आयोजित मुख्य योग शिविर में जिलाधिकारी सुनील कुमार ने स्वयं भाग लिया और विभिन्न योग क्रियाएं करते हुए योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर विकास आयुक्त सहित मनरेगा टीम, जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे और योगाभ्यास में भाग लिया। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि 'योग न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त करता है। योग करने से हमारी एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता बेहतर होती है। यह आवश्यक है कि हम अपने व्यस्त जीवन से समय निकालकर प्रतिदिन योग करें, ताकि हम एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जी सकें। इस अवसर पर चैनपुर विधानसभा क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर श्रेया कुमारी ने 'फिट इंडिया-वोट इंडिया' स्लोगन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें लोकतंत्र के महापर्व–मतदान–के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक ही एक सशक्त लोकतंत्र की नींव रख सकता है। योग दिवस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर जनजागरूकता के इस महत्वपूर्ण अभियान में भागीदारी निभाई। जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा विद्यालयों के शिक्षकों के सहयोग से योग शिविरों का आयोजन किया गया। पूरे जिले में यह कार्यक्रम जन-जन के उत्सव के रूप में मनाया गया।

डीएम की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सासाराम। शनिवार को जिला पदाधिकारी रोहतास की अध्यक्षता में खरीफ मौसम वर्ष -2025-26 में जिला स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक डी0आर0डी0ए0 सभागार, समाहरणालय सासाराम में आयोजित की गई जिसमें उप विकास आयुक्त रोहतास, निदेशक डी0आर0डी0ए0 रोहतास, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोहतास, जिला कृषि पदाधिकारी रोहतास, सभी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी जिला रोहतास एवं कृषि विभाग के सभी सहायक निदेशक जिला रोहतास, उर्वरक कम्पनी के प्रतिनिधि एवं थोक उर्वरक विक्रेता जिला रोहतास ने भाग लिया। जिला कृषि पदाधिकारी रोहतास द्वारा खरीफ मौसम में लगाये जाने वाले फसलों के लिए उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन पावर प्वाईंट प्रेजेन्टेंसन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया जिसमें वर्ष 2025-26 में जिले में खरीफ मौसम में सभी उर्वरक आवश्यकता के विरूद्ध पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है तथा निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जा रही है जिस पर जिला पदाधिकारी रोहतास द्वारा सभी थोक उर्वरक बिक्रेताओं को स्पष्ट निदेश दिया गया कि किसानों के बीच खासकर यूरिया एवं डी0ए0पी0 उर्वरक की कमी होने या न होने से संबंधित अफवाहें अथवा भ्रामक जानकारी नहीं फैलायें तथा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिक्री करने का स्पष्ट निदेश दिया गया तथा उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापामारी कर जमाखोरी, कालाबाजारी करने एवं अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी रोहतास द्वारा बताया गया कि उर्वरक से संबंधित शिकायत हेतु जिला स्तर पर जिला उर्वरक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका मोबाईल नं 9471458498 है। किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर पर 06184-226072 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

योग जीवन का प्राकृतिक आरोग्य : आनंद सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर डिहरी में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया जिसमें योग शिक्षक के मागदर्शन में विद्यालय के निदेशक, प्रधानाचार्य, शिक्षक -शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं एवं संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन को प्रकृति के साथ जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग जीवन की प्राकृतिक आरोग्य विधि है जिसका प्रतिदिन हमें अपने जीवन में अनुपालन करना चाहिए। योग शिक्षक के द्वारा विभिन्न प्राणायाम तथा योग आसनों जैसे अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया गया एवं प्राकृतिक आरोग्यता हम कैसे प्राप्त करेंगे उसके बारे में विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन समुचित समय निकाल कर प्रत्येक विद्यार्थी को योग करना चाहिए जिससे एकाग्रता, बुद्धि कौशल, याददाश्त बढ़ती है तथा शरीर निरोग बना रहता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह, पी एल शर्मा उप प्रधानाचार्य रविशंकर श्रीवास्तव, संगीत शिक्षक बदल गुरु, शिक्षक अमित कुमार, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर में भाग लिया।

नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार की एनएसएस इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मल्टीपरपज हाल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह और परीक्षा नियंत्रक प्रो. डॉ. कुमार आलोक प्रताप सिंह भी अन्य लोगों के साथ उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों में डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. सुबोध कुमार और मिस पूजा कार्यक्रम में शामिल रही। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक वेदांत कुमार प्रजापति और एनएसएस समन्वयक डॉ. धनंजय और डॉ. संदीप मौर्य उपस्थित रहे। इसके अलावा समस्त विभाग के डीन, प्रिंसिपल और छात्र उपस्थित रहे। योग की शुरुआत योग के परिचयात्मक सत्र से की गई और उसके बाद विभिन्न प्रकार के योगासन किए गए। प्राणायाम के बाद शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन किया गया।

सूरज हत्याकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

प्रेम प्रसंग को ले हत्या कर शव को कूआं में फेंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

विक्रमगंज। रोहतास जिले के बिक्रमगंज पुलिस ने 8 जून को हत्या कर नोनहर आमापोखर बाधार के बीच एक कुआं में फेंके गए सूरज कुमार के हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया है। यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा था। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया और दो विधि विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस कांड के सफल उद्भेदन के लिए बिक्रमगंज के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें बिक्रमगंज और सूर्यपुरा के थानाध्यक्ष एवं तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम को भी शामिल किया गया। टीम ने तकनिकी अनुसंधान के आधार पर इस काण्ड में संदिग्ध धनगाई के एक विधि-विरूद्ध बालक को निरूद्ध कर उनसे पूछताछ की तो उसने इस काण्ड का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक सूरज कुमार का प्रेम-प्रसंग निरूद्ध किये गये विधि-विरूद्ध बालक के चचेरी बहन से चल रहा था। बालक ने बताया कि मृतक का उसकी चचेरी बहन से बातचीत करना एवं मिलना जुलना उसे अच्छा नहीं लग रहा था जिसके कारण उसने अपने चार अन्य दोस्तों के साथ मिलकर सूरज कुमार की हत्या की योजना बनाई गई और 03 जून को धोखे से खाने-पीने के बहाने सूरज को नोनहर के बाधार में बुलाया और उसका गला दबाकर हत्या कर शव को वहीं बगल में स्थित एक कुएं में फेंक दिया गया। पुलिस ने उसके निशानदेही पर काण्ड में संलिप्त धनगाई निवासी देवेन्द्र राम के पुत्र उमेश कुमार उर्फ पवन एवं सुग्रीव राम के पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया है तथा इस काण्ड में संलिप्त दो अन्य विधि-विरूद्ध बालक को धनगाई से ही निरूद्ध किया गया है। बता दें कि 3 जून से सूरज लापता था और 8 जून को उसका शव बरामद हुआ था। उसकी मां मीरा कुंवर ने प्राथमिकी कराई थी। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि इस काण्ड के सफल उद्भेदन में शामिल टीम के सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

बस्तीपुर कब्रिस्तान का लेखा-जोखा मांगने पर हाथापाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी के तारबंगला बीएमपी रोड पर स्थित कब्रिस्तान के हिसाब का मामला इन दिनों चर्चा में है। इस कब्रिस्तान के रख रखाव का खर्च लोगों के चंदा पर ही चलता है। लिए गए चंदा वसूली का लेखा-जोखा सही-सही नहीं देने का आरोप पहले के कब्रिस्तान कमिटी के सदर महमूद आलम ने लगाया है। सही-सही कब्रिस्तान का लेखा नहीं देने पर जावेद अनवर, पड्डू अंसारी, जलील अंसारी और एजाज अंसारी सब मिलकर सदर महमूद आलम को मारने और गाली देने का आवेदन अनुमंडल दंडाधिकारी डिहरी को 5 जून 2025 को दिया है। इनका कहना है कि सन 2023 में मुझे बस्तीपुर कब्रिस्तान का सदर चुना गया था। इसके सचिव जावेद अनवर और कैशियर पड्डू अंसारी बने थे। सहयोग राशि का सालाना हिसाब 2023 से 2025 तक बकाया है। बीते तीन साल का हिसाब 3,83,275 रूपये दिया गया जबकि इस राशि में से 2 47 748 रूपये खर्च बताया गया है। सदर महमूद द्वारा खर्च का ब्यौरा मांगा तो सचिव और कैशियर भड़क गए। तब ये लोग यह कहते चले गए कि तफसील से हिसाब नहीं देंगे। ज्यादा बोले तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। कब्रिस्तान मामले में कुर्बान अंसारी बताते हैं कि अवाम का चन्दा है तो इनको हिसाब देने में क्या परेशानी है? ये लोग गाली-गलौज और मारने -पीटने की बात क्यों करने लगते हैं।

आज के समय में योग अति महत्वपूर्ण : सत्यनारायण यादव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर भाजपा के बैनर तले पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण यादव के नेतृत्व में एनीकट इको पार्क में योग गुरु भगवान सोनी द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के उपरांत उपस्थित लोगों के बीच फुला हुआ चना, मूंग व गुड़ का वितरण किया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि आज के समय में योग अति महत्वपूर्ण हो गया है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिदिन योग करते हैं और हम सब को योग करने के लिए प्रेरित भी करते हैं, उन्हीं की देन है कि आज योग दिवस विश्व के हर हिस्से में मनाया जा रहा है। उक्त अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता कुंवर सिंह, प्यारेलाल ओझा, पप्पू सिंह, अखिलेश कुमार हीरो, आरएसएस के विभाग प्रचारक बिजेंदर जी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष उपेंद्र मिश्र, चन्द्रगुप्त मेहरा, मुकेश पांडेय, शकुंतला सिंह, रिया कुमारी, सुरभि कुमारी, निशु कुमारी, रौशनी कुमारी, सोनी कुमारी, विधिक संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, विनोद पासवान, संजय गुप्ता, जितेंद्र यादव, राजू कश्यप, बेचन पासवान, दिनेश गुप्ता, नंद गोपाल यादव, धीरज कुशवाहा, कालेन्द्र गुप्ता, संजय शर्मा, कामेश्वर यादव, राम प्रसाद कुशवाहा, संतोष गुप्ता, दिलीप गुप्ता, उमेश यादव, चंदन गुप्ता, अमित गुप्ता आदि उपस्थित थे।

निःशुल्क पाठशाला में बच्चों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



तिलौथू (रोहतास)। स्थानीय स्वर्णकार गली स्थित निःशुल्क पाठशाला में 11वीं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर तन, मन और आत्मा को जाग्रत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पाठशाला के संचालक सत्यानंद कुमार ने कहा कि योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनभर की साधना है। यदि बचपन से ही योग को जीवन में अपनाया जाए तो आने वाली पीढ़ी शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से मजबूत होगी। योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं सूर्य नमस्कार से हुई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न योगासन का अभ्यास किया। बच्चों ने यह संदेश दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है जो जीवन जीने की एक संपूर्ण कला है। योग सत्र के समापन पर सभी बच्चों को योगगुरु स्वामी रामदेव जी द्वारा प्रदत्त विशेष योग संदेश एवं योग पुस्तक भेंट स्वरूप दी गई। यह पुस्तिका बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि उन्हें प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित भी करेगी। इसके अतिरिक्त कुछ चयनित बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधे भेंट किए गए, ताकि वे इस दिन को हमेशा याद रखें और प्रकृति से जुड़ाव को और गहरा करें।

रोहतास महिला कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सासाराम। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रोहतास महिला कॉलेज, सासाराम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य की अध्यक्षता में हुआ जिसमें कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान गृह विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं आईक्यूएसी संयोजक डॉ. अमरजीत कुमार ने सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास कराया जिसमें विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास शामिल रहा। इस अवसर पर प्राचार्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने योग सत्र के आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। सभी प्रतिभागियों ने योग के लाभों को समझा और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सासाराम स्थित किस्ना ज्वेलर्स के द्वारा बच्चों को योग दिवस के अवसर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक डॉ. गिरिजा उरांव, डॉ. प्रदीप कुमार रॉय, डॉ. विजय शंकर सिन्हा, डॉ. शमशेर आलम, डॉ. आनन्द, डॉ. प्रिया, डॉ. शशि बाला, डॉ. आनंद त्रिपाठी, डॉ. मासूमा, डॉ. छाया, डॉ. सत्यजीत सारंग, डॉ. फैज इसके साथ जी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में अनिल झा, लाल सिंह, संजीव, डॉ. कुमुद रंजन, मनीष, राजेश्वर राम,

---

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
दूरभाष (मो०) सं०- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0– 75 अन्तर्गत मौजा– सिंगराहा कला, थाना– सदर मेदिनीनगर, थाना नं0– 195 पत्रांक– **586(B)**/भू0अ0, दिनांक– 11.06.2025

क्र0 स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	सिंगराहा कला	164	1064	रैयती	टांड़–3	0.0141	1	मिथलेश सिंह, विमलेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, पिता रामेश्वर सिंह, महेश्वर सिंह, पिता कन्हाई सिंह	
2			1073	रैयती	टांड़–3	0.0084	2	सत्यनारायण सिंह, पिता कमला प्रसाद सिंह	
					कुल	**0.0225**			

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | PR 355691 Palamu (25-26)_D | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू-अर्जन शाखा)
दूरभाष (मो०) सं०–8987263405 Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–पण्डवा, थाना–पण्डवा, थाना नं0–198
पत्रांक–**585(B)**/भू0अ0, दिनांक–11.06.2025

क्र0स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	पण्डवा		1206/P	बकास्त	मकान मय सहन	0.1266	1	अनील महतो, पिता श्याम बिहारी महतो	
2			1206	बकास्त	मकान मय सहन	0.1267	2	जय प्रकाश महतो, पिता श्याम बिहारी महतो	
3			1206/2P	बकास्त	मकान मय सहन	0.1266	3	श्रवण महतो, पिता श्याम बिहारी महतो	
					कुल	**0.3799**			

PR.NO.355708 Palamu(25-26):D | कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
दूरभाष (मो०) सं०- (जिला भू-अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

KHATIAN AND VALUATION STATEMENT
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–गुरी, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–84
पत्रांक–**584(C)**/भू0अ0, दिनांक–11.06.2025

क्र0स0	ग्राम का नाम	खाता	प्लॉट	भूमि का प्रकार	भूमि का किस्म	अर्जित भूमि एकड़ में	क्रमांक एवार्ड	एवार्डधारी का नाम पिता के साथ	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	गुरी	29	809/2	रैयती	टांड़–2	0.0116	1	कृष्णा तिवारी, पिता कामेश्वर तिवारी	
2		29	809/1	रैयती	टांड़–2	0.0049	2	गीता देवी, पति नारद प्रसाद	
					कुल	**0.0165**			

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | PR 355706 Palamu (25-26)_D | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

योग को रोजमर्रा की आदत बनाएं : विवेक ठाकुर

'फिट इंडिया, वोट इंडिया' थीम के साथ विशेष योग एवं मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

सांसद विवेक ठाकुर ने किया उद्घाटन, नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली व लोकतंत्र के प्रति जागरूक बनने का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर शुक्रवार को हरिशचंद्र स्टेडियम स्थित खेल भवन-सह-व्यायामशाला परिसर में जिला प्रशासन, नवादा के तत्वावधान में विशेष योग सत्र एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत हुआ, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ-साथ लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय सांसद विवेक ठाकुर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने योग को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए कहा कि योग तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है।





आज जब पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है, ऐसे में यह आवश्यक है कि हम योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि उसे रोजमर्रा की आदत बनाएं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बसंती देवी, भाजपा नेता रंजीत प्रसाद यादव, रवि गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, अजीत शंकर, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विजय शंकर पाठक ने किया।

इस वर्ष कार्यक्रम की थीम रही

फिट इंडिया, वोट इंडिया, योग से जीवन, मतदान से लोकतंत्र, स्वस्थ नागरिक, सजग मतदाता। यह थीम नागरिकों को न सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश देती है, बल्कि उन्हें अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करती है। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न आसनों एवं प्राणायामों का अभ्यास कराया। इस दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार कराने व आगामी चुनाव में मतदान के महत्व को लेकर प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षक, जीविका दीदी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व आम नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई। अंत में उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं आगामी चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई।

उप विकास आयुक्त ने जीविका दीदी को सौंपा निबंधन प्रमाण पत्र

संकुल स्तरीय संघ को मिली वैधानिक मान्यता, अब सरकारी योजनाओं से सीधे जुड़ सकेंगी जीविका समूह की महिलाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी ने संकुल स्तरीय संघ की जीविका दीदी को निबंधन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निबंधन के बाद अब संकुल स्तरीय संघ को एक स्वतंत्र, संगठित एवं वैधानिक संस्था के रूप में कार्य करने की मान्यता मिल गई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं में भागीदारी, वित्तीय सहायता प्राप्त करने और शासन व्यवस्था में सक्रिय योगदान का अवसर मिलेगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जीविका के



अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संघों का निबंधन बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के तहत किया जा रहा है। नवादा जिले में अब तक 39 संकुल स्तरीय संघों का गठन किया जा चुका है, जिनमें से 13 का निबंधन पूर्व में हो चुका था। शेष 26 योग्य संघों में से 23 का निबंधन पूर्ण कर लिया गया है, जबकि बचे हुए 3 संघों का निबंधन उनकी गठन तिथि के एक वर्ष पूरे होने के बाद प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में गोपनीय शाखा के प्रभारी पदाधिकारी राजीव कुमार, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक धीरज कुमार, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी, प्रशिक्षण पदाधिकारी बिनोद कुमार सहित कई अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित रहीं। इस उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं के नेतृत्व और भागीदारी को मजबूती मिलेगी।

24 घंटे में 48 फरार अपराधी गिरफ्तार भारी मात्रा में नकदी और शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसी कड़ी में नवादा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 20 जून 2025 को चलाए गए विशेष अभियान में 24 घंटे के भीतर कुल 48 फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित मामलों में 2, साइबर अपराध के 3, मद्य निषेध कानून के तहत 6, तथा अन्य मामलों में 37 गिरफ्तारियां शामिल हैं। साथ ही 111 लीटर महुआ शराब भी बरामद की गई है। एसपी ने बताया कि इस दौरान 64 वारंटों का निष्पादन किया गया, वहीं तीन कुर्की की कार्रवाई भी पूरी की गई। वाहन जांच अभियान के तहत 265 वाहनों की जांच की गई, जिससे 71,000 का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने अन्य मामलों की कार्रवाई के तहत बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है, जिसमें 21,62,000 नकद, 1 अपहृता, 8 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 1 चेकबुक और 2 आधार कार्ड शामिल हैं। एसपी धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस अपराधियों को पकड़ने और उन्हें सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपराध कर फरार रहने वाले या अन्य जिलों में जाकर छिपने वाले अपराधियों के खिलाफ भी लगातार आसूचना एकत्र कर सघन कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने इस कार्रवाई को नवादा पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि बताया।

फल्गु नदी में जल स्तर कमा, होने लगी गांव की स्थित सामान्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। फल्गु नदी का जल स्तर अचानक बढ़ जाने के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। एकंगरसराय प्रखड के केशोपुर गांव समीप तटबंध टूटा जिससे दर्जनों गांव के खेतों में पानी फैल गया था। सबसे भयावह स्थित प्रखड के मंडाछ पंचायत के बेलदार बीघा के समीप फल्गु नदी में तटबन्ध टूट गया था जिससे बेलदार बीघा के घरों में पानी घुस गया था। जल स्तर तेजी से घट रहा है। युद्ध स्तर पर बांध बाधने का कार्य शुरू की गई। एकंगरसराय के बेलदार बीघा में एकंगरसराय सीओ विवेक कुमार बेलदार बीघा में कैम्प किये हुए है। गांव में जल स्तर कमा है अधिकांश घर से पानी निकल गया है। लेकिन कई गलियों में पानी अभी भी है। बेलदार बीघा गांव के लोगो के लिए नास्ते में चूड़ा, गुड़ आदि दिए गए। सामुदायिक रसोई के माध्यम से चाबल, दाल, सब्जी आदि खाने की व्यवस्था बेलदार बीघा गांव के लोगो के लिए की गई है लेकिन शनिवार दोपहर होने को है मवेशी के लिए अभी तक चारा उपलब्ध सरकार द्वारा नही कराया गया है। बेलदार बीघा में सबसे बड़ी समस्या पीने का पानी को है। गांव के कई चापाकल खराब पड़े है। बाढ़ आने से दो दिनों से बिजली बाधित है,जिससे नलजल योजना बंद है। जिससे पानी की घोर किल्लत हो गई है। बेलदार बीघा की जो सड़के क्षतिग्रस्त की गई थी उसे तत्काल मरम्मत कर सड़क चालू करा दी गई है। टूटे तटबंध बांधने का कार्य शुरू की गई है। मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश चंद्रा, कनीय अभियंता शशिरंजन कुमार के देख रेख में टूटे तटबन्ध बांधने का का युद्ध स्तर पर कराई जा रही है। इस संबंध में बेलदार बीघा गांवे निवासी समाजसेवी विनय कुमार ने बताया कि अभी भी लोग ऊंचे स्थान पर रह रहे है अधिकांश लोग छत पर रह रहे है।

रुक-रुक कर हो रही बारिश से किसानों में खुशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। सरमेरा प्रखंड क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही मानसूनी बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब अगहनी धान के बिछड़े खेतों में बुआई का काम तेजी से कर रहे हैं। कृषि कार्यों की रफ्तार बढ़ने से ग्रामीण अंचलों में उत्साह का माहौल है लेकिन दूसरी ओर, नगर पंचायत क्षेत्र के सरमेरा बाजार में बारिश ने लोगों की परेशानियों को भी बढ़ा दिया है। मुख्य सरमेरा ग्रामीण बाजार पथ पर जलजमाव की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों को जूते उतारकर पानी में चलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलनिकासी के पुराने पैन पर अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। नगर पंचायत द्वारा पहले ही एक बड़ा नाला बनाने की योजना पारित की जा चुकी है, लेकिन निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो सका है। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सनी कुमार और कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार ने जानकारी दी कि सरमेरा फाटक से थाना चौक तक करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बड़े नाले के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है।

जनता दरबार में सीओ ने निपटाए कई मामले



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी मनीष कुमार व थानाध्यक्ष दीपक कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में कुल पांच मामलों पर सुनवाई हुई, जिनमें चार मामलों का समाधान मौके पर दोनों पक्षों की सहमति से

एक मामले में जारी हुआ नोटिस अगली तिथि पर होगी सुनवाई

किया गया। अंचलाधिकारी ने बताया कि शेष एक मामले में नोटिस जारी करते हुए उसे अगली तिथि के लिए स्थगित किया गया है। जनता दरबार में संबंधित राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन सहित अन्य विभागीय कर्मी भी मौजूद रहे।

नियमित योग से निरोग जीवन का संदेश, विभिन्न संस्थानों पर सामूहिक अभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को नवादा जिले के पकरीबरावां और कौआकोल प्रखंडों में विभिन्न संस्थानों, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, छात्रों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की व्यापक भागीदारी रही। पकरीबरावां प्रखंड के कृषक महाविद्यालय, धेवधा में प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. कुमार ने कहा कि नियमित योग से शरीर स्वस्थ रहता है, यह तन और मन दोनों को



संतुलित करता है। महंत रामधनपुरी इंटर विद्यालय, बुधौली में भी योग दिवस पर प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में बच्चों एवं शिक्षकों ने योगाभ्यास किया। उन्होंने कहा कि योग हर आयु वर्ग के लिए लाभकारी है और विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक है वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्दर पासवान के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी योगाभ्यास कराया गया।

कौआकोल में दर्जनों स्थानों पर योग

कौआकोल प्रखंड में भी योग दिवस को लेकर उत्साह देखा गया। कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मंडल राजेंद्र भवन में योग प्रशिक्षक सूर्यकांत प्रसाद निराला व प्रफुल्ल कुमार की देखरेख में योग कराया गया। कौआकोल ब्लॉक कार्यालय परिसर और गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर में योग गुरु योगी त्यागनाथ ने योग की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार, सीओ मनीष कुमार, केवीके के प्रमुख डॉ. जयवंत कुमार सिंह, डॉ. भारत भूषण शर्मा, रविकांत चौबे, डॉ. शशांक शेखर सिंह, सुमिता रंजन, गिरिजा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य मुकेश कुमार समेत कई लोगों ने भाग लिया। सभी को अनुलोम-विलोम, कपालभाति जैसे प्राणायामों और विभिन्न आसनों की जानकारी दी गई।



कन्हाई इंटर विद्यालय में भव्य आयोजन

इधर, कन्हाई इंटर विद्यालय में अनिरुद्ध अनोखी योगशाला के तत्वावधान में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. राजकिशोर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच संचालन सुनील कुमार (संत निरंकारी मिशन) ने किया। इस अवसर पर राजेश्वर प्रसाद (राजश्री बैडमिंटन टीम), बसंत प्रसाद (केशव कपूर मेमोरियल हॉस्पिटल), राजेंद्र कुशवाहा (रलोसपा जिला अध्यक्ष) समेत कई अतिथि मौजूद रहे।

सखी वन स्टॉप सेंटर में योगाभ्यास, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को 'सखी वन स्टॉप सेंटर' नवादा परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के तहत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं सखी वन स्टॉप सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' रखी गई है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को योग के महत्व से अवगत कराना और उसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष की बच्चियों, 21 से 35 वर्ष की महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं ने योगाभ्यास किया। प्रतिभागियों को योग के आठ अंग – यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि – की जानकारी दी गई। साथ ही योग से होने वाले लाभ जैसे मानसिक शांति, शारीरिक लचीलापन, तनाव नियंत्रण और संतुलन क्षमता में सुधार पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक अनुग्रह प्रसाद तिग्गा, सखी केंद्र प्रशासक राज कुमारी, जिला समन्वयक हेना तबस्सुम व अविनाश कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ मयंक प्रियदर्शी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमन कुमार, लेखा सहायक निशि, एमटीएस राहुल कुमार राज और विक्की कुमार समेत कई कर्मी मौजूद रहे।

26 जून को सोखोदेवरा आश्रम में कौशल समर्थकों का महाजुटान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कौआकोल। प्रखंड के ऐतिहासिक जेपी आश्रम, सोखोदेवरा में आगामी 26 जून को पूर्व विधायक कौशल यादव के समर्थन में एक महाजुटान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कौशल यादव के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य सलमान रागीव मुन्ना, जिले भर से सैकड़ों वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के अलावा हजारों कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना है। इस संदर्भ में शनिवार को प्रखंड के सरौनी गांव में एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव ने की।

जिला न्यायालय परिसर में हुआ सामूहिक योग, न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा के तत्वावधान में शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में एक विशेष योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नवादा, श्री आशुतोष कुमार झा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अवर न्यायाधीश तृतीय सह प्रभारी सचिव धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में



कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन तीन योग गुरुओं के संरक्षण में किया गया, जिन्होंने योग के वैज्ञानिक महत्व, पंचतत्वों से शरीर के संबंध और योग के माध्यम से मानसिक-शारीरिक संतुलन बनाए रखने की विधियों पर विस्तार से चर्चा की। योगगुरुओं ने बताया कि योग अपनाने वाला व्यक्ति न केवल रोगमुक्त रहता है, बल्कि एक संतुलित और सुखी जीवन की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी, पैनल अधिवक्ता, पारा विधिक स्वयंसेवक, एवं व्यवहार न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तृतीय व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने योगगुरुओं द्वारा बताए गए योगासनों की सामूहिक पुनरावृत्ति कर योगाभ्यास किया। योगगुरु विकास, आनंद और योगी जी ने कार्यक्रम को योग की गहराई से जोड़ते हुए प्रभावी नेतृत्व किया।इसके अतिरिक्त, मंडल कारा और किशोर न्याय परिषद, नवादा में भी समान रूप से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिससे बंदियों एवं किशोरों को भी योग के लाभ से अवगत कराया गया। यह आयोजन योग और विधिक सेवा के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिससे 'स्वस्थ तन और सजग मन' का संदेश न्यायिक परिवार एवं समाज तक पहुंचा।

शिक्षण संस्थानों में अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, योग्य से लाभ पर भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह, सचिव डॉ. रविचंद्र कुमार, प्राचार्य उमेश कुमार, उपप्राचार्या ज्योति मेहता, अजीत कुमार, दीपक कुमार एवं अन्य शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। शारीरिक प्रशिक्षण शिक्षक ऋषिकेश कुमार, रश्मि रानी, रोशन कुमार, श्यामा परवीन, रेणु कुमारी, ज्योति



कुमारी के निर्देशन में छात्रों ने शारीरिक शिक्षा का विशेष जानकारी प्राप्त की। योग प्रशिक्षण का लाभ और उससे होने वाले फायदे के बारे में जानकारियां हासिल की। डॉ. रविचंद कुमार ने कहा कि योग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस योग के माध्यम से सम्पूर्ण शारीरिक विकास किया जा सकता है। योग करने से हमारी शारीरिक क्षमता और मानसिक विकास दोनों में वृद्धि होता है। अध्यक्ष रंजीत प्रसाद सिंह ने कहा कि योग जीवन के लिए अति आवश्यक है। यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिक्षक चंद्रभूषण शर्मा, सभ्यता चामलिंग, ममता कुमारी, साक्षी सिन्हा, स्वेता सिंहा, राजीव कुमार सिंह, रेणु कुमारी, विवेकानंद पांडेय आदि सहित छात्र-छात्राओं ने योग का अभ्यास किया। दुसरी ओर ब्रिलिएंट ग्रुप के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के योग शिक्षक पवन कुमार एवं रंजय सिंह ने बच्चों को योग के तौर पर सूर्य नमस्कार से लेकर कई एक प्रकार के योग करवाकर उसे अपने दिनचर्या में लाने की सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्या डॉ. पुष्पलता विद्यार्थी ने कहा कि योग क्रिया में मस्तिष्क को तनाव रहित या शांत रखने में मेडिटेशन की प्रमुख भूमिका है। इसलिए योग निसंदेश सामग्र मानवता के स्वास्थ्य के लिए विश्व के मानव जाति के लिए भारत की सबसे बड़ी देन है। इस अवसर पर पवन कुमार, रंजय सिंह, किशोर कुमार पांडेय, विजय कुमार, मोहम्मद नाजिम, राजकुमार सिंह, एसके गांगुली, नाजिया खान, मिलन रानी एवं कई शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों के मनोबल को हौसला बढ़ाया।

छात्र-छात्राओं ने ली नशा मुक्ति की शपथ, 'बदलाव की शुरुआत अपने आप से' का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आईटीआई नवादा परिसर में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष योग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित गइघ्क्क्ट योजना के अंतर्गत, जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अमरनाथ कुमार ने की। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और नैतिक शुद्धि का माध्यम है। यह व्यक्ति को आत्मसंयम सिखाता है और नशे जैसी बुराइयों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर आईटीआई के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य कर्मियों को सामूहिक रूप से योगाभ्यास कराया गया और नशा उन्मूलन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। युवाओं को नशे से दूर रहने और अपने आसपास के वातावरण को भी नशा मुक्त बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा संकल्प शपथ, जिसमें छात्रों ने एकजुट होकर कहा कि बदलाव की शुरुआत अपने आप से होनी चाहिए। हम न केवल स्वयं, बल्कि अपने परिवार, मित्र और समुदाय को भी नशामुक्त बनाएंगे। नवादा को नशामुक्त बनाने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। जय हिन्द! इस प्रेरणादायक शपथ ने माहौल को जागरूकता और प्रतिबद्धता से भर दिया। कार्यक्रम में आईटीआई के प्रिंसिपल, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

स्टेशन परिसर से लेकर खेल भवन और पतंजलि केंद्र तक योग के रंग में रंगा नवादा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, नवादा द्वारा पुराने स्टेशन परिसर में आमजन एवं कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने किया। उन्होंने योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और ब्रह्मांड के बीच एकता का माध्यम है। यह मन, शरीर, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के परस्पर संबंध को रेखांकित करती है, जो भारतीय दर्शन 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को साकार करती है। इस योग सत्र में पूर्व जिलाध्यक्ष शशि भूषण उर्फ बबलू, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अजीत शंकर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष माधुरी वर्णवाल, सुधीर सिंह, मनोज कुमार, पंकज नारायण गुप्ता, राजेश कुमार आर्य, सीमा कुमारी समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

खेल भवन में 155 साधकों ने किया प्रातः योग अभ्यास

दूसरी ओर, हरिश्चंद्र स्टेडियम स्थित खेल भवन में शनिवार की सुबह 155 योग साधकों ने प्रोटोकॉल योग अभ्यास में भाग लिया। इसमें 100 पुरुष, 55 महिलाएं, और 13 युवा साधक शामिल रहे। 45 मिनट के योग सत्र के पश्चात सभी प्रतिभागियों को हरा मूंग, चना, किशमिश और बादाम वितरित किए गए। यहां बीते एक वर्ष से प्रतिदिन प्रातः 4:30 बजे से 6:00 बजे तक नियमित रूप से योग सत्र आयोजित किया जा रहा है। आज के योग दिवस कार्यक्रम में आनंद किशोर, शैलेश कुमार, सुबोध प्रसाद, पूजा सिन्हा, प्रियंका कुमारी, डॉ. विवेकानंद सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। पतंजलि योगपीठ की ओर से अभिवरण पैलेस, नवादा में भी योग दिवस मनाया गया, जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक सत्येंद्र प्रसाद एवं रिंकी बरनवाल ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम की विधियों के साथ उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के कैलाश विश्वकर्मा और बजरंग दल के जितेंद्र प्रताप जीतू सहित अन्य स्थानीय सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इन आयोजनों ने यह साबित कर दिया कि योग अब केवल स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि जनभागीदारी और जागरूकता का प्रतीक बन चुका है। योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की दिशा में नवादा ने आज एक और सार्थक कदम बढ़ाया।

डीएम ने समय पर मौजूद रहने के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। जिला में आमजन को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं तथा योजनाओं का हाल जानने जिलाधिकारी द्वारा शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की रिव्यू मीटिंग की गयी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित रिव्यू मीटिंग के दौरान विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं में हुई उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गयी। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद, डीपीएम नीलेश कुमार सहित वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी मौजूद रहे। डीपीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं तथा आधारभूत संरचनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर मिलने वाली सुविधाओं, एसएनसीयू सहित बल्ड बैंक, एक्स रे, डायलिसिस, सीटी स्कैन तथा अन्य सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जून 2025 में भाव्या के माध्यम से कई स्वास्थ्य केंद्रों पर शत-प्रतिशत ओपीडी ऑनलाइन के माध्यम से इलाज किया गया है। जिला के सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर आवश्यक सभी दवाईयां मौजूद हैं। मुफ्त औषधि वाहन के माध्यम से दवा का वितरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक जांच की सुविधा मौजूद है। डीएम ने स्वास्थ्य पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने के लिए कहा। स्वास्थ्य पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सक समय पर उपस्थित रहें और इसका अनुश्रवण वरीय स्वास्थ्य पदाधिकारी अवश्य करें। कहा कि रोस्टर के अनुसार स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्सक स्वास्थ्य संस्थानों पर मौजूद रहें। नये रोस्टर बना कर इसे जिला को अग्रसरित करें और सिविल सर्जन द्वारा इसका अनुमोदन प्राप्त करें। रोस्टर को स्वास्थ्य संस्थानों में डिस्पले होना चाहिए ताकि आमजन को चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी मिल सके। सभी स्वास्थ्य संस्थानों पर आवश्यक दवाईयां मौजूद रहे और इसे सुनिश्चित किया जाये।

53 मामलों में 42 मामलों का ऑन स्पॉट निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वजीरगंज(गयाजी)। डॉक्टर अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के दलित महादलित टोलों में विकास शिविर का आयोजन कर सरकार के 22 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट दिया जा रहा है। इस योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, नली गली, बिजली कनेक्शन आदि शामिल है। शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के पुरा पंचायत के महादलित टोला प्रतापपुर में विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रमण बहादुर सिंह ने बताया कि महादलित टोला प्रतापपुर में विभिन्न विभागों से संबंधित 53 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 42 आवेदनों का मौके पर निष्पादन भी किया गया। उन्होंने बताया कि बिच्छा पंचायत एवं पुरा पंचायत के सभी महादलित टोलों में विकास शिविर लगाने का प्रभार मुझे मिला है जिसमें प्रत्येक सप्ताह इन दोनों पंचायतों के सभी महादलित टोलों में बारी-बारी से विकास शिविर लगाकर सभी 22 कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट दिया जा रहा है। इस मौके पर पंचायत सचिव सुजीत कुमार, विकास मित्र राज कुमार सहित सभी विभाग के पंचायत कर्मी और सैकड़ों महिला पुरुष लाभार्थी शामिल हुए।

दक्षिण पूर्व रेलवे ने उत्साहपूर्वक मनाया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



कोलकाता। दक्षिण पूर्व रेलवे ने शनिवार को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस वर्ष योग दिवस की थीम रही-'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' जिसके माध्यम से योग को वैश्विक स्वास्थ्य और शांति के साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यक्रम दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच के अधिकारी क्लब में आयोजित हुआ जहां महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलन कर योग सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। योग सत्र में 'द आर्ट ऑफ लिविंग, कोलकाता सेंटर' के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के तहत प्रतिभागियों को विभिन्न योग अभ्यास कराए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। योग अभ्यास के दौरान प्रशिक्षकों ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग न केवल तनाव और चिंता को कम करता है, बल्कि मानसिक शांति और शारीरिक सुदृढ़ता भी प्रदान करता है। नियमित योग अभ्यास से शरीर लचीला, सक्रिय और रोगों से लड़ने में सक्षम बनता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी चार मंडलों - खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी मनाया गया जहां मंडल स्तर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को योग के प्रति जागरूक किया गया। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा आयोजित यह आयोजन स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जीबीएम कॉलेज में लगा योग शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में कॉलेज की एनएसएस इकाई, सेहत केन्द्र, एनसीसी इकाई एवं विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को योग शिविर लगाया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी, विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी की योग शिक्षिका मीनाक्षी सेठ, सुनीता खांडवे, बबीता वर्णवाल, राजेश कुमार, कॉलेज की एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, जन संपर्क अधिकारी डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, परीक्षा प्रभारी डॉ प्यारे माँझी, डॉ. आशुतोष कुमार पांडेय, रौशन कुमार एवं अजीत कुमार के साथ कॉलेज की एनसीसी कैडेटों, स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्राओं ने विभिन्न व्यायाम, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति प्रणायाम, सूर्य नमस्कार, पद्मासन, भुजंगासन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, शलभासन, गरुड़ासन, शवासन जैसे योगासन किये। प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी ने छात्राओं को नियमित रूप से प्रतिदिन व्यायाम तथा योगाभ्यास करने कहा। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ शरीर के निवास होने की बात को सविस्तार समझाया। एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका ने इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित योगाभ्यास के फायदों को छात्राओं से साझा किया। डॉ रश्मि ने छात्राओं को प्रतिवर्ष 21 जून को मनाये जाने वाले विश्व संगीत दिवस का भी स्मरण दिलाया। कहा कि तन, मन और आत्मा को स्वस्थ, सक्रिय, एवं प्रसन्न रखने में ध्यान, प्राणायाम, योगासन एवं व्यायाम की तरह ही संगीत की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। योग शिविर में उगंती, रेशमा, लक्ष्मी, सिंकी, आकांक्षा, गीतांजलि, सोनाली, अनीषा, मुस्कान, जूही, संध्या, मुस्कान, सिमरन, पूनम, सलोनी, माया, श्वेता, अंजली, काजल, आराध्या, मनीषा आदि छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया।पीआरओ डॉ रश्मि ने बताया कि प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी एवं डॉ. प्रियंका के संरक्षण में महाविद्यालय की छात्राओं ने जयप्रकाश उद्यान बोधगया में आयोजित योग शिविर में भी भाग लिया।

प्रखण्ड कार्यालय परिसर में पेड़ गिरने से मार्ग बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखण्ड कार्यालय के परिसर में एक विशाल पेड़ गिरने से मनरेगा और किसान भवन का मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। यह घटना बीते 20 दिनों से अधिक समय पहले हुई थी, लेकिन अभी तक पेड़ को हटाया नहीं गया है जबकि इस मार्ग से सैकड़ों लोगों को नित्य दिन ऑफिसियल कार्य हेतु जाना - आना होता है जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 20 दिनों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी पेड़ को नहीं हटाया गया है जिससे लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह समस्या अभी तक हल नहीं हो पाई है।

नेवल कैडेट्स ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास, ग्रुप कमांडर ने बढ़ाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को गंगा तट स्थित गांधी घाट पर 01 बिहार नेवल यूनिट द्वारा भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो सौ से अधिक एनसीसी नेवल कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लेते हुए अनुशासन और समर्पण के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, पटना के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एस.पी. दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मनियंत्रण और जीवन अनुशासन का माध्यम है। उन्होंने युवाओं को योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम का संचालन 01 बिहार नेवल यूनिट के समादेशी पदाधिकारी कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हुआ। उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय जागरूकता अभियान की संज्ञा देते हुए कहा कि योग के प्रति युवाओं में रुचि और समझ विकसित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर कैडेट्स ने अपने अनुशासित आचरण से यह संदेश दिया कि देश सेवा केवल सीमाओं तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में योगदान देकर भी निभाई जा सकती है। आयोजन के माध्यम से 'एक भारत-स्वस्थ भारत' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया। कार्यक्रम में 01 बिहार नेवल यूनिट के ए.एन.ओ. डॉ. संजय कुमार सिंह, नेवल इंस्ट्रक्टर अमल यादव, प्रशिक्षक नीरज कुमार, राजू महतो, ओंकार, बाबुल कुमार, अवनीत कुमार, गोपाल कुमार सहित समस्त सिविलियन स्टाफ की उपस्थिति रही। यह आयोजन न केवल प्रेरणास्पद रहा, बल्कि भविष्य में युवाओं को स्वास्थ्य और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रेरित करने वाली एक सशक्त पहल के रूप में याद किया जाएगा।

29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने किया योगाभ्यास



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी एवं क्षेत्रक मुख्यालय, (वि. प्र.), सशस्त्र सीमा बल, गया जी (बिहार) द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल, गया जी (बिहार) के परिसर में योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मानवेन्द्र, उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय, (वि. प्र.), सशस्त्र सीमा बल, गयाजी (बिहार) के साथ अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी क्षेत्रक मुख्यालय, (वि. प्र.), सशस्त्र सीमा बल, गयाजी (बिहार), रविशंकर कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी, क्षेत्रक मुख्यालय, (वि. प्र.), सशस्त्र सीमा बल, गया जी (बिहार) एवं 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया जी के अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण एवं जवानों ने एक साथ मिलकर योग का अभ्यास किया।

रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बेलागंज (गया)। रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण छात्राएं उपस्थित हुए और विद्यालय प्रांगण में योग पर विस्तार से प्रधानाध्यापक में प्रकाश डाला। मोहम्मद अबरार आलम प्रधानाध्यापक ने बताया कि योग्य दिवस आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 11वीं बार मनाई जा रही है। यह योग की प्रक्रिया हमें मन मस्तिष्क से स्वस्थ करता है निरोग करता है। इसे अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन करने की आवश्यकता है। हर व्यक्ति को बच्चा जवान बूढ़ा सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग करना चाहिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। आज आपको योग की प्रक्रिया बताई जा रही है। परंतु आप लोगों से निवेदन है कि आप प्रतिदिन सुबह उठकर अपने घरों में योग करें और स्वस्थ रहें योग करने से शरीर की नस नाली मानसिक विकार शारीरिक क्षमता बढ़ जाती है यह एक शरीर के लिए स्वस्थ अभियान है। योग कार्यक्रम में शिक्षक दिलीप कुमार, अनिल कुमार, चंदन कुमार, राजेश कुमार, राजू कुमारी, अनामिका रानी और करीना कुमारी, रिजवान उल्ला, अनिल कुमार, पंपी कुमारी इत्यादि मौजूद थे।

मुखिया के नेतृत्व में योग कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



कोंच। गौहरपुर पंचायत के सिंदुआरी गांव में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अमृत सरोवर के किनारे मुखिया शिव कुमार चौहान के नेतृत्व में किया गया। योग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मुखिया शिव कुमार चौहान ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया। गौरतलब हो कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित करना है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, बल्कि यह मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया शिव कुमार चौहान और उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के महत्व को समझा। मौके पर पंचायत रोजगार सेवक नीति कुमारी, उप मुखिया महेश यादव, वार्ड सदस्य वाल्मीकि पासवान, विनय शर्मा, पंकज कुमार, कंचन यादव, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार रौशन, जयराम पासवान, अंचन प्रजापत, राज कुमार महतो, उमेश पासवान, बच्चू पासवान, पिंकू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी:जिला जज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गयाजी। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार शनिवार को व्यवहार न्यायालय गया परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक के नेतृत्व में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और न्यायालय कर्मचारियों ने योगा टीचर डॉक्टर चंद्रशेखर एवं सिद्धार्थ गौरव की टीम के देखरेख में योग शिविर में भाग लिया। जिला जज ने बताया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। योग का अभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखता है। इसलिये सभी लोगों को योग को जीवन में अंगीकार करने की आवश्यकता है।

पंचायत प्रतिनिधियों को भी दी जाए पेंशन : डॉ लालजी यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरारू। भाजपा के वरीय नेता सह गुरूआ विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार के प्रबल दावेदार डॉ लालजी यादव ने मुख्यमंत्री से पंचायत प्रतिनिधियों को भी पेंशन देने का मांग किया है। श्री यादव ने कहा कि वर्ष 2005 से सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण का प्रावधान किया गया। महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण का भी प्रावधान किया गया है। दो टर्म के बाद ऐसे लोगों को पुनः आरक्षण का लाभ नहीं मिल सका और चुनाव लड़ने से वंचित रह गए। कई ऐसे पूर्व पंचायत प्रतिनिधि हैं जिन्होंने ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन किया है और वर्तमान में वे एक-एक पैसे को मुहताज हैं। उन्हें कोई देखने वाला नहीं है। अतः सरकार को उन्हें आज सामाजिक सुरक्षा के तहत आजीवन पेंशन देने की आवश्यकता है। मैं मुख्यमंत्री से इस ओर संवेदना पूर्वक विचार करने की मांग करता हूं।

योगाभ्यास मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, पटना के निर्देशानुसार जयप्रकाश पार्क, बोधगया द्वारा आयोजित योग संगम कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के मंत्री जीतन राम मांझी योग संगम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने भी भाग लिया। प्रभारी-प्राचार्य डॉ अनंत कुमार सिन्हा ने सभी को अपना संदेश देते हुए कहा कि योगाभ्यास मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है एवं विद्यार्थियों को एकाग्रता के लिए नियमित योग करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राकेश राय और एनसीसी के ए.एन.ओ. डॉ धनंजय कुमार ने इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम का प्रारंभ संकल्प से हुआ जिसमें सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं एवं अपने परिवार के साथ नियमित रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवन शैली के रूप में आत्मसात करेंगे। इस अवसर पर डॉ अनामिका भगत, डॉ विनोद कुमार सिंह अर्थशास्त्र विभाग, डॉ मोहन सिंह मनोविज्ञान विभाग नागेंद्र प्रताप सहित विद्यार्थियों में रिया, प्रिया, शीतल, काजल, शीतल, राहुल, रिंकी,पंकज इत्यादि ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

कोर्ट नोटिस

न्यायालय में,
अवर न्यायाधीश, प्रथम
औरंगाबाद (बिहार)
बंटवारा वाद सं.-31/2019
बिकाश कुमार एवं अन्य वादीगण
बनाम
विश्वनाथ यादव एवं अन्य प्रतिवादीगण
अधिसूचना
बनाम

1- शिवमनी देवी पति विश्वनाथ यादव निवासी ग्राम- दुल्लाह बिगहा पो.- कैथी सिरो, थाना- गोह, जिला-औरंगाबाद (बिहार) वादी ने आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में उपरोक्त बंटवारा वाद लाया है। आपकी उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा नजारत के माध्यम से तथा निबंधित डाक द्वारा नोटिस भेजा गया है, परन्तु आप उक्त वाद में उपस्थित नहीं हो सके।

अतः बजरीये अधिसूचना आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 02.7.2025 को 10.00 बजे दिन में मेरे न्यायालय में आप स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी पक्ष रखें। अन्यथा आपके विरूद्ध वाद की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी। ताकिद जाने।

आज दिनांक 19.6 2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अवर न्यायाधीश प्रथम
औरंगाबाद (बिहार)

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

राजस्व जलकरों की खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के विभिन्न अंचल अन्तर्गत निम्नांकित जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 से 2027–28 तक तीन वर्षो (01/04/2025 से 31/03/2028 तक) के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है। **जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती 09/07/2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा।** बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल का राजस्व राशि एक मुश्त कार्यालय मे जमा करना होगा।

यदि समिति नीचे दिये गये जलकरों की बन्दोबस्ती लेना चहती है, तो दिनांक 07/07/2025 तक अपनी अहर्ता पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती प्राप्त कर सकती है।

अगर प्रथम तिथि 09/07/2025 को अपरिहार्य कारणवश खुला डाक नहीं होने पर **द्वितीय तिथि 16/07/2025, तृतीय तिथि 23/07/2025** को पूर्वाह्न 11:00बजे से खुले डाक से बन्दोबस्ती किया जायेगा। **अगर किसी जलकर की बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा उपरोक्त तिथि को नही हो पाती है तो उस स्थिति में सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को बन्दोबस्ती की जायेगी।**

क्र0	जलकर का नाम	खाता सं0	प्लाट सं0	रकबा (ए0 में)	जलक्षेत्र (ए0 में)	वार्षिक सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
			अंचल –चैनपुर				
1	खपिया मछली घाट	-	-	-	-	**6900.00**	
			अंचल –नावाबाजार				
2	कण्डा तालाब	-	-	1.00	0.81	**4255.00**	
3	रबदा तालाब	20	227	0.81	0.50	**5450.00**	
			अंचल –लेस्लीगंज				
4	कठौंधा तालाब	60	196, 197	0.32	0.25	**1900.00**	
5	अम्बा मछली घाट	1	75	2.4	1.60	**3000.00**	
6	लेस्लीगंज पीट तालाब	2	203	1.00	0.61	**4500.00**	
			अंचल – पाँकी				
7	डंडारकला तालाब	414	663, 667, 668	0.81	0.50	**3500.00**	
8	पाँकी बाजार तालाब	1	2373	0.41	0.36	**1600.00**	
9	चोरेया आहर	64	229	1.14	0.75	**3000.00**	
10	ताल तालाब	3, 33, 35, 36	168, 170, 171, 172, 173	1.94	1.00	**1500.00**	
11	सीरम तालाब	79	520	1.69	1.00	**10000.00**	
12	उचहरा तालाब	21	42	1.56	1.25	**5000.00**	
13	कामत तालाब	158	1383	2.32	1.50	**35500.00**	
14	पाँकी पईन तालाब	308	2845, 2475	0.4	0.14	**2600.00**	
15	मंगलपुर आहर	118	872	1.32	0.75	**3000.00**	
			अंचल –हरिहरगंज				
16	हरिहरगंज तालाब	300	1180	1.14	0.85	**5750.00**	
17	अररूआखुर्द तालाब	134	340	0.27	0.15	**2070.00**	
क्र0	जलकर का नाम	खाता सं0	प्लाट सं0	रकबा (ए0 में)	जलक्षेत्र (ए0 में)	वार्षिक सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
18	कुशहानाला बाँध	137, 138, 149	1314, 1307, 1275, 1276, 1303, 1315	8.78	8.00	**13000.00**	
			अंचल – पण्डवा				
19	बहेरा आहर	36	931	101.70	2.30	**16100.00**	
20	भूतहा आहर	93	368	2.25	1.00	**8970.00**	
21	विसैनसागर तालाब	42	269	3.16	2.10	**23805.00**	
22	भूसरा डैम	36	931	1.00	0.75	**20815.00**	
23	सरैया डैम	14	53	0.60	0.50	**5175.00**	
			अंचल – पाटन				
24	दिपौवा तालाब	1	552	0.60	0.45	**1800.00**	
25	सोले मछली घाट	-	-	10.00	7.00	**9200.00**	
26	उताकी चेक डैम	36	574	2.59	1.50	**6325.00**	
27	निमिया आहर	60	257	1.40	1.20	**5750.00**	
28	नगेसर डूब तालाब	62	336	3.16	3.00	**20000.00**	
29	बड़ा पोखर	01/76	79	2.50	2.00	**25000.00**	
30	काजीतर दोहर तालाब	159	556, 557	2.05	1.80	**5500.00**	
			अंचल – हुसैनाबाद				
31	छठ पोखर	171	79, 80	1.37	0.50	**2500.00**	
32	जुड़ी बाँध	32	84	6.00	5.00	**21000.00**	
33	डुमरहथ्था तालाब	75	382	1.14	0.80	**6900.00**	
			अंचल –छत्तरपुर				
34	खाटिन तालाब	88	517	1.50	0.40	**4600.00**	
35	करमाकला तालाब (आहर)	32	184	0.70	0.50	**13800.00**	
36	हेसला डैम	83, 1	565, 619	21.28	20.00	**28750.00**	
			अंचल – ऊँटारीरोड				
37	जोगा मछली घाट	200	227	8.10	5.00	**3450.00**	
38	मलवरिया मछली घाट	-	-	-	-	**3450.00**	
			अंचल – विश्रामपुर				
39	सिगसिगी मछली घाट	-	-	-	-	**2200.00**	
40	रक्साहा मछली घाट	-	-	-	-	**2200.00**	
			अंचल –तरहसी				
41	उदयपुरा डैम	-	-	26.00	20.00	**13500.00**	
42	छेछानी जलाशय	-	-	23.60	20.00	**13000.00**	
क्र0	जलकर का नाम	खाता सं0	प्लाट सं0	रकबा (ए0 में)	जलक्षेत्र (ए0 में)	वार्षिक सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8
			अंचल –पाण्डू				
43	कुटमू मछली घाट	-	-	7.00	5.50	**2300.00**	
			अंचल –मनातू				
44	झरिवा नाला	-	-	20.00	16.00	**11500.00**	

डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करना होगा। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड) लाना अनिवार्य होगा।
4. डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाकवक्ता को संबंधित एकरारनामा कराना अनिवार्य होगा एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाकवक्ता कोई कार्य नहीं करेंगें।
5. बन्दोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टाम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य होगा एवं इसके पश्चात् ही परवाना निर्गत किया जायेगा।
6. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
7. खुले डाक के दौरान कार्यालय कक्ष में मोबाईल फोन ऑफ रहेगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.355687 Fish(25-26):D

संपादकीय

आखिरकार मिलेगा प्रमोशन!

मप्र की डॉ. मोहन यादव सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को 9 साल बाद पदोन्नति देने का बड़ा और बहुप्रतीक्षित फैसला लिया है। इससे उन कर्मचारियों और अधिकारियों को काफी राहत मिलेगी, जो बरसों के प्रमोशन की आस में काम किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इससे राज्य सरकार के 2 लाख कर्मचारियों को लाभ होगा। बीते मंगलवार मोहन यादव कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी। बैठक के बाद नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इस फैसले से नई भर्ती के दरवाजे भी खुल जाएंगे। प्रमोशन में आरक्षित वर्ग की हिस्सेदारी को भी इसमें ध्यान में रखा गया है। प्रमोशन में किसी तरह की कानूनी तकलीफ नहीं आएगी, इसका भी पूरा ध्यान रखा गया है। डीपीसी के प्रावधान किए गए हैं। वरिष्ठता का ध्यान रखा गया है। किन हालात में लोकसेवक (पब्लिक सर्वेंट) अपात्र होगा, इसे भी स्पष्ट किया गया है। फैसले के पुनर्विलोकन के लिए रिव्यू डीपीसी की व्यवस्था भी की गई है। प्रमोशन कमेटी को सरकारी कर्मचारी-अधिकारी की उपयोगिता (यूटिलिटी) तय करने का अधिकार दिया गया है। हालांकि इस फैसले को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि नई प्रमोशन पॉलिसी में नया कुछ भी नहीं है। उनके मुताबिक नौ साल पहले जिन नियमों को हाईकोर्ट द्वारा निरस्त किया गया था, उसमें प्रमोशन में आरक्षण की जो व्यवस्था थी, लगभग वैसी ही व्यवस्था नए नियमों में भी कायम रखी गई है। एससी, एसटी संगठन अजाक्स नए नियमों के पक्ष में हैं, तो सामान्य ओबीसी का संगठन सपाक्स इसका विरोध कर रहा है। फिर से अदालत में जाने की बातें हो रही हैं। जबकि प्रमोशन में रिजर्वेशन के पुराने नियम अभी भी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं। प्रमोशन में समानता के जिस सिद्धांत को मनाते हुए अदालत में पुराने नियमों को खारिज किया था, नए नियमों को उस पर ही खरा साबित होना है। नए नियम भी अदालत की चौखट पर पहुंचेंगे। और इसे समानता के सिद्धांत पर कसा जाएगा। यह भी कहा जा रहा है कि सबसे पहले मंत्रालय के कर्मचारी पदोन्नत होंगे। डेढ़ साल में दो पदोन्नतियां देने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। पदोन्नति नियम एक सप्ताह में अधिसूचित कर लागू कर दिए जाएंगे। एससी/एसटी वर्ग को प्रमोशन में 36 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। बाकी पद सामान्य श्रेणी के होंगे। इसके अलावा वर्ष 2016 से 2025 के बीच पदोन्नति दिए जाने को लेकर सरकार के फार्मूले में कोई फैसला नहीं लिया गया है न ही रिटायर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों के मामले में कोई फैसला नहीं किया गया है। दरअसल पूर्व की शिवराज सरकार द्वारा पदोन्नति में भी राजनीतिक लाभ ढूंढने की नीति के कारण हजारों कर्मचारी बिना प्रमोशन रिटायर हो गए। इसका जिम्मेदार कौन है। इधर अनुभवी कर्मचारी बिना पदोन्नति रिटायर होते गए और नई भर्तियां नहीं हो नहीं रहीं। ऐसे सरकारी मशीनरी के कामकाज और गुणवत्ता का बहुत विपरीत प्रभाव पड़ा है। शिवराज सरकार चाहती तो अन्य राज्य सरकारों की तरह अस्थायी पदोन्नति देकर मामले को सुलझा सकती थी। लेकिन उसे और उलझाया गया। सरकार कह सकती थी कि चूंकि मामला कोर्ट में है, इसलिए कोर्ट का फैसला अंतिम रूप से मान्य होगा, लेकिन तब तक पूर्व नियमों के हिसाब से पदोन्नति दी जा रही है। पदोन्नति के साथ आरक्षण का पेंच फंसाया गया। यहां तक कि तत्कालीन सरकार पदोन्नति को लेकर इतनी अगंभीर रही कि सरकारी कर्मचारियों को लेकर तत्कालीन सीएम की एक टिप्पणी भाजपा को विधानसभा चुनावों में भारी पड़ गई और पार्टी बहुमत से दूर रह गई। बहरहाल अच्छी बात यह है कि सरकार ने प्रमोशन देने का निर्णय कर लिया है। इससे कुछ तो फायदा होगा।

युद्ध व संघर्ष से तार-तार मानवाधिकार

दुनिया के विशेषज्ञ व संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का एक स्वर में मानना है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिन्ताओं का समाधान करने का सबसे बेहतर और एकमात्र रास्ता अब भी कूटनीति ही है। लेकिन यह समाधान ईरान मान ले तब न। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय द्वारा एक नया आंकड़ा जारी हुआ है। नए आंकड़ों के अनुसार, 2024 में संघर्ष में नागरिकों की मृत्यु वैश्विक स्तर पर चालीस फीसद बढ़ जाएगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि व्यापक और जटिल भेदभाव जारी है। मानवाधिकार रक्षकों के साथ लगातार जघन्य हिंसा हो रही है। घातक निशाना बनाए जाने का भी पता चलता है। मानवाधिकार रक्षकों की ही स्थिति अगर ठीक नहीं है तो यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि वास्तविकता स्थानीय स्तर पर क्या है।

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



अब ईरान व इसराइल दोनों युद्ध के मोड में आ गए हैं। विभिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्र से एक-दूसरे पर टूट पड़ने की स्थिति बनी है। इसमें आम नागरिक बहुत बुरी दशा में हैं। यह संघर्ष नहीं है, यह महासमर की स्थिति है। बहुत से देशों में ऐसे संघर्ष हैं और सभी अपने हित व संप्रभुता की दुहाई देकर लड़ रहे हैं। ईरान व इसराइल की लड़ाई जिस मुद्दे को लेकर है जिसका समाधान एंतोनियो गुटेरेस कूटनीति बता रहे हैं, वह पेंचीदा है। इसे ईरान पेंच मान रहा है। स्थायी समाधान का नाम देकर इसराइल व उसके समर्थक युद्ध इसका विकल्प मान रहे हैं। यह एक संक्रमण काल है जब कोई ऐसा मंच दुनिया में नहीं है जो समाधान की ओर युद्धरत देशों को ले जाए।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय द्वारा हताहतों की संख्या इस वर्ष 2024 में ही 48 हज़ार से अधिक व्यक्तियों की बताई जा गयी है। यूएन-ओएचसीएचआर का दावा है कि इनमें से अधिकांश आम नागरिक मारे गए हैं। पिछले वर्ष तो मारे गए 502 मानवाधिकार रक्षक थे। यह वर्ष भी मानवाधिकार रक्षकों के लिए कुछ ठीक नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क का मानना है कि हर आँकड़े के पीछे एक कहानी है। हर डेटा बिंदु के पीछे एक व्यक्ति है। ये संख्याएँ अनगिनत एकत्रित व्यक्तिगत कहानियों और जीवन का प्रतिनिधित्व करती हैं। वोल्कर तुर्क जिन आम नागरिकों की कहानियों को बयां करके दुनिया का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं। वे रुकने का नाम नहीं लेना चाहते। वे युद्ध की विभीषिका की ओर बढ़ चुके हैं। वोल्कर तुर्क भले कहें कि शांति और संघर्ष की स्थितियों में सबसे कमज़ोर लोगों की सुरक्षा करने में गंभीर विफलताओं को हम उजागर कर रहे हैं। वैश्विक मानवाधिकार परिदृश्य की तस्वीर देखते हुए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। डेटा दिखाता है कि भेदभाव पहले से ही हाशिए पर पड़े समूहों के सदस्यों को असमान रूप से प्रभावित करता है। लेकिन यह बात सच में आज की तारीख़ में कोई सुनाने को भले तैयार हो सुनने को कोई तैयार नहीं है।

सोचिए, यह कैसा दौर आ गया है। विश्व की वर्तमान में मौजूद चुनौतियों को छोड़कर अब देश आरोप-प्रत्यारोप, संघर्ष व तनाव में अपनी बाज़ार खोज रहे हैं। अमेरिकी सरकार की ओर से कई बार यह बयां दिया जा रहा है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल न करे और मध्य पूर्व में अस्थिरता का कारण न बने। वैसे तो परमाणु हथियारों पर रोक पूरे विश्व के लिए ठीक है। मानवता के पक्ष में है। लेकिन अमेरिकी अपने आधिपत्य में जो इजराइल के कंधे पर बंदूक चलाने के लिए तैयार हैं और हवा दे रहे हैं कि किसी भी कीमत पर ईरान को दबा है, इसे भला ईरान क्यों स्वीकार कर लेगा। हथियारों की बाज़ार तो सबसे अधिक वीटो देशों द्वारा लगायी जा रही है और युद्ध व संघर्ष की स्थिति बनाकर खूब बिक्री की जा रही है। यह जो दोहरा चरित्र है, यह विश्व के नागरिकों के लिए काफी खतरनाक बन चुका है। सबसे अधिक मानवाधिकारों व मानवाधिकार रक्षकों के विनाश का कारण तो यही है। किसी देश पर आरोप व प्रतिबंध लगाने से पहले अपने साम्राज्य के शौकीन देशों को यह अपने भीतर झांकना चाहिए कि उन्होंने खुद क्या किया है। उन्हें यह सोचना चाहिए कि वे कौन सा मुह लेकर किसी देश पर दबाव बना रहे हैं? एक सार्थक सोच तो इन देशों के पास पहले से ही नहीं है जिससे असीम शांति समस्त नागरिकों के बीच व्याप्त होती।

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी-आईएइए का भी कहना है कि ईरान परमाणु सुरक्षा नियमों का पालन नहीं कर रहा है। यह सवाल उन देशों से भी तो ज़रूरी हैं जो परमाणु ज़खीरे सुरक्षित करके किसी भी दशा में स्ट्रेस को बनाए रखने में विश्वास करते हैं। हथियारों की बिक्री करते हैं। संघर्ष होगा नहीं तो इनकी पूंजी दूब जाएगी। ऐसे में इनके हित तो बिलकुल जुदा हैं। आईएइए यद्यपि इस असमंजस में अब भी है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से केवल शान्तिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है या नहीं। सोचने वाली बात यहाँ यह भी सामने उभरकर आई है कि वह एजेंसी भी असमंजस में है कि वह क्या निर्णय ले और दूसरी ओर इसराइल व ईरान युद्ध के मोड में केवल नहीं आ गए हैं बल्कि वे हमलावर बन चुके हैं।

यह संयुक्त राष्ट्र एजेंसीज भी अब प्रपंच करते हुए ज्यादा मिल रही हैं, इससे तो यही लगता है। या तो कुछ ऐसा कहा जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र की गरिमा का देश ख्याल नहीं रख रहे हैं। अब सोचिए कि उत्तरी अफ्रीका, मध्य, दक्षिण, और पश्चिमी एशिया में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करने के मामले सबसे अधिक संख्या में सामने आए हैं। हत्याओं के मामले लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई क्षेत्रों में गम्भीर स्थिति है। पिछले दो वर्षों में सशस्त्र टकरावों के दौरान बच्चों और महिलाओं ने विनाशकारी हिंसा का सामना किया, यही तो इन संघर्षों व युद्धों की उपलब्धि है। विगत दो वर्षों में युद्ध व संघर्ष के दौरान खूब बच्चों और महिलाओं की हत्या हुई। महिलाओं लैंगिक भेदभाव का सामना किया। इसका सबसे गहरा प्रभाव सबसे निर्धन परिवारों पर पड़ा, जिससे ग़रीबी और असमानता का चक्र आगे बढ़ता रहा है। यह महासंकट है। भले संयुक्त राष्ट्र को देश अनसुना कर रहे हैं और अपनी संप्रभुता व प्रभुत्व की दुहाई देकर युद्ध कर रहे हैं लेकिन मर तो रहे हैं आम नागरिक भी। मर तो रहे हैं निर्दोष भी। मर तो रहे हैं मानवाधिकारों की रक्षा करने में संलग्न लोग भी। लिंग आधारित हिंसा से जूझती महिलाएं मानसिक स्वास्थ्य सहायता से दूर हैं। वे अपने यौन प्रजनन अधिकारों से वंचित हो रही हैं। वे काफी संकट में हैं। यूएनएफपीए भले यह दावा करे कि हम महिलाओं के सहयोग के लिए तत्पर हैं लेकिन जहाँ पहुँच होगी, वहीं तक मदद होगी। जहाँ पहुँच ही नहीं बन पायी है और जहाँ भीषण संघर्ष की स्थिति बन गयी है, वहां की महिलाओं के बारे में सोचें, बहुत बुरी स्थिति में हैं महिलाएं। कुछ इसी प्रकार के संकट से विकलांग लोग भी जूझ रहे हैं। यह सब मानवाधिकारों का व्यापक हनन है। तार-तार होते मानवाधिकार निश्चय ही अब चिंता के विषय बनते जा रहे हैं। युद्ध अब देशों के बीच बढ़ रहे हैं और युद्ध संस्कृति की हिंसा से मानवाधिकार खंडित हो रहे हैं। विशेष चिंता तब अधिक बढ़ जाती है जब इसके लिए कोई ठीक-ठीक विकल्प के चुनाव की पहल भी हो तो देश मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

अध्यात्म

जब काम न रहे तो



एक आदमी ने एक भूत पकड़ लिया और उसे बेचने शहर गया, संयोगवश उसकी मुलाकात एक सेठ से हुई, सेठ ने उससे पूछा- भाई यह क्या है, उसने जवाब दिया कि यह एक भूत है। इसमें अपार बल है कितना भी कठिन कार्य क्यों न हो यह एक पल में निपटा देता है। यह कई वर्षों का काम मिनटों में कर सकता है।

सेठ भूत की प्रशंसा सुन कर ललचा गया और उसकी कीमत पूछी, उस आदमी ने कहा कीमत बस पाँच सौ रुपए है। कीमत सुन कर सेठ ने हैरानी से पूछा- बस पाँच सौ रुपए!

उस आदमी ने कहा- सेठ जी जहाँ इसके असंख्य गुण हैं वहाँ एक दोष भी है। अगर इसे काम न मिले तो मालिक को खाने दौड़ता है।

सेठ ने विचार किया कि मेरे तो सैकड़ों व्यवसाय हैं, विलायत तक कारोबार है यह भूत मर जायेगा पर काम खत्म न होगा, यह सोच कर उसने भूत खरीद लिया। मगर भूत तो भूत ही था, उसने अपना मुंह खोला और बोला- बोला काम काम काम काम।

सेठ भी तैयार ही था, उसने बहुत को तुरन्त दस काम बता दिये, पर भूत उसकी सोच से कहीं अधिक तेज था इधर मुँह से काम निकलता उधर पूरा होता, अब सेठ घबरा गया। संयोग से एक सन्त वहाँ आये, सेठ ने विनयपूर्वक उन्हें भूत की पूरी कहानी बतायी।

सन्त ने हँस कर कहा अब जरा भी चिन्ता मत करो एक काम करो उस भूत से कहो कि एक लम्बा बाँस ला कर आपके आँगन में गाड़ दे बस जब काम हो तो काम करवा लो और कोई काम न हो तो उसे कहें कि वह बाँस पर चढ़ा और उतरा करे तब आपके काम भी हो जायेंगे और आपको कोई परेशानी भी न रहेगी सेठ ने ऐसा ही किया और सुख से रहने लगा।अपना मन ही वह भूत है। यह सदा कुछ न कुछ करता रहता है एक पल भी खाली बिठाना चाहो तो खाने को दौड़ता है। प्रभु ही बाँस है। प्रभु पर भजन सिमरन का अभ्यास ही बाँस पर चढ़ना उतरना है। आप भी ऐसा ही करें। जब आवश्यकता हो मन से काम ले लें जब काम न रहे तो प्रभु के नाम जपने लगो तब आप भी सुख से रहने लगेंगे।

मौद्रिक क्रांति- आरबीआई ने थामी संतुलन की डोर

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में जो मौद्रिक नीति की दिशा अपनाई है, वह महज़ एक तकनीकी निर्णय नहीं बल्कि आर्थिक इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला एक साहसी और दूरगामी दांव है। यह नीति देश की आर्थिक स्थिरता, मुद्रा की क्रयशक्ति और वित्तीय बाज़ारों की उम्मीदों से जुड़ी हुई है। आरबीआई ने ब्याज दरों में कटौती कर आर्थिक गति को संबल देने का जो कदम उठाया है, उसका स्पष्ट संकेत है कि अब यह केंद्रीय बैंक मूल्य स्थिरता को बनाए रखते हुए विकास को प्रोत्साहित करने की दोहरी चुनौती को स्वीकार कर चुका है। इस नीति परिवर्तन का समय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भारत की अर्थव्यवस्था के लिए 2025-26 के वित्तीय वर्ष को एक निर्णायक परीक्षा में परिवर्तित कर रहा है।

नृपेन्द्र अभिषेक नृप

RBI की मौजूदा रणनीति को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक विकास पर एक नज़र डालना आवश्यक है। 1991 के आर्थिक संकट के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक ने बाज़ार आधारित सुधारों को अपनाने की दिशा में पहला निर्णायक कदम उठाया था। उस समय देश के पास केवल कुछ हफ़्तों की विदेशी मुद्रा थी और अर्थव्यवस्था भारी संकट से जूझ रही थी। रिज़र्व बैंक ने तब तक की पारंपरिक भूमिकाओं से बाहर निकलकर अधिक लचीले और बाज़ारोन्मुख नीतिगत ढांचे को अपनाया। इसके तहत रुपया आंशिक रूप से परिवर्तनीय हुआ, सरकारी कर्ज़ पर निर्भरता घटी और निजी बैंकों को भी अनुमति दी गई। यह परिवर्तन भारत के आर्थिक इतिहास का एक नया अध्याय बना।

हालांकि, आरबीआई की सबसे बड़ी भूमिका मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने की रही है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने की यह भूमिका इतनी केंद्रीय हो चुकी है कि अधिकांश लोग इसे स्वाभाविक मानते हैं। 2016 में, आरबीआई ने एक औपचारिक मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे को अपनाया, जो कि वैश्विक मानकों की ओर एक बड़ा कदम था। इस ढांचे के तहत खुदरा महंगाई दर को 2 से 6 प्रतिशत के दायरे में रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। यह लक्ष्य महज़ सांख्यिकीय आंकड़ों तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके पीछे भारत की आर्थिक विश्वसनीयता, विदेशी निवेशकों का विश्वास और आम नागरिक की आर्थिक सुरक्षा जुड़ी हुई थी।

2020 के कोविड संकट ने इस लक्ष्य को कठोर परीक्षा में डाला। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं टूटीं, कच्चे तेल की कीमतें उछलीं और खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हुई। इन सबके बावजूद, RBI ने मुद्रास्फीति को अधिकांश समय 6 प्रतिशत की सीमा के भीतर बनाए रखा, जो उसकी नीति की सफलता को दर्शाता है। फरवरी 2025 तक खुदरा महंगाई 4 प्रतिशत से नीचे रही और हाल की भविष्यवाणी में इसे 2025-26 के लिए 3.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताया गया है। यह संकेत है कि RBI को अब मूल्य स्थिरता को लेकर अपेक्षाकृत अधिक विश्वास है, जिसके चलते उसने ब्याज दरों में आधा प्रतिशत की कटौती कर दी है ताकि क्रेडिट को आसान बनाया जा सके और जीडीपी ग्रोथ को बल मिल सके। इस नीति के पीछे तर्क यह है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए केवल राजकोषीय प्रोत्साहन पर्याप्त नहीं है। जब मांग कमजोर होती है और उद्योग निवेश से हिचकते हैं, तब केंद्रीय बैंक को ऋण सस्ता कर उपभोग और निवेश को प्रोत्साहन देना होता है। RBI ने यह जिम्मेदारी उठाई है। बैंक अब न केवल ब्याज दरों में कटौती कर रहा है, बल्कि बैंकों को अधिक ऋण देने के लिए नकदी भी उपलब्ध करा रहा है। जनवरी से अब तक रू. 9.5 लाख करोड़ की तरलता इंजेक्शन दी जा चुकी है, और इस प्रक्रिया में बैंकिंग प्रणाली के भीतर नकदी का प्रवाह



अत्यधिक बढ़ाया गया है।

RBI की यह रणनीति एक व्यापक वैश्विक संदर्भ में भी देखी जानी चाहिए। अमेरिका और अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में जारी ब्याज दरों का चक्र, व्यापार युद्धों और भू-राजनीतिक तनावों की वजह से भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं भी अस्थिरता का सामना कर रही हैं। ऐसे में, भारत जैसे देश को आंतरिक मांग को मज़बूत कर आत्मनिर्भर वृद्धि सुनिश्चित करनी होगी। यही कारण है कि आरबीआई ने उपभोग और निवेश को बढ़ावा देने के लिए सस्ता ऋण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

हालांकि, इस रणनीति के अपने जोखिम भी हैं। यदि मांग अधिक बढ़ गई और आपूर्ति उसका साथ नहीं दे सकी, तो यह नीति मुद्रास्फीति को फिर से बढ़ा सकती है। इसी कारण आरबीआई को अत्यंत संतुलित ढंग से आगे बढ़ना होगा। नीति दरों में कटौती का असर बाज़ार पर दिखाई देने लगा है, जैसे कि 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की यील्ड में वृद्धि। यह इशारा करता है कि निवेशकों को आने वाले समय में मुद्रास्फीति या ऋण जोखिम के बढ़ने की आशंका है। इससे यह प्रश्न भी उठता है कि क्या RBI ने जोखिम प्रबंधन को संतुलित रखा है या यह कदम 'बहुत अधिक बहुत जल्दी' हो सकता है। इसके अलावा, आरबीआई की इस नीति से यह भी स्पष्ट होता है कि वह अब केवल मुद्रा के मूल्य की रक्षा करने वाला संस्थान नहीं है, बल्कि आर्थिक वृद्धि का सक्रिय भागीदार बन चुका है। यह भूमिका विश्व बैंक, IMF जैसे वैश्विक संस्थानों की भी अपेक्षा रही है कि विकासशील देशों के केंद्रीय बैंक अब केवल मुद्रास्फीति पर नहीं, बल्कि व्यापक आर्थिक स्थिरता और समावेशी वृद्धि पर भी ध्यान दें। आरबीआई की नीति इस अपेक्षा पर खरा उतरने की कोशिश है। लेकिन यह प्रयास निःशुल्क नहीं आता। अत्यधिक सस्ती मौद्रिक नीति दीर्घकालिक दृष्टि से 'सस्ते धन' की आदत डाल सकती है, जिससे बैंकिंग क्षेत्र में संसाधनों की गलत दिशा में प्रवाह और 'संपत्ति बुलबुले' जैसी समस्याएं जन्म ले सकती हैं। भारत के लिए यह दोधारी तलवार है। यदि आरबीआई की नीति के परिणामस्वरूप मूल्य स्थिरता बनी रहती है, मांग में टिकाऊ सुधार होता है और उद्योग निवेश के लिए प्रेरित होते हैं, तो यह रणनीति एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन सकती है। अन्यथा, यह अर्थव्यवस्था को अस्थिरता की दिशा में भी धकेल सकती है। यहां पर आरबीआई के 'न्यूट्रल' रुख का विश्लेषण भी आवश्यक है। नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) को 5.5 प्रतिशत पर रखने का फैसला यह संकेत देता है कि आरबीआई मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों को लेकर किसी एक चरम पर नहीं झुकना चाहता। वह मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी के साथ-साथ आर्थिक वृद्धि को भी प्राथमिकता देना चाहता है। यह नीतिगत संतुलन भारत जैसे विविधताओं से भरे देश के लिए बेहद ज़रूरी है।वर्तमान परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आरबीआई ने आत्मविश्वास का परिचय दिया है। एक केंद्रीय बैंक जिसकी विश्वसनीयता महज़ ब्याज दर या मुद्रा विनिमय दर से नहीं, बल्कि दीर्घकालिक स्थिरता और संवेदनशीलता पर आधारित होती है, उसने अपने कद के अनुरूप निर्णय लिया है। अगर यह नीति सफल होती है, तो यह न केवल मौजूदा आर्थिक दौर की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करेगी, बल्कि RBI को एक नये युग के निर्णायक आर्थिक संस्थान के रूप में स्थापित कर देगी। अब यह समझना आवश्यक है कि आरबीआई का यह 'साहसी दांव' आर्थिक शुचिता के बुनियादी सिद्धांतों पर आधारित है। मूल्य स्थिरता, तरलता प्रबंधन और वृद्धि को संतुलित करने की यह कवायद भारतीय केंद्रीय बैंक को न केवल घरेलू मोर्चे पर, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंचों पर भी नई प्रतिष्ठा दिला सकती है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या यह नीतियां आर्थिक चक्र की आगामी लहरों को साधने में सक्षम होती हैं या नहीं। एक गलत आकलन अर्थव्यवस्था को अस्थिरता की ओर ले जा सकता है, जबकि सटीक संतुलन भारत को 21वीं सदी की आर्थिक शक्ति बनाने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इसीलिए, 2025-26 का वर्ष न केवल आरबीआई के लिए, बल्कि भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता की अग्निपरीक्षा भी है।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

प्रबुद्ध लोगों की संगत व मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। परिवार में तनाव की परिस्थितियों से बचने का प्रयास करें। लोग ईर्ष्या वाला व्यवहार रख सकते हैं।

वृषभ

कार्यक्षेत्र में कुछ तकनीकी कारणों से काम प्रभावित हो सकता है। साझेदारी वाले व्यवसाय में लाभांश को लेकर परेशानी होने की सम्भावना है।

मिथुन

जीवनसाथी के साथ गम्भीर बहस हो सकती है। कार्यक्षेत्र में मेहनत करनी पड़ सकती है। यद्यपि इसके दूरगामी परिणाम आपके लिये अत्यन्त शुभ रहने वाले हैं।

कर्क

व्यापार में विस्तार करने की योजना बनायेंगे। दिखावा न करें। परिजनों पर नाराज हो सकते हैं। बुद्धिमान लोगों से सलाह लेना हितकर रहेगा।

सिंह

सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होने के योग बन रहे हैं। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ आपके सम्बन्ध सामान्य रहेंगे। लेकिन अपने हितों को सदैव सर्वोपरि रखें।

कन्या

आज का दिन आपके लिये पहले की तुलना में सुखद रहेगा। कारोबार में निराशाजनक परिणाम मिलेंगे। काम टालने की प्रवृत्ति के कारण बड़े नाराज हो सकते हैं।

तुला

कार्यक्षेत्र में अधिक मन नहीं लगेगा। जबकि आप घर पर भी फोकस नहीं कर पा रहे हैं। व्यवसाय में कोई बड़ी डील अचानक से रद्द हो सकती है।

वृश्चिक

कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। सुख के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। आय के कुछ वैकल्पिक स्रोतों पर कार्य आरम्भ कर सकते हैं।

धनु

आज का दिन आपके लिये कुछ अजीब सा हो सकता है। आपके द्वारा कही हुयी पिछली बातों के आधार पर लोग आपका उपहास बना सकते हैं। लोग आपकी आलोचना और बुराई करने में लगे रहेंगे।

मकर

परिस्थितियाँ आपके नियन्त्रण में रहेंगी। परिवार के झगड़े शान्त होंगे। व्यवसाय में बड़ी सफलता व नाम प्राप्त होगा। निर्यात सम्बन्धी प्रकल्पों से बड़ा धन लाभ हो सकता है।

कुंभ

आज आप किसी पुरानी याद में खोये रहेंगे। समय पर भोजन व जलपान करते रहें। मौसम में परिवर्तन के कारण सिरदर्द की समस्या से जूझना पड़ सकता है।

मीन

कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होने से आराम मिलेगा। आपकी प्रतिभा से उच्च अधिकारीगण अचम्भित हो सकते हैं। विदेश में रह रहे लोगों से शुभ सूचना मिल सकती है।

बेगूसराय में विश्व योग दिवस की धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय नगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शहर के सर्वोदय नगर स्थित योग संस्थान में जिला प्रशासन ने योगाभ्यास किया। इसी तरह जिले में कई जगहों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बेगूसराय शहर के सर्वोदय नगर में स्थित योग संस्थान में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया गया। मौके पर नगर निगम की महापौर पिंकी देवी, उपमहापौर अनिता राय, समादेष्टा बीएमपी-19, नवजोत सिमी, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं योग संस्थान के योगाचार्य एवं अन्य व्यक्तियों ने भाग लेकर योग किया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से प्रत्येक दिन योग करना चाहिए। योग के माध्यम से भी हम बहुत सारे स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को समाप्त कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन द्वारा गांधी स्टेडियम बेगूसराय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां योग शिक्षक द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को योग सिखाया गया। इसी प्रकार जिले के सभी पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के द्वारा डब्लूपीयू पर योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुखिया, स्वच्छता कर्मियों, स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। वहीं पाठशाला माय सेकंड होम हर्रख के प्रांगण में सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने बहुत ही धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पाठशाला हर्रख के संरक्षक डा विजय कुमार (सीनेट सदस्य, लना मि वि) भी उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए योग के महत्व को समझाया। उन्होंने यह





भी कहा कि मन और मस्तिष्क दोनों को सुंदर करता है योग। इस दौरान उपस्थित अतिथि, शिक्षक एवं सभी बच्चे योग कर प्रफ्फुलित दिखे तथा इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। पीयूष कुमार सिंह ने बच्चों को योगा कराया। कार्यक्रम में विजेंद्र कुमार, रामकुमार सिंह, मुस्कान भारती, पूजा कुमारी, हिमांशु राज, रविराज, स्वीटी राज आदि शिक्षक मौजूद रहे। **नावकोठी संवाददाता के अनुसार** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक, मध्य स्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। हेडमास्टर संजीत कुमार महतो ने कहा कि चिकित्सा पद्धति में योग अतिप्राचीन पद्धति है। इसके माध्यम में बिना दवा सेवन किये ही रोग से छुटकारा पाया जा सकता है। योग के विभिन्न आसन तथा प्राणायाम से असाध्य बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। इसके लिए अपने व्यस्ततम समय में से कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से लगातार इसे करने की अपील की। विभिन्न आसन का मांकड्रील किया गया। मौके पर कन्हैया कुमार, हेडमास्टर शंभू महतो, सरोज कुमार, राजेश कुमार, विभाकर कुमार, श्रवण कुमार, हरिहर सहनी, जमील अहमद, अनिल कुमार महतो, शांति, सुशीला, रानी, उत्तम कुमार, स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। **तेघरा संवाददाता के अनुसार** संत पल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में विश्व योग दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के बच्चों में योग अभ्यास करने को लेकर काफी जोश देखा गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने योगशाला में भाग लेने वाले को विश्व योग दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि योग शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा को एक साथ करने वाला अद्वितीय माध्यम है। यह भारतीय संस्कृति की विश्व को एक ऐसी अनमोल धरोहर है जिसको वर्षों से हमारे ऋषि-मुनियों ने संरक्षित, संशोधित और विकसित कर विश्व के सामने औषधि रहित निरोग जीवन की एक नयी कल्पना रखी थी। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनः 2014 में योग को बढ़ावा देते हुए विश्व पटल पर रख दिया और उस दिन से यानि 21 जून को हर साल विश्व योग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य तनु सौरभ ने कहा कि योग ना सिर्फ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य हेतु आवश्यक है अपितु आत्मबोध का कारक भी है। अतः जरूरत है योग को जीवन में आत्मसात करने का प्रण लेकर इसके उद्देश्यों को सार्थक बनाने की। शिक्षक भीम कुमार ने कहा कि योग एक प्रकाश है। इसे एक बार जला दिया जाता है तो कभी कम नहीं होता। आपका अभ्यास जितना बेहतर होगा, लौ उतनी ही उज्ज्वल होगी और कल उतना ही सुनहरा होगा। इस कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार, सुजीत मिश्रा, प्रीति प्रिया, सौरभ कुमार, त्रिपुरारी कुमार सिंह, रंजन कुमार, सुभाष कुमार, दीपक कुमार आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। **बखरी संवाददाता के अनुसार** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बखरी के शकरपुरा उच्च विद्यालय मैदान में अभाविप द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में युवाओं ने योगाभ्यास किया। अभाविप के नगर मंत्री रविन्द्र कुमार व पूर्व नगर मंत्री अनुभव आनंद ने योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। नब्बे प्रतिशत बीमारियों को योग अभ्यास के जरिए नियंत्रित किया जा सकता है। फिट और तंदुरूस्त रहने के लिए हम सबों को जागरूक होना होगा। भारतीय संस्कृति और निरोग रहने का पारंपरिक तरीका है। योग न सिर्फ शारीरिक तौर पर आपको फिट रखता है बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। दुनिया भर में लोग योग के फायदों के बारे में जानें और इसका फायदा उठाए, इसके लिए हर साल 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस न केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, बल्कि यह दिन दुनिया को यह याद दिलाता है कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना से मानवता को एक सूत्र में बांधा जा सकता है। मौके पर पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रिंस सिंह परमार, खेलो भारत के जिला संयोजक दिलखुश कुमार, योगाचार्य मनोज कुमार, राजकुमार, मणिरत्न, सौरभ, समोद, बिट्टू आदि मौजूद थे।

एनटीपीसी ने 183 दिव्यांगजनों के बीच किया सहायक उपकरणों का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। एनटीपीसी, कहलगांव द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलीम्को) के सहयोग से 183 चिन्हित दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। यह वितरण कार्यक्रम कहलगांव परियोजना के समीपवर्ती गांवों के दिव्यांगजनों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख संदीप नाइक, श्रीष्टि समाज की अध्यक्ष प्रज्ञा नाइक, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) रवीन्द्र पटेल, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस) प्रभात रंजन बारिक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व में आयोजित मूल्यांकन शिविर के माध्यम से चयनित 183 लाभार्थियों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, सामान्य ट्राइसाइकिल, श्रवण यंत्र, सुगम्य छड़ी, अंडरआर्म क्रच, वॉकिंग स्टिक, रोलेटर, एडीएल किट, सीपी चेयर एवं एमएसआइइडी किट जैसी सहायक उपकरण प्रदान किए गए। एनटीपीसी कहलगांव का यह प्रयास एक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में सशक्त कदम है, जिससे दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। कंपनी अपने परियोजना क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान और समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए नैगम सामाजिक दायित्व के तहत निरंतर इस प्रकार की पहलों को आगे बढ़ा रही है।



सीएम ने की महिला संवाद कार्यक्रम की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय नगर। महिला संवाद कार्यक्रम की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गयी। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में किया गया। इसमें जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक, प्रखंड परियोजना प्रबंधक सहित जीविका दीदी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। इस क्रम में जीविका दीदियों की अपेक्षाओं एवं मांगों पर कई घोषणाएं की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जीविका दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी बनाने, विवाह भवन बनाने, हर पंचायतों में टैंपो-बस स्टेंड, जीविका हाट आदि जैसी मांगें की गई थी जिसे मुख्यमंत्री द्वारा कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बेगूसराय में 1885 जीविका ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जीविका टीम एवं सभी दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि आपके अथक प्रयास का परिणाम है कि बेगूसराय में कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया जा सका। उन्होंने दीदियों को आश्वस्त किया कि उनकी जितनी भी मांगें जिला एवं राज्य स्तर पर समाधान योग्य होंगी उन सभी का यथाशीघ्र समाधान कर दिया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि बड़ी संख्या में दीदियों के समस्याओं का समाधान भी विभिन्न विभागों द्वारा किया जा चुका है। साथ ही सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि महिला संवाद के दौरान दीदियों द्वारा प्राप्त मांगों एवं अपेक्षाओं को यथाशीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे।



संक्षिप्त खबरें

वारंटी गिरफ्तार

नावकोठी/नबिटा संवाददाता। थाने के देवपुरा से एक वारंटी को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि नावकोठी थाना कांड संख्या 145/19 में रामाशीष सहनी पर मारपीट का मामला दर्ज था। दर्ज मामले में वह फरार चल रहा था। कोर्ट द्वारा वारंट जारी होने पर एस आई विश्वजीत कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल द्वारा उसे गिरफ्तार का न्यायालय भेज दिया गया।

वज्रपात से युवक की मौत

वीरपुर/नबिटा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के गाड़ा गांव निवासी राम बाबू पासवान के 32 वर्षीय पुत्र कृष्ण मुरारी कुमार की मौत वज्रपात से शनिवार को हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घर से शौच के लिए खेत की तरफ निकला जहां वज्रपात के चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक को एक पुत्री और दो पुत्र है। मौत की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी, मां समेत परिवार का रो रोकर बुरा हाल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही भगवानपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया।

दो बच्चों की फरार मां बरामद

नावकोठी/नबिटा संवाददाता। नावकोठी थाना के समसा से एक सप्ताह पहले फरार शादीशुदा दो बच्चों की मां को पुलिस ने गांव से ही बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि छोटू कुमार ने थाने में कांड संख्या 125/25 दर्ज कराकर अपनी पत्नी पूनम देवी को अज्ञात लोगों द्वारा बहला फुसला कर अगवा कर लेने का आरोप लगाया था। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। तकनीकी साक्ष्य तथा पुलिस दबिश से वह गांव आ गई। पुलिस ने उसे बरामद कर 183 के तहत बयान दर्ज कराने हेतु न्यायालय भेज दिया है।

मारपीट मामले में प्राथमिकी

नावकोठी/नबिटा संवाददाता। थाना क्षेत्र के समसा में रास्ते पर गृहनिर्माण कार्य रोकने पर गाली-गलौज एवं मारपीट की घटना घटित हुई है। पप्पू कुमार की पत्नी खुशबू देवी ने थाने में मामला दर्ज कराकर गांव के ही अशोक कुमार, जयजय राम महतो, प्रियंका देवी पर गाली, गलौज करने, मारपीट करने, अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि उपरोक्त लोगों के द्वारा रास्ते के जमीन पर गृहनिर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस अवैध गृहनिर्माण कार्य को मैं अपने स्वजनों के साथ रोक लगाई। इससे आक्रोशित होकर सभी नामजद ने मेरे साथ गाली, गलौज तथा अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

रेलवे पेंशनर्स संघ के शाखा अध्यक्ष का निधन

बीहट/नबिटा संवाददाता। रेलवे एससी-एसटी एसोसिएशन के पूर्व शाखा अध्यक्ष सह पूर्व लोको पायलट कृष्ण नदंन पासवान के निधन पर शनिवार को रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन गढ़हरा की ओर से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सागर राय ने की। उन्होंने कहा कि कृष्णनंदन बाबू का जीवन उच्च विचार व सादगी से भरा था। सहायक जोनल महासचिव लाल बहादुर ने कहा कि स्व पासवान पेंशनर्स संगठन के रीढ़ थे। उन्होंने गढ़हरा शाखा अध्यक्ष के पद पर रहकर वरिष्ठ नागरिकों को सुख सुविधा दिलाने का सराहनीय प्रयास किया। वे मृदुभाषी व दूरदर्शी थे। उनकी कमी सदैव संगठन को रहेगी। मौके पर चतुरानंद झा, गौरी शंकर शर्मा, शिव नंदन पंडित, मुसहरुराय, राम चन्द्र पासवान, रामाशीष पासवान, रामविलास यादव, खखोरन राय, वासुदेव शर्मा, बालेश्वर राम आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए विचार रखे।

पेंशन की राशि बढ़ाने पर सीएम को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

अररिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का पेंशन 400 से बढ़ाकर 1100 रुपए प्रति माह किए जाने पर जिला जदयू के कार्यकर्ताओं ने बिहार के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। लोगों ने कहा कि यह निर्णय समाज के बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांगजनों के सम्मान में सशक्त कदम है। राज्य के सभी प्रखंडों में विवाह भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिससे आमजन को सामाजिक आयोजनों में सुविधा मिलेगी। जीविका दीदियों को दिए गए ऋण पर अब केवल 7% ब्याज देना होगा ज़िससे महिला स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बिहार के विकास, सामाजिक न्याय और अंतिम पंक्ति तक सरकार की योजनाओं की लाभ सुनिश्चित करने के मजबूत संकल्प को दर्शाते हैं। आभार प्रकट करने वालों में जदयू नेता सह जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम, जदयू नेत्री शगुफ्ता अजीम, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम मंडल, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह चौहान, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बिरेंद्र कुमार राय, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष सुशीला साह, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार राय, जिला उपाध्यक्ष रेशम लाल पासवान, जदयू नेता उपेंद्र मंडल, रजी अहमद, निरंजन सिंह, बानेश्वर वर्मा के अलावे दर्जनों लोग शामिल हैं।

एनटीपीसी कांटी ने बच्चियों में भरा गजब का आत्मविश्वास : मधु एस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी स्थित एनटीपीसी में 26 मई को शुरू हुई बालिका सशक्तिकरण अभियान का आज 21 जून को समापन हो गया। बालिकाओं की निखरती प्रतिभा को दर्शाते हुए उनके हुनर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महीना के लिए आयोजित इस अभियान में आठ स्कूलों से 40 बालिकाओं ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित परियोजना प्रमुख मधु एस ने इस अभियान की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम के औपचारिक शुरुआत के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए। सर्वप्रथम गणेश वंदना कर बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मंगल शुरुआत की। इस कड़ी में बालिकाओं ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के समापन समारोह के प्रसंग में नृत्य, नाट्य आदि की प्रस्तुती दी। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बालिकाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों ने बालिकाओं की प्रतिभा से मंत्रमुग्ध हो गए और बच्चियों की मेहनत की भूरी-भूरी प्रशंसा की। बालिका सशक्तिकरण अभियान एनटीपीसी कांटी में लगातार तीसरे साल आयोजित किया गया जिसमें अगल-बगल के गांव से करीब 40 बच्चियों को एक महीना तक पढाई के अलावा सेल्फ इंप्रूवमेंट, पर्सनाल्टी डेवलपमेंट, स्किल डेवलपमेंट, म्यूजिक, डांस एवं सेल्फ डिफेंस आदि की आवासीय ट्रेनिंग दी गई। बालिकाओं को सम्बोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा कि यह एनटीपीसी कांटी की बहुत ही सराहनीय पहल है। एनटीपीसी कांटी ने बच्चियों में गजब का आत्मविश्वास भरने का काम किया है। जब बच्चियां यहां से जायेंगी तो वो एक अलग आत्मविश्वास से जायेंगी और अपने परिवार और अपने गांव का नाम रोशन करेंगी। इस मौके परमहाप्रबंधक (ओ एंड एम)तापस साहा, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) महेश कुमार सुथार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजीत कुमार एवं वरीय अधिकारीगण, बच्चों के अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं अन्य लोग मौजूद रहे।



नपुंसकता व शीघ्रपतन का आयुर्वेद में पूरा इलाज : डॉ. सुनील कु. दूबे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं पटना के लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक व (गुप्त एवं यौन रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार दूबे ने कहा है कि पुरुषों में शीघ्रपतन आज एक बड़ी समस्या बन चुकी है, जिसे आयुर्वेदिक इलाज से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुरुषों में एक सामान्य यौन विकार शीघ्रपतन या शीघ्र स्खलन है। इसे एक अनैच्छिक स्खलन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो नियंत्रण के बिना या प्रवेश के तुरंत बाद या व्यक्ति की इच्छा से पहले होता है। इस अनैच्छिक स्खलन के कारण व्यक्ति के साथ-साथ साथी को भी संकट हो सकता है। अमेरिकन युरोलॉजिकल एसोसिएशन (युएए) ने परिभाषित किया है कि स्खलन जो प्रवेश से पहले या बाद में शीघ्रता से होता है, शीघ्रपतन के रूप में हुए एक या दो भागीदारों के लिए संकट पैदा करता है। दूसरे शब्दों में शीघ्रपतन को स्खलन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो तब होता है, जब कोई



व्यक्ति संभोग तक पहुंचता है और बिना किसी नियंत्रण के तुरंत स्खलित हो जाता है। यह संभोग या सेक्स की शुरुआत से पहले या बाद में हो सकता है। डॉ. दूबे ने कहा कि शीघ्रपतन का सटीक कारण अभी भी ज्ञात नहीं है। लेकिन कुछ ज्ञात जोखिम कारणों में प्रमुख तौर पर मस्तिष्क का असामान्य स्तर, ल्यूटिनाइजिंग हार्मोन, प्रोलैक्टिन और थायराइड हार्मोन विकारो का असामान्य स्तर, प्रोस्टेट या मूत्र मार्ग की सूजन या संक्रमण इत्यादि कारक शामिल है। इसके अतिरिक्त कुछ मनोवैज्ञानिक कारण भी हो सकते हैं, जिसमें डिप्रेशन, घबराहट, तनाव, सेक्स अपेक्षाएं पूरी न होना, यौनदमन का इतिहास, आत्मविश्वास की कमी, यौन शोषण, रिश्ते की समस्या प्रमुख है। डॉ. दूबे ने कहा कि कुछ सरल घरेलू उपाय करके इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें अश्वगंधा का उपयोग फायदेमंद है। अश्वगंधा एक जड़ी-बूटी है, जो पुरुषों में यौन समस्याओं के इलाज में प्रभावी है। यह पुरुषों को स्खलन पर नियंत्रण रखने और संभोग के विस्तार में मदद करती है। इसके अतिरिक्त लहसन में कामोत्तेजक गुण होते हैं और यह संभोग की अवधि को बढ़ाता है। साथ ही लौंग को चबायें या घी में भूने और सुबह खाली पेट खाएं। शतावरी के पौधों की जड़ को दूध में उबाल कर दिन में दो बार पीयें। चॉकलेट और कैफीनयुक्त पेय से बचें। बेहतर नियंत्रण और शक्ति के लिए जिंक, सेलेनियम, कैल्शियनय और आयरन से भरपूर आहार का उपयोग करें। डॉ. दूबे ने कहा कि नपुंसकता अर्थात इरेक्टाइल डिस्फंक्शन उस यौन संबंधित रोग को कहते हैं, जिसमें इंसान के शरीर में वीर्य कम या खत्म हो जाता है, इसे स्तंभन दोष भी कहते हैं। नपुंसकता या इरेक्टाइल डिस्फंक्शन आज एक आम समस्या बन चुका है। तनाव या डिप्रेशन इसका प्रमुख कारण है। इसके पीछे कुछ शारीरिक कारण भी हो सकते हैं। जिसमे कम समय से पहले वीर्य निकल जाना, देरी से या कम मात्रा में वीर्य निकलना, सेक्स में रुचि न होना शामिल है। नपुंसकता के अन्य प्रमुख कारणों में हार्ट अटैक, थक्का लगना, मधुमेह, ब्लड कैंसर, डिप्रेशन, नशीली दवाओं का उपयोग शराब का सेवन, धुम्रपान आदि शामिल हैं। नपुंसकता के लिए इसमें कोई भी कारक जिम्मेदार हो सकता है। डॉ. दूबे ने कहा कि डॉक्टरों और सेक्सोलॉजिस्ट के शोध के अनुसार आजकल पुरुषों में नपुंसकता बढ़ती जा रही है। अगर आयु के अनुसार देखें तो 60 से कम आयु के पुरुषों में लगभग 12 प्रतिशत, 60 से अधिक आयु वर्ग के लोगों में यह दर 22 प्रतिशत है। डॉ. दूबे ने कहा कि नपुंसकता एवं शीघ्रपतन का आयुर्वेद में सम्पूर्ण एवं सटीक इलाज है। ऐसी स्थिति आने पर तुरंत किसी आयुर्वेद विशेषज्ञ से सम्पर्क करें।

छात्रों के भविष्य को आकार देती हैं परीक्षाएं : राघव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय नगर। लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में मासिक कंप्यूटर टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से सी, सी प्लस प्लस, एडवांस्ड माइक्रोसाफ्ट वर्ड, एडवांस्ड माइक्रोसफ्ट एक्सेल से प्रश्न पूछे गए। छात्र एवं छात्राओं ने धैर्य पूर्वक प्रश्न का उत्तर दिया। आज इस परीक्षा में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिनमें से महलका, सना, साक्षी, प्रेरणा, दिव्या, अनुष्का, छवि, खुशी, सपना, लक्ष्मी, अंजलि, शालिनी, कमल, तान्या, अभिमन्यु, हर्ष, अभिषेक, हर्ष 2, निलेश, अमन, राजवीर, रितिक और हर्षित ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बाकी छात्र-छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 80 से 90 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये। बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को सामाजिक कार्यकर्ता राघव कुमार के हाथों कलम देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर राघव कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षाएं शिक्षा प्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और वे छात्रों के भविष्य को आकार देने में मदद करती है। वे छात्रों को अपने कौशल और ज्ञान को बेहतर बनाने में मदद करती हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा और नौकरी के अवसर प्राप्त करने में मदद करती हैं। आपके माता-पिता ने जो आपके लिए किया है, उसे हमेशा याद रखें कि जिंदगी में उन्हें आपकी ओर से कभी कोई दुख ना हो। हमेशा उन्हें प्रसन्न रखें। संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह संस्थान तकनीकी शिक्षा और रोजगार के लिए छात्र एवं अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने का प्रयास करती है। इस वर्ष बिहार सरकार द्वारा आयोजित बेल्ट्रन एग्जाम में यहां के 51 छात्रों ने सफलता हासिल की है। यहां के छात्र सिर्फ देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी कार्य कुशलता की वजह से जिले का नाम रौशन कर रहे हैं। इस मौके पर संस्थान के उप निदेशक प्रथम परमार, प्रशिक्षिका खुशी, छवि, अमन सहित 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

जनता दरबार का आयोजन

वीरपुर/नबिटा संवाददाता। अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीनी विवाद के निपटारे को लेकर वीरपुर थाना के प्रांगण स्थित प्रतीक्षालय भवन में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि पूर्व के दस एवं एक नए आवेदन के साथ कुल ग्यारह आवेदनों पर सुनवाई की गई जिसमें से एक का भी निष्पादन नहीं हो सका। सभी मामलों को लेकर अगली तिथि को अपना-अपना साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। मौके पर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं अंचल कर्मी समेत कई फरियादी मौजूद थे।

जनता दरबार में आये तीन नये मामले

नावकोठी/नबिटा संवाददाता। अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें तीन नये भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया जबकि तीन पुराने मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई हेतु डफरपुर पंचायत के वृंदावन वार्ड संख्या 3 के रामसोगारथ सिंह व राम श्रेष्ठ सिंह तथा महेशवाड़ा पंचायत के रमौली के आनंदी पासवान व उपेन्द्र पासवान के बीच रास्ता संबंधित एवं पहसारा पूर्वी पंचायत के गम्हरिया के शिवशंकर महतो व महेन्द्र महतो के बीच दखल कब्जा को लेकर मामला सुनवाई हेतु दर्ज किया गया। वहीं चक्का के बीरबल साह व लच्छो साह के बीच भूमि विवाद न्यायालय में लंबित रहने, समसा के मनोज महतो व बेचन तांती द्वारा एक ही जमीन पर दावा करने, रमौली के सिकन्दर महतो व सुलाम यादव द्वारा मामले में अभिरूचि नहीं रहने से निष्पादित किया गया। अभी तक जनता दरबार में कुल 14 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो तांती व मनोज पासवान आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख दी गयी। मौके पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, प्रभारी अंचल निरीक्षक अखिलेश्वर राम, अंचल कर्मी अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

योग केवल व्यायाम नहीं, आत्मा और शरीर के बीच संतुलन का विज्ञान : संजय सरावगी

दरभंगा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य आयोजन, हजारों की संख्या में नागरिकों ने लिया भाग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा और शरीर के बीच संतुलन का विज्ञान है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। शुक्रवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय परिसर स्थित डॉ. नगेंद्र झा स्टेडियम में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री सरावगी ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों की भूमि है और योग हमारी प्राचीन परंपरा का अभिन्न अंग रहा है। 'करिए योग, रहिए निरोग' केवल नारा नहीं, बल्कि सारस्वत सत्य है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। 2014 में संयुक्त राष्ट्र संघ के 178 देशों द्वारा योग को मान्यता दिए जाने के बाद यह दिन वैश्विक स्वास्थ्य चेतना का प्रतीक बन गया है। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि इस भव्य आयोजन में 2000 से अधिक नागरिकों, अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तत्वावधान में किया गया।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता, उप विकास आयुक्त स्वप्निल, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, आपदा प्रबंधन के अपर समाहर्ता सलीम अख्तर, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में योगाचार्य रौशन उपाध्याय एवं अनु कुमारी ने प्रतिभागियों को ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भुजंगासन, भद्रासन, तितली आसन, उष्ट्रासन, शशांक आसन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन और अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया।

योग सत्र की शुरुआत से पहले योगाचार्य रौशन उपाध्याय को 101 मिनट तक शीर्षासन करने का कीर्तिमान स्थापित करने पर मंत्री संजय सरावगी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने न केवल योग की महत्ता को रेखांकित किया, बल्कि समाज में स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश भी दिया।

कुर्की-जब्ती की कार्रवाई फरार अभियुक्त पर शिकंजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मखदुमपुर (जहानाबाद)। टेहटा थाना क्षेत्र के सुमेरा गांव में शनिवार को पुलिस ने एक पुराने आपराधिक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त मनीष कुमार के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के आलोक में की गई। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि मनीष कुमार, पिता अंजनी शर्मा, पूर्व में दर्ज एक आपराधिक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे। न्यायालय द्वारा जारी कुर्की-जब्ती आदेश के तहत पुलिस टीम ने गांव में उनके आवास पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस ने अभियुक्त के परिजनों को सख्त निर्देश दिया कि वह शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करें। फिलहाल अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयासरत है।

डॉ. घनश्याम राय ने तीसरी बार कुलसचिव पद का कार्यभार संभाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय में शनिवार को डॉ. घनश्याम राय ने तीसरी बार कुलसचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजय कुमार की उपस्थिति में सिंडिकेट हॉल में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कुलपति प्रो. संजय कुमार ने डॉ. राय का पुष्पगुच्छ एवं माला से स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि उनके अनुभव एवं नेतृत्व में विश्वविद्यालय के लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाएगा।

डॉ. घनश्याम राय के कुलसचिव पद पर पुनः योगदान देने पर विश्वविद्यालय समुदाय ने खुशी जताई और आशा व्यक्त की कि उनके कार्यकाल में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और अनुशासन आएगा। उल्लेखनीय है कि मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना 23 मार्च 2018 को हुई थी, लेकिन अब तक इसका स्थायी भवन निर्माणाधीन है। ऐसे में एक अनुभवी शिक्षाविद के रूप में डॉ. राय की वापसी को विश्वविद्यालय के लिए सशक्त प्रशासनिक नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है।



मुंगेर विश्वविद्यालय में सिंडिकेट हॉल में हुआ स्वागत समारोह, कुलपति ने किया सम्मानित

उपस्थित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने कहा कि डॉ. राय जैसे कर्मठ और नीतिपरक कुलसचिव से विश्वविद्यालय को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा और सभी कार्य नियमानुसार एवं गरिमापूर्ण ढंग से पूर्ण होंगे।

योग केवल आसनों की श्रृंखला नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन : डॉ. नवल किशोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानस विद्यालय, जहानाबाद में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में एक भव्य योग सत्र एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन डॉ. नवल किशोर ने योग को भारत की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए कहा कि योग केवल आसनों की श्रृंखला नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवन दर्शन है, जो मानवता को संतुलन, स्थिरता और आंतरिक शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन में बढ़ते तनाव, अवसाद और मानसिक अस्थिरता के बीच योग एक उज्ज्वल समाधान के रूप में कार्य करता है। निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि योग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और वैश्विक शांति के मार्ग का भी आधार है। प्राचार्य नीरज कुमार ने कहा कि हमें योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर, इसे दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक राजीव नयन, मनीष कुमार, प्रभात कुमार और श्रीराम शर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

भारतीय ज्ञान परंपरा में योग की महती भूमिका : कुलपति

कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और भारतीय ज्ञान परंपरा में योग की महती भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में योग दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा था, लेकिन समय के साथ यह आम जीवन से दूर होता चला गया। आज पुनः इसकी उपयोगिता को समझते हुए समाज इसे अपना रहा है। योग न केवल शारीरिक शक्ति, सहनशक्ति और ऊर्जा के विकास में सहायक है, बल्कि यह मानसिक शांति, संतोष और एकाग्रता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुलपति ने ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि योग समत्व की भावना को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि जहां पाश्चात्य देशों ने असाध्य रोगों को जन्म दिया, वहीं भारत ने योग के माध्यम से विश्व को स्वस्थ जीवन की राह दिखाई है।

कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. ब्रजेशपति त्रिपाठी ने भी योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए यम, नियम, आसन और विशेष रूप से सूर्य नमस्कार के लाभों को रेखांकित किया। धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दिलीप कुमार झा ने योग और योगासनों को भारतीय संस्कृति एवं दर्शन का अभिन्न अंग बताते हुए सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। संगोष्ठी का संचालन डॉ. यदुवीर स्वरूप शास्त्री ने किया। स्वागत भाषण डॉ. नवीन कुमार झा ने और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस समन्वयक डॉ. सुधीर कुमार झा ने प्रस्तुत किया।

श्रावणी मेला में कांवरियों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं : प्रमंडलीय आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ने कहा है कि इस वर्ष विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला में आने वाले लाखों कांवरियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्री राय ने शुक्रवार को सुल्तानगंज में श्रावणी मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एक महीने तक चलने वाले इस पावन आयोजन में देशभर से भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उनकी सुविधा के लिए कांवरिया पथ और मेला क्षेत्र में बिजली, पेयजल, साफ-सफाई, चिकित्सा, विश्राम गृह (हैंगर टेंट) आदि की समुचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि सुल्तानगंज से झारखंड के देवघर तक लगभग 100 किलोमीटर लंबे कांवरिया मार्ग पर बालू बिछाने का कार्य जारी है, ताकि पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। मार्ग पर हर दो घंटे में पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि मेला क्षेत्र एवं मार्ग पर कई स्थानों पर नियंत्रण सह सूचना केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां 24 घंटे कर्मचारी श्रद्धालुओं को जरूरी जानकारियां देंगे। साथ ही, पर्यटन विभाग द्वारा विश्राम स्थलों के समीप सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सख्त प्रबंध किए गए हैं। सुल्तानगंज और कांवरिया मार्ग पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती होगी। इसके अलावा भीड़ में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। श्री राय ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेले को लेकर भागलपुर और बांका जिला प्रशासन पूरी तत्परता से जुटा हुआ है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें इस धार्मिक यात्रा में पूर्ण सुविधा, सुरक्षा और सेवा मिल सके।

ओवर स्पीड वाहन चालकों को चिन्हित कर उन्हें करें दंडित : राधामोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डॉ राधाकृष्णन सभागार में संपन्न हुई। उक्त बैठक में सड़क सुरक्षा के लिए किए गए कार्य, सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए उठाए गए कदम, प्रोटोकॉल के अनुसार ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य, सड़क सुरक्षा मानको का कार्यान्वयन, नेक व्यक्तियों को प्रेरित/ प्रोत्साहित करने के लिए उठाए गए कदम सहित जिले में सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देने से संबंधित आवश्यक विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों के साथ-साथ खतरनाक ढंग से वाहन चलाने वाले चालकों को चिन्हित कर उन्हें दंडित किया जाए। सांसद श्री सिंह ने कहा कि जिले के सभी सदस्य



गण अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खासकर के ग्रामीण क्षेत्र के पथों पर भी ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए उसकी सूची परिवहन कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे जिस पर परिवहन कार्यालय समुचित कार्रवाई करेगा। सांसद के द्वारा बताया गया कि मोतिहारी के बरियारपुर चौक से हवाई अड्डा चौक तक पथ के दोनों तरफ चौड़ाई और बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मोतिहारी जिला स्कूल के पास आरओबी से सदर अस्पताल की ओर जाने वाली पथ की चौड़ाई भी बढ़ेगी। उस सड़क के किनारे पर बिजली के पोल हैं, जिसे हटाने की बात कही गई। उन्होंने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को इसका एस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया।वही विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार ने कहा कि वैसी सड़के जिनका मेंटेनेंस अवधि पूर्ण हो चुका है और सड़के खराब हो रही हैं उसको नए सिरे से बनाने के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता डीपीआर भी तैयार करें। विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव ने ग्रामीण क्षेत्र के सड़कों पर भी ध्यान देने की बात कही। उक्त बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, विधायक पिपरा श्याम बाबू प्रसाद यादव, महापौर प्रीति गुप्ता, उप महापौर डॉ लाल बाबू गुप्ता,माननीय विधायक एवं विधान पार्षद गण के जिला प्रतिनिधि, अपर समाहर्ता, अपर पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन,जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य गण, परियोजना निदेशक एनएचआई मोतिहारी एवं दरभंगा के प्रतिनिधि, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल मोतिहारी एवं ढाका, सभी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल, अपर जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षक उपस्थित थे।

भाजपा छोड़ वीआईपी में शामिल हुए जिला संयोजक, समर्थकों के साथ किया पाला बदल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। भाजपा मत्स्यजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक शिवलाल साहनी ने शुक्रवार को भाजपा छोड़ विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान उनके साथ दर्जनों समर्थकों ने भी पार्टी बदलते हुए वीआईपी का दामन थामा। सदस्यता ग्रहण समारोह में वीआईपी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव वरुण विजय, छात्र प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन साहनी एवं जिला युवा अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी मौजूद रहे। नेताओं ने संयुक्त रूप से शिवलाल साहनी को वीआईपी की सदस्यता दिलाई। शिवलाल साहनी ने कहा कि वह विगत 15 दिनों से भाजपा के कार्यक्रम महर्षि वेदव्यास जयंती सह मछुआरा सम्मेलन की तैयारी में जुटे थे, लेकिन मल्लाह समाज के लोगों ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरक्षण की मांग उठाई और कहा कि उनका नेता केवल मुकेश सहनी हैं। इससे मुझे यह स्पष्ट हो गया कि निषाद समाज भाजपा से अलग हो चुका है और मैं समाज से अलग नहीं रह सकता। इसी कारण मैंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया। श्री साहनी ने भाजपा सांसद राधामोहन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सामंतवादी सोच के व्यक्ति हैं, जो पिछड़ा, अतिपिछड़ा और दलित समाज के नेताओं को हीन दृष्टि से देखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राधामोहन सिंह बैकवर्ड समाज के नेताओं को बैलवर्ड कहकर अपमानित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी सामाजिक न्याय और पिछड़े समाज की सच्ची हितैषी नहीं रही। जिला युवा अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने दावा किया कि आने वाले चुनाव में चंपारण सहित पूरे बिहार में एनडीए का सफाया होगा और महागठबंधन के नेतृत्व में वीआईपी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी बिहार के अगले उपमुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने जानकारी दी कि 22 जून को सुबह 11 बजे निषाद समाज को आरक्षण नहीं दिए जाने के विरोध में वीआईपी पार्टी आक्रोश मार्च निकालेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वीआईपी नेताओं ने दावा किया कि अब पूर्वी चंपारण में निषाद समाज एकजुट होकर वीआईपी के साथ खड़ा है और आने वाले चुनाव में इसका असर साफ़ दिखाई देगा।

युवती का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

तुरकौलिया (पूर्वी चंपारण)। तुरकौलिया थाना क्षेत्र के पुलवाघाट स्थित धनौती नदी किनारे एक खेत से शुक्रवार को पुलिस ने एक अज्ञात युवती का सड़ा-गला शव बरामद किया। शव जमीन में गड्ढा खोदकर दफनाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कर एक माह पूर्व शव को खेत में गाड़ दिया गया था। घटना की जानकारी उस समय सामने आई जब एक किसान अपने खेत में फसल देखने गया और उसे तेज दुर्गंध महसूस हुई। उसने देखा कि खेत में हाल में मिट्टी डाली गई है, जिससे उसे शक हुआ। तत्काल उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जब गड्ढा खोदवाया गया, तो उसमें से युवती का शव बरामद हुआ। शव बुरी तरह सड़ चुका था, जिससे पहचान कर पाना संभव नहीं हो सका। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच भेजा गया है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य' की भावना के साथ डाक कर्मियों ने किया योगाभ्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


मोतिहारी। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंपारण डाक प्रमंडल के सभी डाककर्मियों ने 'एक विश्व, एक स्वास्थ्य' के संकल्प के साथ समर्पित भाव से योगाभ्यास किया। इस अवसर पर डाक विभाग भारत सरकार की सचिव वंदिता कौर ने योग को जीवन जीने की एक वैज्ञानिक शैली बताते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक व्यायाम है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, मानसिक स्थिरता और संतुलन लाता है। जब हम स्वयं से जुड़ते हैं, तभी सही मायनों में संसार से जुड़ पाते हैं। उनके विचारों से प्रेरित होकर चंपारण डाक प्रमंडल

के अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम संदेश के साथ हरित योग को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें डाक अधीक्षक डॉ. आशुतोष आदित्य की उपस्थिति में सभी कर्मचारियों ने पौधे लगाए और उनके संरक्षण की शपथ ली। डॉ. आदित्य ने योग और पर्यावरण संरक्षण को परस्पर पूरक बताते हुए कहा कि स्वस्थ व्यक्ति और स्वच्छ पर्यावरण से ही उन्नत राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी कर्मियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी।

जहानाबाद में बहुआयामी आयोजन, योग को जोड़ा गया लोकतांत्रिक चेतना से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर जहानाबाद जिले में जिला प्रशासन के नेतृत्व में भव्य योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के गांधी मैदान स्थित खेल भवन सह व्यायामशाला में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में योग, स्वास्थ्य, स्वच्छता और मतदाता जागरूकता का समावेश हुआ। इस अवसर पर योगाभ्यास को फिटनेस और लोकतंत्र के संदेश से जोड़ा गया। उपस्थित लोगों को मताधिकार के महत्व की शपथ भी दिलाई गई। फिट




इंडिया, वोट इंडिया, स्वस्थ नागरिक, सजग मतदाता जैसे नारों ने वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि योग जहां शरीर को स्वस्थ रखता है, वहीं मतदान लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। कार्यक्रम में पौधारोपण, साफ-सफाई और स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई।

महिला संवाद कार्यक्रम से मिली महिलाओं की आवाज को पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला संवाद कार्यक्रम के तहत महिलाओं द्वारा व्यक्त की गई जनहितकारी मांगों का असर अब धरातल पर स्पष्ट दिखने लगा है। 66 दिनों तक चले इस व्यापक संवाद अभियान के फलस्वरूप सामाजिक सुरक्षा, आजीविका और स्वाभिमान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई। पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित महिला संवाद की समीक्षात्मक बैठक में निर्णय लिया गया कि वृद्धजन, विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि ?400 से बढ़ाकर ?1100 प्रति माह कर दी गई है। साथ ही जीविका



से जुड़े कैडरों का मानदेय भी दोगुना करने की घोषणा की गई। बैठक में राज्य की सभी पंचायतों में विवाह भवन के निर्माण, जीविका दीदियों को मिलने वाले ऋण पर ब्याज दर 12% से घटाकर 7% करने तथा प्रत्येक प्रखंड में दीदी की रसोई शुरू करने का निर्णय भी लिया गया।

जहानाबाद जिले से जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, डॉ. रोहित कुमार मिश्रा (डीआरडीए), जिला परियोजना प्रबंधक अनीता कुमारी समेत विषय विशेषज्ञों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। सातों प्रखंडों की जीविका दीदियां भी संवाद से जुड़ीं। जिलाधिकारी ने महिला संवाद की सफलता पर सामुदायिक संगठनों, जीविका दीदियों और जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दी और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बताया।

एमजीसीयू में 'योग संगम' के तहत मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कुलपति ने की नियमित योग कक्षाएं शुरू करने की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर 'योग संगम' के तहत एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य की भावना को साकार करना था।

यह आयोजन भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे आईडीवाई-2025 की प्रमुख पहल के अंतर्गत हुआ, जिसका लक्ष्य था–देशभर के एक लाख से अधिक स्थानों पर कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार एक साथ योग प्रदर्शन।

एमजीसीयू के चाणक्य परिसर में सुबह 6:15 बजे आरंभ हुए सत्र का नेतृत्व योगगुरु शैलेन्द्र और योग प्रशिक्षिका पूजा ने किया। योग अभ्यास में

विश्वविद्यालय के 80 से अधिक छात्र, शिक्षक और कर्मचारी शामिल हुए। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए योग को सम्पूर्ण स्वास्थ्य का माध्यम बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में शीघ्र नियमित योग कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण योग एक वैश्विक आंदोलन बना। पूर्व तैयारियों के अंतर्गत विश्वविद्यालय में पोस्टर, निबंध और क्विज़ प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। प्रो. प्रसून दत्ता सिंह द्वारा दैनिक जीवन में योग का महत्व विषय पर विशिष्ट व्याख्यान ने आयोजन को और समृद्ध किया। विश्वविद्यालय खेल बोर्ड के उपाध्यक्ष प्रो. शिरीष मिश्रा ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को धन्यवाद दिया और योग को जीवनशैली में अपनाने का आह्वान किया।

बिजली बिल सुधार के लिए लगा समाधान शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बनकटवा (पूर्वी चंपारण)। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कुदरकट गांव स्थित सब स्टेशन परिसर में बिजली विभाग द्वारा बिल सुधार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कनीय अभियंता धीरज कुमार के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कनीय अभियंता ने जानकारी दी कि शिविर में विभिन्न गांवों से कुल छह आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन नंबर के आधार पर जांच कर गड़बड़ी वाले बिलों में सुधार किया गया। साथ ही किसानों द्वारा कृषि उपयोग के लिए दो अलग-अलग आवेदन भी दर्ज किए गए।

योग से जीवन होता है संतुलित : योगाचार्य रवि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चिरैया (पूर्वी चंपारण)। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों में शनिवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी में एक विशेष योग सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र का आरंभ विद्यालय के शिक्षक एवं योगाचार्य आर.के. रवि ने प्रार्थना के साथ किया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन और वज्रासन जैसे महत्वपूर्ण योगाभ्यास कराए। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। योगाचार्य रवि ने कहा कि योग एक प्राचीन विद्या है, जो आज की आधुनिक जीवनशैली में और भी अधिक प्रासंगिक हो चुकी है। यह केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन और भावनाओं को भी संतुलित करता है। नियमित अभ्यास से जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है और

व्यक्ति मानसिक रूप से सशक्त होता है।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह, शिक्षक वीरेंद्र राम, मनोज प्रसाद, छात्र अनमोल कुमार, सुप्रिया कुमारी, अंशुप्रिया समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने स्वास्थ्य और योग के प्रति विद्यार्थियों में नई जागरूकता का संचार किया।

मतदान हर नागरिक की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी : जिलाधिकारी

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डीएम ने किया योगाभ्यास, बोले - स्वस्थ नागरिक ही बनेंगे सजग मतदाता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। शहर के गांधी मैदान परिसर अंतर्गत खेल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य आयुष समिति एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री थे। इस अवसर पर उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। स्वस्थ नागरिक ही सजग मतदाता बनते हैं और यही सजगता हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे निर्वाचन आयोग के प्रपत्र-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। यह कार्य ऑनलाइन या अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से भी किया जा सकता है। सही तरीके से आवेदन देने के 15 दिनों के भीतर नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। शहर की महिलाओं, गणमान्य नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। योगाभ्यास का संचालन योग शिक्षक संतन कुमार सिंह (उर्दू मध्य विद्यालय भरथौली) एवं योग शिक्षिका नीतू कुमारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन शाखा के सौजन्य से मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई : ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''अंत में सभी उपस्थित नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से आग्रह किया गया कि वे स्वयं भी मतदाता बनें और अपने आस-पास के लोगों को मतदाता बनने हेतु प्रेरित करें।''

लापता तीनों नाबालिगों को पुलिस ने किया बरामद

सिंगर एवं डांस स्किल सीखने के लिए परिजनों से बिना बताये निकली थी तीनों किशोरियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के सुल्तानपुर टोला से बीते 16 मई से दिनेश राम की 14 वर्षीया पुत्री पुष्पा कुमारी, जितेंद्र दास की 13 वर्षीया पुत्री रानी कुमारी एवं कमलेश दास की 15 वर्षीय पुत्री रूपा कुमारी लापता थी। इस मामले में शुक्रवार को रफीगंज पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। रफीगंज पुलिस ने तीनों लापता किशोरियों को पटना के मीठापुर से बरामद किया है। जानकारी दे दे की औरंगाबाद पुलिस द्वारा उक्त तीनों बच्चियों को सूचना देने पर 25 मई को पांच हजार रू. इनाम जारी किया गया था। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से तीनों किशोरियों को बरामद किया गया है एवं इस मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों किशोरी सिंगर बनने एवं डांस स्किल सीखने के लिए परिजनों से बिन बताए घर से निकल गई थी और हाल ही में पटना के मीठापुर स्थित एक स्टूडियो में गाना की शूटिंग की थी जो कुछ दिनों में रिलीज होने वाला है। छापामारी दल में रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई मिथिलेश कुमार, सोनीली कुमारी शामिल थी।

शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। कासमा पुलिस ने गस्ती के दौरान मियां बिगहा मोड़ से 17.250 ली अंग्रेजी शराब के साथ औरंगाबाद टाउन थाना क्षेत्र के नावाडीह निवासी बाइक सवार कारोबारी अनिल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त शराब, बाइक एवं गिरफ्तार कारोबारी को थाना लाया गया तथा नामजद आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज किया गया है। साथ ही अनिल चौधरी को जेल भेजने के लिए कार्रवाई जारी है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि आईपीएस मोड़ के तरफ से बाइक सवार एक झोला में कुछ लेकर आ रहा था जिसे गश्ती के दौरान मियां मोड पर पुलिस द्वारा रोका गया और जांच किया गया। जांचोपरांत अंग्रेजी शराब पकड़ा गया।

योग शिविर में शामिल हुए सैकड़ों लोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भोजपुर जिले के विभिन्न संस्थानों, सरकारी दफ्तरों, कॉलेजो समेत अन्य जगहों पर योगा शिविर का आयोजन किया गया। महाराजा कॉलेज परिसर में जिला स्वीप भोजपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवको द्वारा योगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग प्रशिक्षक के रूप में जिला गंगा समिति भोजपुर के डीपीओ अमित सिंह ने योगा अभ्यास कराया। मौके पर हेड ऑफ बीसीए डिपार्टमेंट अभय मिश्रा, हिस्ट्री डिपार्टमेंट से अरुण राय, कैंपस एंबेसेडर समीर सिंह, दल नायक नीतीश कुमार सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वंयसेवक उपस्थित रहे। पतंजलि योगपीठ द्वारा रमना मैदान आरा में योगा कराया गया। वही वन विभाग द्वारा योग शिविर का आयोजन शामिल है। बिहिया प्रखंड के निरनपुर गांव स्थित मंदिर परिसर में पर्यावरणविद रमेश कुमार सुदामा ने योगा सिखाया। निरोग रहने के लिए सुदामा ने बताया कि प्रतिदिन योग अभ्यास के माध्यम से स्वस्थ्य शरीर में 100 वर्ष आयु तक जीया जा सकता है, ऐसा वेदों और पतंजलि महर्षी ने कहा है कार्यक्रम में वृज कुमार शुक्ला, रामु पांडेय, मंगल शाह, सर्वेश्वर पांडेय, गोलू मिश्रा, विजय यादव, कामेश्वर पाल, कुश पांडेय, राजू पांडेय सहित अनेक लोग शामिल हुए।

दाउदनगर कॉलेज ने मनाया योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



दाउदनगर (औरंगाबाद)। दाउदनगर कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) एम.एस. इस्लाम के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वधान में आयोजित किया गया। इस अवसर योग प्रभारी एवं दर्शनशास्त्र के सहायक प्राचार्य डॉ. बरुण कुमार चौबे ने लोगों को योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं उनके महत्त्व को बताया। उन्होंने बताया कि योग भारतीय परम्परा में प्राचीन काल से होता आ रहा है। योग के पहले वक्ता एवं संकलनकर्ता महर्षि पतंजलि थे। योग चित्तवृतियों का निरोध है। प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक मार्ग प्रशस्त होते हैं। योग के महत्त्व को बतलाने के बाद योग प्रभारी ने लोगों को विभिन्न प्रकार के योगासनों से अवगत कराया एवं योगाभ्यास भी करवाया, जिसमें बैठ कर, खड़े होकर एवं लेटकर करने वाले आसन थे। आसनों में पद्मासन, मुद्रासन, वज्रासन, ताड़ासन, वायुयानासन, कोणासन, भुजंगासन व हस्तपादांगुष्ठासत आदि का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त कपालभाती, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम भी कराया गया। इस अवसर पर योग करने वालों में महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने हिस्सेदारी लिया। इस अवसर पर कॉलेज के पी.आर.ओ. डॉ. देव प्रकाश सहित अन्य मौजूद रहे।

एसबीआई कर्मियों ने किया योग

औरंगाबाद/ नबिटा ब्यूरो। जिले में शनिवार को योग दिवस के अवसर पर एसबीआई शाखा पीबीबी के समीप बैंक कर्मचारीयों ने योग किया और योग ट्रेनर कुणाल कुमार के द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने की कला सीखी। गौरतलब हो की वर्तमान समय में अपनी व्यस्त जीवन शैली के कारण लोग स्वास्थ्य के लिए योग करते हैं। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है, योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार अलावा जितेंद्र कुमार, देवानंद, अमित कुमार, अभिषेक झा सहित लगभग 50 की संख्या में बैंक कर्मचारियों ने योग किया।

दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा निःशुल्क उपकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जय मां काली बखोरापुरवाली मंदिर ट्रस्ट, बखोरापुर, भोजपुर एवं एलिम्कों आसरा केन्द्र द्वारा दिव्यांगजनों व वरीष्ठ नागरिकों, शारीरिक अक्षम व्यक्तियों को ''सबका साथ सबका विकास'' की भावना से करीब 60 से 70 लाख रूपये का निःशुल्क उपकरण दिया जा रहा है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली की दो प्रमुख योजनाओं एडिप तथा वयोश्री योजना से देशभर में करोड़ों लोगों की मदद हो रही है। पंजीकरण एवं चिकित्सकीय आकलन मंदिर में आने के पूर्व एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। इस आशय की सूचना मिडिया प्रभारी अखिलेश बाबा एवं मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल ने दी है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बीडी सिंह ने बताया कि मां काली मंदिर के प्रांगण में बिहार के राज्यपाल के आने की संभावना है। जल्द ही तिथि घोषित की जाएगी। ट्रस्ट के संरक्षक ने बताया कि सामाजिक समावेशन, सशक्तिकरण, जीवन को अधिक सरल बनाने, सम्मानजनक जीवन को जीने की दिशा में एलिम्को आसरा केंद्र प्रमोटर दिप्ति राधव एवं इनके पति एलिम्को, कानपुर के रविरंजन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है।

परिसीमन में सुधार की जरूरत : डॉ. रणविजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा बाजार स्थित पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता रालोमो प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने की। जबकि संचालन जिला सचिव संतोष शर्मा ने किया। बैठक में बतौर अतिथि राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा रणविजय कुमार सहित हसपुरा प्रखंड के सभी पंचायतों के बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में आगामी 29 जुन को गयाजी के गांधी मैदान में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली की सफलता की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं के बीच रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा रणविजय कुमार ने कहा कि बढ़ते जनसंख्या को लेकर परिसीमन में सुधार की जरूरत है। इसके लिए हमारे नेता उपेन्द्र कुशवाहा ने केंद्र व राज्य सरकार को ध्यान आकृष्ट महारैली के माध्यम से करेंगे। महारैली ऐतिहासिक हो इसके लिए मगध क्षेत्र के कोने-कोने से तमाम लोग 29 जुन को गयाजी गांधी मैदान पहुंचेंगे और परिसीमन सुधार को लेकर बिगुल फुंकेंगे। पार्टी के विनोद कुमार सिन्हा, राजीव रंजन उर्फ नन्हका बाबू, देवनारायण यादव, विद्यानंद सिंह, अरूण प्रसाद सिंह, नारायण शर्मा, रामजीत राम, सचिन कुमार, सतेन्द्र शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, अजय शर्मा, बिजेंद्र सिंह, राजु कुमार वर्मा, जितेन्द्र पासवान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गयाजी गांधी मैदान राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं से छोटा पड़ जायेगा।

किसानों के बीच बीज का किया गया वितरण

गोह (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन में वितरण हो रहे खरीफ एवं अन्य बीज वितरण का औचक निरीक्षण शनिवार को पटना भूमि संरक्षण निर्देशक सुदामा महतो ने किया। उपस्थित किसानों से वितरण किए जा रहे बीज की जानकारी लिया। किसान बीज वितरण से काफी खुश दिखे। उपस्थित किसानों ने निदेशक को बताया कि समय पर अगर बीज का वितरण होता रहेगा तो किसान काफी खुशहाल रहेंगे और किसानों की फसल उपज में भी वृद्धि होगी। बीज वितरण के बाद पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही दो-तीन दिन के अंदर खरीफ बीज का वितरण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार, कृषि समन्वयक मनीष कुमार, विक्रांत कुमार, विपिन पाठक, विनोद कुमार, कृषि सलाहकार निखिल कुमार, अनसुमंन कुमार, प्रखंड के विभिन्न पंचायत के सैकड़ो किसान आदि उपस्थित थे।

बहनोई ने साले पर 54 लाख की हेराफेरी का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शहर के चर्चित व्यवसायी चौरसिया एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रवि कुमार चौरसिया के विरुद्ध उनके बहनोई संदीप कुमार चौरसिया ने करीब 54 लाख रुपये की हेराफेरी, संपत्ति की चोरी एवं जान से मारने की धमकी देने को ले प्राथमिकी कराया है। प्राथमिकी में उन्होंने बताया है कि मेरी पत्नी का सगा भाई रवि कुमार चौरसिया पिछले कई वर्षों से मेरी पत्नी के साथ साझेदारी में व्यवसाय कर रहा था। कुछ समय बाद उसकी नीयत बदल गई और उसने व्यवसाय से संबंधित धन का दुरुपयोग, मनमानी, चोरी तथा बेईमानी करना प्रारंभ कर दिया तो उसके साथ साझेदारी समाप्त कर दी। जब आपसी हिसाब-किताब किया गया, तो रवि कुमार पर 53 लाख 55 हजार रू. की देनदारी निकली। इस पर उसने मेरे ससुर, सास एवं अन्य पारिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में स्वीकार किया कि वह दिसंबर 2024 तक उक्त राशि लौटा देगा। इस दौरान रवि कुमार ने अनीता कुमारी (मेरी पत्नी) के नाम दो चेक पर हस्ताक्षर करके सौंपे। समझौते में यह शर्त तय की गई थी कि यदि रवि कुमार निर्धारित समय पर राशि वापस नहीं करता है, तो इन चेकों का उपयोग बैंक से धन प्राप्त करने अथवा विधिक कार्रवाई हेतु किया जा सकेगा। समझौते के अनुसार आज तक उसने न तो राशि लौटाई है और न ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया है। इसके अतिरिक्त उसने मेरी पत्नी एवं मेरे नाम के असली केथाले (बिक्री पत्र), जो सुरक्षित रखे गए थे, चोरी करके गायब कर दिए हैं। परिवार के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन रवि कुमार और उसके गुंडा साथियों ने उन्हें गाली-गलौज की, मारपीट की और जान से मारने की धमकियां देता है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी कर तहकीकात की जा रही है।

अज्ञात महिला का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बबुरा थाना क्षेत्र के स्कूल के पास अज्ञात 60 वर्षीया महिला का लावारिस हालत में शव को पुलिस ने शनिवार सुबह में बरामद किया है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि सुबह 7 बजे अज्ञात शव की सूचना बबुरा थाना को मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया गया। बताया जा रहा कि अज्ञात महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। विक्षिप्त महिला पिछले बहुत दिनो से बबुरा के गांव एवं रोड पर घूमती रहती थी। पुलिस महिला के शिनाख्त के लिए अपने मुखबीरों से सहायता लेने में लगी हुई है। फिलहाल उसकी पहचान नही हो सकी है।

■ शव की शिनाख्त के लिए पुलिस मुखबिरों की ले रही सहायता

विद्युत करंट से दिव्यांग युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। विद्युत करंट की चपेट में आने से एक दिव्यांग युवक की मौत हो गई। मामला दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भखरुआ मोड़ के समीप की है, जहां सब्जी लेकर घर लौट रहे एक 35 वर्षीय दिव्यांग युवक विद्युत खंभे की चपेट में आ गया जिसमें उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान भखरुआ निवासी अभिषेक तिवारी उर्फ गुरु तिवारी के रूप में हुई है। शनिवार की दोपहर सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने आए मृतक के परिजनों ने बताया कि अभिषेक दोनों पैर से दिव्यांग था। कुछ दूर चलने के बाद उसे सहारा लेने की जरूरत पड़ती थी। दाउदनगर बाजार से सब्जी लेकर घर लौटने के दौरान उस जगह पर वह अनियंत्रित हो गया और सहारा लेने के लिए विद्युत के लोहे की खंभे को पकड़ लिया। खंभा में पहले से ही करंट संचालित हो रहा था, जिसकी जानकारी अभिषेक को नही थी। करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह से झुलस गया। इसके बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर परिजन भी वहां पहुंचे और इलाज के लिए दाउदनगर के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई और शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को लेकर परिजनों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि जिस स्थल पर यह घटना हुई है और अभिषेक की जान चली गयी। वह सघन आबादी वाला इलाका है, जहां दिन भर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। परिजनों ने बताया कि मृतक दिव्यांग होते हुए भी किसी तरह खेतीबाड़ी और पूजा पाठ से होने वाली कमाई से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। 20 दिन पहले ही उसने अपनी छोटी बहन की शादी की थी। बचपन में ही उसके पिता की मौत हो गई थी। पूरे घर की जिम्मेवारी अभिषेक के ही कंधों पर थी।

दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दहेज को लेकर नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। मामला देवकुंड थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव की हैं। मृतका की पहचान उस गांव निवासी सोनू कुमार की पत्नी सुमन कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद हत्या के आरोप में मृतका के पति सोनू कुमार एवं उसके मामी करीना देवी को गिरफ्तार किया गया है। मृतका के मायके वालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि दहेज के लिए ससुराल वाले सुमन को प्रताड़ित करते थे। इस दौरान सामाजिक स्तर पर समझौता हुआ, लेकिन वे लोग नहीं माने और शुक्रवार को सुमन की हत्या कर दी। इस संबध में मृतका के मायके वालों ने चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया हैं जिसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं। वहीं पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दहेज हत्या के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' थीम पर मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में योगाचार्य सुरेश प्रसाद के दिशा निर्देश में श्री सीताराम दास कुटिया के प्रांगण में योग महोत्सव पूरे उत्साह के साथ 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' के थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओम के पवित्र ध्वनि और गायत्री मंत्र के साथ किया गया। योग प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद आर्य जी ने योग की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस भाग दौड़ के जीवन में और अशुद्ध खान-पान के कारण बहुत सारे लोग विभिन्न प्रकार के बीमारियों से परेशान हैं। ऐसी परिस्थिति में योग प्राणायाम करके आप इन सारी समस्याओं से बच सकते हैं। अतः प्रतिदिन योग करें और निरोग रहें। यही एक सरल और बिना पैसा की दवा है। वही हसपुरा के कनाप रोड स्थित टी आर विद्याकुलम विद्यालय में प्राचार्य कुलदीप चौधरी की देख-रेख में बच्चों ने योग किया।

रफीगंज संवाददाता के अनुसार

युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार औरंगाबाद के रफीगंज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत औरंगाबाद बिहार के निर्देश के आलोक में शुभम सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं के बीच विभिन्न योग का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आयोजक हार्दिक सिंह राजपूत की अध्यक्षता में युवाओं को योग के विषय में बताते हुए कहा कि इस वर्ष 21 जून 2025 को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर मनाया जा



रहा है। एनसीसी ऑफिसर डॉ. भुवन कुमार गुप्ता ने कहा कि योग, वैदिक समय से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग की महिमा ऐसी है कि ये ना केवल आपके शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरुस्त करता है। भारत समेत पूरी दुनिया योग करने से मिलने वाले फायदों के बारे में जानती है और उन्हें मानती भी है। ऐसे हर साल 21 जून को दुनियाभर के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही चाव से मनाते हैं। योग करने से व्यक्ति में एक नई शक्ति का संचार होता है, कार्यक्रम के सफल आयोजन में नीरज कुमार, मोहित कुमार, सुमन कुमारी, नीरज कुमार, प्रियंका कुमारी, सहित अन्य युवक-युवतियों का सराहनीय योगदान रहा।

शहर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व जिला परिषद सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा व भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साव शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दिप प्रज्वलित कर किया गया। योग महोत्सव के दौरान पंतजंली योग समिति जिला प्रभारी संजय कुमार द्वारा शुगर, बीपी और कमरर्द से निजात पाने के लिए खास योग उपस्थित लोगों को बताया गया। साथ ही भुजंगासन, सहित अन्य चीजों की जानकारी दी गई। दीनानाथ विश्वकर्मा एवं संतोष कुमार साव ने बताया कि योग से शरीर स्वस्थ रहता है और मन में स्थिरता रहती है। वही रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व योग दिवस के अवसर पर डॉ के एन मिश्रा के द्वारा सूर्य नमस्कार एवं अनेकों योग किया गया।

बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

आम सूचना

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अन्तर्गत वर्तमान में **माह जुलाई, 2025** एवं **माह अगस्त, 2025** का खाद्यान्न वितरण एक साथ प्रभावी है।
- **माह जुलाई, 2025** का खाद्यान्न वितरण **दिनांक 01.06.2025** से एवं **माह अगस्त, 2025** का खाद्यान्न वितरण **दिनांक 21.06.2025** से प्रभावी है।
- लाभुक अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेता के पास **प्रथम बार** में ई–पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत **माह जुलाई, 2025** का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे एवं **द्वितीय बार** में ई–पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत **माह अगस्त, 2025** का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे।

PR. No. 006758 (Food) 2025-26
प्रधान सचिव

चांदी का मुकुट और दानपेटी चुराकर भाग रहे चोर को पुलिस ने दबोचा, तीन फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मसौढ़ी। पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित मां दुर्गा मंदिर में शुक्रवार की देर रात चोरी की एक बड़ी वारदात को पुलिस ने विफल कर दिया। चोरों ने मंदिर में घुसकर मां दुर्गा का चांदी का मुकुट और दानपेटी तोड़कर नकदी चुराई थी। गश्ती दल की तत्परता से एक अपराधी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि तीन अन्य फरार हो गए।



थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि देर रात लगभग 1 बजे दो बाइक पर सवार चार युवक मंदिर में दाखिल हुए थे। संदेह होने पर गश्ती दल ने उन्हें रोका, लेकिन सभी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक युवक को दबोच लिया, जिसकी पहचान साहिल कुमार (24 वर्ष), पिता स्व. सुबोध राय, निवासी दरियापुर परसा बाजार, के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक के पास से मां दुर्गा का चांदी का मुकुट, दानपेटी से निकाले गए 959 नकद, तीन लोहे की रॉड, एक बाइक तथा अन्य औजार बरामद किए गए हैं। घटना में शामिल अन्य तीन चोरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही है।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा सभी प्रमुख मंदिरों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बेबी कुमारी के साथ अभिषेक कुमार, रमेश चंद्र समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

पुनपुन में पुलिस की सतर्कता से बड़ी चोरी टली, मंदिरों की बढ़ाई गई सुरक्षा

मिट्टी की दीवार गिरने से चार वर्षीय मासूम की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हांसाडीह गांव में शनिवार दोपहर एक हादसे में मिट्टी की दीवार ढहने से चार साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान हिमांशु कुमार (उम्र 4 वर्ष), पिता संजीत पासवान के रूप में की गई है। घटना उस समय घटी जब हिमांशु अपनी मां कंचन देवी के साथ घर के सामने स्थित खपरैल और मिट्टी से बने पुराने दलान के पास बैठा था। उसी दौरान लगातार हो रही बारिश के कारण कमजोर दीवार अचानक भरभरा कर गिर पड़ी, जिसमें हिमांशु दब गया। घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसकी मां कंचन देवी के सिर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। बताया जाता है कि हादसे के समय कंचन देवी की दो बेटियां भी पास में बैठी थीं, जो किसी तरह भागकर जान बचाने में सफल रहीं। हिमांशु, परिवार का सबसे छोटा बच्चा था। मासूम की मौत की सूचना मिलते



ही राजमिस्त्री का कार्य करने वाले पिता संजीत पासवान भागते हुए घर पहुंचे और बेटे व पत्नी को इलाज के लिए नजदीकी निजी अस्पताल ले गए। लेकिन तब तक हिमांशु की सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। इस हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। यह घटना जर्जर और कच्चे मकानों की खतरनाक स्थिति की ओर एक बार फिर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रही है, जिससे आने वाले दिनों में ऐसी त्रासदियों से बचा जा सके।

योग करे निरोग: गांधी मैदान मसौढ़ी और पुनपुन में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य की थीम पर 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार को मसौढ़ी और पुनपुन में रिमझिम बारिश के बीच उल्लास और अनुशासन के साथ मनाया गया। मसौढ़ी के गांधी मैदान में बने चबूतरे पर सैकड़ों लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। वहीं, पुनपुन के एसएमडी कॉलेज परिसर में भी विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। मसौढ़ी में गोल्ड मेडलिस्ट योग गुरु दिलीप कुमार के नेतृत्व में प्रतिभागियों को कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित अन्य योग क्रियाएं कराई गईं। उन्होंने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग न केवल शरीर को रोगमुक्त करता है बल्कि मानसिक संतुलन भी देता है। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि योग को अब खेल श्रेणी में शामिल किया गया है, जिससे इसमें करियर की भी संभावनाएं बढ़ी हैं। योगाचार्य



विश्वरंजन ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। ई. रविशंकर ने कहा कि वर्तमान समय की वैश्विक चुनौतियों के बीच योग मानवता को शांति, धैर्य और आत्मविश्वास की दिशा में ले जाता है। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष आशीष देव, आशा किरण सिंह, दीपक शर्मा, अनिल कुमार मिठ्ठू, संजय केसरी, अजीत पांडे सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं पुनपुन के कार्यक्रम में अबेंद्र पासवान, डॉ. गोपाल प्रियदर्शी, मिथिलेश किशोर, अजीत कुमार, प्रदीप गुप्ता, मोहम्मद मिराज हुसैन और 90 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

पहली बारिश में मसौढ़ी सब्जी मंडी की सड़कें कीचड़ में तब्दील, राहगीर परेशान

मसौढ़ी। मानसून की पहली बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दी है, वहीं मसौढ़ी शहर के बीचों-बीच स्थित सब्जी मंडी की बदहाल तस्वीर सामने आ गई है। बारिश के बाद पूरी मंडी क्षेत्र की सड़कें कीचड़ से पट गई हैं, जिससे आम लोगों और दुकानदारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सब्जी मंडी का मुख्य मार्ग कीचड़ और फिसलन के कारण पूरी तरह अवरुद्ध सा हो गया है। न सिर्फ दोपहिया वाहन चालकों को, बल्कि पैदल चलने वालों को भी इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पशुपालकों को दी गई योजनाओं और पशु चिकित्सा की जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से शनिवार को मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय परिसर में पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पटना से आई कलाकारों की टीम ने इस कार्यक्रम में रोचक अंदाज़ में सरकारी योजनाओं, पशु चिकित्सा, खानपान, टीकाकरण और साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। नाटक में बताया गया कि कई बार पशुपालक बीमार पशुओं का इलाज झोलाछाप और अप्रशिक्षित लोगों से कराते हैं, जिससे पशुओं की जान को खतरा हो जाता है। इस मौके पर प्रमाणित पशु चिकित्सकों से ही इलाज कराने पर जोर दिया गया। साथ ही संतुलित आहार, स्वच्छता, आवास और टीकाकरण की नियमितता पर भी प्रकाश डाला गया। कलाकारों ने सरकार की पशुधन बीमा योजना, कृत्रिम गर्भाधान योजना और दुग्ध उत्पादन प्रोत्साहन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभ उठाने की प्रक्रिया समझाई। बताया गया कि पशुओं के इलाज के लिए सरकार द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट की सुविधा मसौढ़ी प्रखंड में उपलब्ध कराई गई है, जिसे 1962 पर कॉल कर उपयोग में लाया जा सकता है।

श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दनियावां (पटना)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह महाविद्यालय दनियावां-हिलसा मार्ग पर स्थित है। शिविर में सैकड़ों छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत युवा योग गुरु के निर्देशन में योगाभ्यास से हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, कपालभाति, अनुलोम-विलोम समेत दर्जनों योगासन कराए। योग सत्र के दौरान योग के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़



करता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्रदान करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गजेन्द्र प्रसाद गदकर ने कहा कि योग हमारी प्राचीन परंपरा का अमूल्य हिस्सा है। ऋषि-मुनियों ने योग के माध्यम से लंबी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति की थी। आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी में योग तनावमुक्त जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है।

इस अवसर पर प्रो. अरविंद कुमार, डॉ. शिव प्रसाद ठाकुर, कुमार पवन, विकास कुमार सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और योग के महत्व को स्थापित करना रहा।

लंगट सिंह कॉलेज में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। लंगट सिंह कॉलेज, मुजफ्फरपुर में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और ब्रह्माकुमारी बहनों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, योग भारत की एक प्राचीन देन है, जिसे आज पूरी दुनिया ने शारीरिक, मानसिक और आत्मिक कल्याण के लिए अपनाया है। योग दिवस मनाने का उद्देश्य इस अभ्यास के बहुआयामी लाभों के प्रति जनजागरूकता फैलाना है।

प्राचार्य ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना भारत की आत्मा में रची-बसी है और योग उसके विस्तार का माध्यम है। उन्होंने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा देशभर में आयोजित योग संगम पहल में लंगट सिंह कॉलेज भी पंजीकृत भागीदार है। इस वर्ष की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' को सार्थक बनाने में योग का महत्वपूर्ण योगदान है। प्राचार्य प्रो. राय ने हृदय स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योग अभ्यासों का स्वयं प्रशिक्षण देकर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बीके भास्कर ने कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अंतर्गत आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया, जबकि बीके पुष्पा ने राजयोग ध्यान सिखाया। इस मौके पर बीके संजीव भाई, प्रो. राजीव झा, प्रो. जयकांत सिंह, प्रो. सुनील मिश्रा, डॉ. विजय कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. दीपिका कुमारी, डॉ. नवीन कुमार, सुजीत कुमार, ऋषि कुमार, सत्येंद्र कुमार समेत अनेक शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल योग की उपयोगिता को रेखांकित किया, बल्कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, अनुशासन और संतुलित जीवनशैली की ओर भी प्रेरित किया।

जहानाबाद के शैक्षणिक संस्थानों सहित कई अन्य स्थानों पर योग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पुरे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सभी शिक्षण संस्थानों सहित, सरकारी कार्यालयों एवं आम जन अपने घरों में योग करते नजर आए। जहानाबाद के एस एस कॉलेज में एन एस एस इकाई द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया।योग शिविर का उद्घाटन पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) कृष्णा नंद ने किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि योग के बिना आदर्श जीवन शैली की कल्पना नहीं की जा सकती है। योग शिविर को संबोधित करते हुए संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष सह महाविद्यालय के आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ0 विनोद कुमार राय ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का मुख्य आधार तत्व है।योग शिविर में भाग ले रहे महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को अनेक प्रकार के योगाभ्यास कराया, साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों को योग को उनके दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ0 अंशु कुमार मल्लिक , जन्तु विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 प्रवीण दीपक, अनिल कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार सिंह सहित कॉलेज के अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्य शामिल रहे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पतंजलि योग पीठ के तत्वावधान में शुक्रवार को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जहानाबाद में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। इस दौरान योग सत्र के बाद उत्कृष्ट योगदान देने वाले कई प्रतिभागियों और आयोजकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि योग किसी धर्म के बंधन में नहीं है, यह एक शुद्ध विज्ञान है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम है, जो हर इंसान के लिए उपयोगी है।

हाईवे पर लूटपाट, तीन बाइक सवार लुटेरों ने युवक को घायल कर लूटी बाइक व मोबाइल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। धनरूआ थाना क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार देर रात पटना-गया स्टेट हाईवे-1 पर चनाकी गांव के समीप तीन बाइक सवार लुटेरों ने एक युवक को निशाना बनाते हुए लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार, चंदापर निवासी मोहम्मद शाह, पिता मोहम्मद शमशुल हक, प्रतिदिन पटना से काम कर बाइक से घर लौटते थे। गुरुवार रात करीब 10:30 बजे जब वे लौट रहे थे, तभी चनाकी गांव के पास तीन बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पहले उन पर गमछा फेंककर बाइक से गिरा दिया और फिर हथियार के बल पर उनकी बाइक और मोबाइल फोन लूट लिया। इस दौरान शाह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए पटना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और लुटेरों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। साथ ही धनरूआ थाना को रात्रि गश्ती बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया है।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में शुक्रवार को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग और पीजी डिप्लोमा इन योगिक स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व योगाचार्य शैलेन्द्र ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, श्वास क्रिया, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, कुंभक, भुजंगासन, वज्रासन, सर्वांगासन, पश्चिमोत्तानासन जैसे विविध योगासनों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारत की एक अमूल्य देन है, जो शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्तरों पर स्वास्थ्य को संतुलित करता है। आज योग पूरी दुनिया में हेल्दी लाइफस्टाइल का पर्याय बन चुका है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ है, जो वैश्विक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करती है। निदेशक डॉ. सरोज कुमार वर्मा ने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य आम जन में योग के लाभों के प्रति जागरूकता फैलाना है। समन्वयक डॉ. पयोली ने योग को समग्र स्वास्थ्य का पोषक बताया। इस अवसर पर प्रॉक्टर प्रो. वी.एस. राय, कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ. राजीव कुमार, प्रो. इंदुधर झा, डॉ. अनुराधा पाठक, डॉ. शंकर कुमार, चंदन कुमार समेत विश्वविद्यालय के कई शिक्षक, छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं०– 15 ऑफ 2025–26/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

निविदा सं०–10–डीडीयू–व०मं०इंजी०– I–25–26, **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन :** वरीय मंडल इंजीनियर/ I/डी०डी०यू० के तहत मानपुर– पं० दीन दयाल उपाध्याय सीटीआर(पी)–2.4 ट्रैक कि०मी०, टीआरआर(पी)– 3.5 ट्रैक कि०मी०, टीएसआर(पी)– 9.903 ट्रैक कि०मी०, सीटीआर (एस) – 3.75 ट्रैक कि०मी०, टीबीआर (टर्नआउट) – 23 सेट (1:12 – 08 सेट और 1:8.5 – 15 सेट), टीबीआर – 5.22, टीएफआर – 6.0 ट्रैक कि०मी०, टीटीआर (एफ०एस+सी०एस+सी०एम०एस०सी) – 06 सेट, टीटीआर (डी०एस) 03 सेट। **(ii) कार्य का अनुमानित लागत :** ₹36391198.75, **(iii) धरोहर राशि :** ₹332000.00, **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 10.07.2025 को 12:00 बजे तक, **(v) वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in**

नोट– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबंधक

पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0452/डीडीयू/इंजी०/टी/25–26/40

तेज रफ्तार डंपर ने बुजुर्ग को रौंदा, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पालीगंज। पालीगंज-किंजर मुख्य पथ पर शुक्रवार को एक हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा सिगोड़ी थाना क्षेत्र के चढ़ोस मोड़ के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान मो. सरफराज (60 वर्ष), पुत्र स्व. नजाउद्दीन, निवासी जानीपुर, थाना सिगोड़ी के रूप में हुई है। वे चढ़ोस बाजार में लंबे समय से कपड़े की सिलाई की दुकान चलाते थे और रोजाना की तरह शुक्रवार को भी वे



बाइक से दुकान जा रहे थे। इसी दौरान डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनका शरीर क्षत-विक्षत हो गया और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो उठे। उन्होंने शव को सड़क पर रखकर आगजनी करते हुए मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे पालीगंज-किंजर मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही सिगोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाकर जाम हटवाया। स्थिति सामान्य होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस फरार डंपर चालक की तलाश में जुट गई है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

मानसून की पहली फुहार से सुहावना हुआ मौसम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। पिछले 3- 4 दिनों से जिले में हो रहे हल्के बारिश के फुहार से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है तो वहीं मौसम भी काफी खुशनुमा हो गया है। बारिश के साथ मॉनसून ने दस्तक दिया है। वर्षा होने से कृषि कार्य में भी तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। धान का बिचड़ा तेज गर्मी और उमस के कारण बड़ी तेजी से सूख रहा था, वहीं दूसरी ओर बहुत कम संख्या में किसानों ने अब तक धान के बिछड़े को खेतों में बुआई किया था। लगातार वर्षा के बाद धान के बिचड़ा लगाने के काम में काफी तेजी आई है। देखा जाए तो खरीफ फसल की तैयारी में भी बारिश काफी असरदार साबित होगा। लगातार बढ़ते तापमान और उमस भरी गर्मी से वर्षा होने के कारण तत्काल लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मूंग और उड़द के फसल के लिए बारिश का होना नुकसान पहुंचा सकता है। सब्जी के फसल पर वर्षा से पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव -लगातार हो रहे वर्षा के कारण सब्जी के फसल और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। कद्दू, नेनुआ, खीरा जैसे सब्जी के पौधे वर्षा से प्रभावित हुए हैं जिससे सब्जी के दामों में आने वाले दिनों में इजाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले तीन-चार दिनों में मौसमी सब्जी का आवक मंडी में कम हो गई है, लिहाजा इन सब्जियों के दाम में काफी उछाल देखने को मिल रहा है। लगातार हो रहे वर्षा के कारण जहानाबाद शहर के कई इलाकों में जल जमाव और सड़कों पर कीचड़ देखने को मिल रहा है। शहर के राजा बाजार, दौलतपुर, कोर्ट एरिया समेत कई अन्य इलाकों में जल जमाव का दृश्य देखने को मिल रहा है वहीं बाजार समिति, सब्जी मंडी, मलहचक मोड, बाल्टी फैक्ट्री जैसे इलाकों में सड़क कीचड़ से सना हुआ है। इन सड़कों पर आमलोगों को चलना दूभर हो रहा है। वर्षा के बाद कई इलाकों में जलजमाव के कारण संक्रमण और मच्छर का प्रकोप भी कम गया है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. ई–निविदा संख्या : 03-GSU-DHN-2025-26. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के अंतर्गत बरवाडीह डिपो में माल ढुलाई रखरखाव सुविधाओं में सुधार। 12 (महीने)। 3. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹12,68,56,259.03, 4. व्याने की राशि (रूपये में) : व्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 14.07.2025 को 15.:00 बजे तक। 6. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।

नोट :– (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले बेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/0463/डीएचएन/जीएस/टी/25–26/40

एनटीपीसी बाढ़: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। एनटीपीसी बाढ़ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को ओजस नगर के सौहार्द भवन में योग शिविर का शुभारंभ किया गया, जो 20 जुलाई 2025 तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे हुई। मुंगेर से आए योगाचार्य ने सभी सहभागियों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास कराया, जिनमें शामिल थे - ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम तथा ध्यान आदि। इसके आलावा ओजस नगर के नोट्रे डेम स्कूल में बालिका सशक्तिकरण अभियान- 2025 में भाग ले रही बालिकाओं ने भी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना है, बल्कि कार्यस्थल पर सामूहिकता, अनुशासन और मानसिक शांति को भी बढ़ावा देना है। योग के नियमित अभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि यह तनाव को कम करने, मन की एकाग्रता बढ़ाने और सकारात्मक सोच को विकसित करने में भी सहायक होता है।

सौहार्द भवन में, इस अवसर पर जी. श्रीनिवास राव, कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी बाढ़), श्रीकांत केरहालकर, महाप्रबन्धक (ओ एंड एम), कविता राव, अध्यक्षा, मंदाकिनी क्लब, प्रशांत कुमार सामल, अपरमहाप्रबन्धक (मानव संसाधन), सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारीगण और सभी विभागाध्यक्ष एंव अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, मंदाकिनी क्लब की वरिष्ठ सदस्यागण, सीआईएसएफ जवान, यूनियन-एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा उनके परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

होमगार्ड दक्षता परीक्षा में शनिवार को 942 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिला में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन की प्रक्रिया के अंतर्गत शनिवार 21 जून को शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया के लिए कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था, जिनमें से 942 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। शारीरिक दक्षता परीक्षा के प्रथम चरण - 1600 मीटर दौड़ में 284 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। तत्पश्चात सभी सफल अभ्यर्थियों की ऊंचाई एवं सीना माप की गई, जिसमें निर्धारित मानकों को पूरा न



करने के कारण 22 अभ्यर्थी असफल पाए गए। शेष 262 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक की परीक्षा में भाग लिया। शारीरिक परीक्षण के उपरांत 08 अभ्यर्थी चिकित्सकीय परीक्षण में असफल/अनफिट पाए गए जबकि 254 अभ्यर्थी फिट घोषित किए गए। अतः कुल 254 अभ्यर्थियों को दैनिक रूप से सफल घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त, आज अपीलीय कोषांग में दो अपीलें प्राप्त हुई, जिनका त्वरित निष्पादन करते हुए निर्णय पारित किया गया। यह चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न की गई, जिसमें जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की समन्वित भूमिका रही।

संक्षिप्त समाचार

एसीएमओ ने किया अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अनुमंडल अस्पताल में रोगी कल्याण समिति द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करने की शिकायत पर शनिवार को एसीएमओ डॉ. रमेश चंद्रा एवं एनसीडीओ डॉ. मुतुर्जा अंसारी ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों के मिलने वाली सुविधाओं तथा रोगी कल्याण समिति की फाइलों का गहन जांच पड़ताल किया। अधिकारियों ने बताया कि 20 सूत्री की बैठक में सदस्यों ने अस्पताल के रोगी कल्याण समिति पर मनमाने ढंग से कार्य करने का आरोप लगाया था। जिसको लेकर शिकायत मिली थी। शिकायत के आलोक में सभी पहलुओं पर जांच किया गया है। जिसका रिपोर्ट वरीय अधिकारि को सौपा जाएगा। मौके पर उपाधीक्षक डॉ.संजीव कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रदीप शरण, स्वास्थ्य प्रबंधक जितेंद्र कुमार, अस्पताल प्रबंधक विपिन राज आदि उपस्थित थे।



तेज हथियार से हमला कर किया जख्मी, प्राथमिकी दर्ज

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मनुआपुल थाना क्षेत्र के धोबी टोला गुरवलिया निवासी राजन पासवान को कतिपय तत्वों ने तेज धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। जख्मी राजन पासवान का इलाज चनपटिया के पीएचसी में कराया गया। मामले में सिरिसिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिसमें शनिचरी थाना क्षेत्र के गोइताटोला मिश्रौली निवासी विनोद मिश्र, उसके पुत्र विवेक कुमार मिश्र उर्फ विकास कुमार मिश्र व पांच अज्ञात को आरोपित किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नही हुयी है।

नाबालिग की हत्या मामले का आरोपी धराया

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के परसा बाबू टोला में नाबालिग की हुयी हत्या मामले में पुलिस ने एक विधि विरुद्ध बालक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हत्या में शामिल एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है।हत्या में शामिल दूसरे आरोपी को बहुत जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।विदित हो कि परसा बाबू टोला निवासी लड्डु कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। जिसमें मृतक की दादी ने जयप्रकाश सिंह एवं उनके पुत्र को नामजद किया है।

भूमि विवाद में मारपीट, ट्रेक्टर को किया क्षतिग्रस्त

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना के मंगरहरी गांव में भूमि विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी है। घटना 20 जून की है। मामले में मंगरहरी गांव निवासी राधेश्याम मिश्र में शिकारपुर थाने में आवेदन सौपा है। जिसमें मंगरहरी गाव के मठ्ठा राम, ध्रुव राम, सुकट राम, रमेश राम, बृजेश राम समेत 10 नामजद एवं अन्य अज्ञात को आरोपित किया है। आरोप है कि अपने खेत की ट्रेक्टर से जुताई करवा रहे थे तभी उक्त आरोपितों के द्वारा लाठी डंडे के साथ एकजुट होकर खेत जुताई करने से रोकते हुए मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान जुताई कर रहे ट्रेक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। हालांकि स्थानीय लोगो के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। आवेदन में ये भी बताया है कि आरोपितों द्वारा जाते जाते उक्त जमीन को कब्जा करने व हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा में फसाने की धमकी भी दिया है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर करवाई की जा रही है।

स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन

साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। साठी थाना में पदस्थापित नए थानाअध्यक्ष विनय कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार इससे पहले बेतियां अनुमंडल अंतर्गत योगापट्टी अंचल के पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे। देर शाम शुक्रवार को नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष विनय कुमार का स्वागत एवं निवर्तमान थानाअध्यक्ष धीरज कुमार का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिले के पुलिस कप्तान डॉक्टर शौर्य सुमन के द्वारा निवर्तमान थाना अध्यक्ष धीरज कुमार का तबादला साइबर थाना बेतिया में कर दिया गया है। स्वागत के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र उपाध्याय ने दोनों पदाधिकारी को माला एवं अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। वहीं अपने संबोधन में कहा कि साठी में आपसी भाईचारा एवं अपराध नियंत्रण कामयाब रखने में धीरज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हम नए थानाअध्यक्ष से यही उम्मीद रखते हैं। वहीं पूर्व मुखिया राकेश मिश्रा ने अपने संबोधन में प्रशासन को सहयोग करने की बात कही। जबकि राजद नेता मजहर आलम ने दोनों पदाधिकारी को बुके व अंग वस्त्र से सम्मानित किया। वही समाज सेवी एकरामुल हक की शायरी पर लोगों की तालिया की गड़गड़ाहट गूंज उठी। आयोजक कमेटी में अमन मिश्रा अवास अली अनुप्रस शांडिल्य आकाश वर्मा मैनुदिन आलम रिंकू वर्मा की अहम भूमिका रही। मंच का संचालन संदीप कुमार दुबे कर रहे थे। मौके पर दरोगा शशिकांत शर्मा, पिएसआई निधि कुमारी अमरजीत कुमार नितेश कुमार सहित क्षेत्र के गामान्य लोग व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जनता दरबार मे आधा दर्जन मामलों का हुआ निपटारा

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शिकारपुर थाना में शनिवार को भूमि से संबंधित विवादों का निपटारा करने को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता सीओ सुधांशु शेखर ने की। इस दौरान पूर्व से चले आ रहे करीब आधा दर्जन भूमि विवाद से संबंधित मामले की सुनवाई की गई। सीओ सुधांशु शेखर से बताया कि प्रत्येक शनिवार को स्थानीय थाना में जनता दरबार लगाकर भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाता है। आज के जनता दरबार मे सात नए मामले सामने आये है। जिसमे अधिकतर मामले आपसी बटवारा व सीमांकन को लेकर था। मामले में वादी प्रतिवादी के पक्षों के आवश्यक कागजात को देखा गया है और उन्हें आवश्यक निर्देश भी दिया गया है। सीओ श्री शेखर ने बताया कि सीमांकन व बटवारे मामले में दोनों पक्ष के कागजातों को देखते हुए यायालय जाने का निर्देश दिया गया है। वही जिस वादी प्रतिवादी के पास पूरा कागजात नहीं पाया गया है उसे अगले शनिवार को मामले की सुनवाई की तिथि मुकर्रर की गई। जबकि छोटे-छोटे मामले का ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया है। मौके पर शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।



अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योगसाधना में लीन हुए लोग







बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रमों की धूम मची रही। शहर के एमजेके कालेज परिसर, न्यायालय परिसर, महाराजा स्टेडियम, हजारी मैदान, रेडक्रॉस सोसायटी परिसर समेत अन्य जगहों पर भी योग साधना में लोग लीन रहे। स्थानीय एमजेके कालेज परिसर में कालेज प्रशासन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मेगा योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, सुबे की मत्स्य और पशु विभाग की मंत्री रेणु देवी, सांसद डॉ. संजय जयसवाल, विधायक विनय बिहारी, डी.आई.जी हरकिशोर राय, जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, डी.डी.सी. सुमित कुमार, अनुमंडलाधिकारी विकास कुमार, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ.आर.के चौधरी, समाजसेवी आलमगीर अशरफ के अलावे आला अधिकारियों की उपस्थिति रही। सभी ने योगाचार्य पवन कुमार के नेतृत्व में तन्मयता से योग किया और अपने संबोधन में योग के महत्व पर विस्तार से बताया। मंच संचालन डॉ.राजेश कुमार चंदेल ने किया। मौके पर स्वीप कोषांग की ओर से मतदाता जागरुकता के लिए संकल्प कराने के साथ हीं हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। वहीं दूसरी ओर नीरज फिजिकल एकेडमी द्वारा आयोजित योग शिविर में भाजपा के नगर निकाय प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी राहुल कुमार ने योग को भारत की प्राचीन विरासत बताते हुए युवाओं से इसे जीवनशैली में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमी के निदेशक नीरज कुमार ने की। इस अवसर पर एकेडमी के प्रशिक्षक सूरज कुमार एवं गौतम कुमार ने योगाभ्यास का नेतृत्व किया। जबकि न्यायालय परिसर में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष आनंद नंदन सिंह प्राधिकार के सचिव ,कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया ,रुद्रा फिजिकल अकेडमी के नीरज, आदि की उपस्थिति रही। इधर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस भवन, अमरेंद्र कुमार राज ने बताया कि योग शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात दिलाता है। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारी गण सभी कर्मचारी गण योग शिविर में उपस्थित रहे।वहीं महाराजा स्टेडियम में योग भारती व नगर निगम के संयुक्त आयोजकत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विजय कश्यप, जगदेव प्रसाद, अभिमन्यु मधु के देख रेख में योग कराया गया। कार्यक्रम में सांसद संजय जायसवाल, पूर्व विधायक प्रकाश राय महापौर गरिमा देवी सिकारिया, नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी , रमन गुप्ता , रोहित सिकारिया, रिंकी देवी, डॉ प्रमोद तिवारी योग,भारती के संरक्षक रामदयाल प्रसाद ,तरुण गुप्ता किया। योग प्रशिक्षिका इंदु कुमारी एवं आलोका प्रसाद ने योगा प्रोटोकॉल के अनुसार आसान एवं प्राणायाम पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं कराया। में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, महिला पतंजलि योग समिति, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी एवं युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। रेड क्रॉस सचिव डॉ. जगमोहन कुमार, महिला पतंजलि की जिला प्रभारी इंदु कुमारी, भारत स्वाभिमान की जिला मंत्री आलोका प्रसाद, बीजेपी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सीमा माधोगढ़िया, योगासन खेल संघ के संयुक्त सचिव पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ मौके पर रेड क्रॉस के राज्य प्रतिनिधि रोहित कुमार सिकारिया, प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद, अनुज कुमार, आजीवन सदस्य आलमगीर अशरफ, पिंकी देवी, प्रदीप कुमार, स्वयंसेवक प्रगति कुमारी गुप्ता, इमरान कुरैशी, राम कुमार, कर्मी रामरतन प्रसाद, योग प्रेमी बीना कुशवाहा, कविता कुमारी, ज्योति केसरी, प्रतिमा सोनी, श्रुति झा, अमृता पाण्डेय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर बाल योगी अयांश गौतम ने अपनी प्रस्तुति दी। इधर लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल, गुरवलिया में पश्चिम चम्पारण योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के योग प्रशिक्षक पाण्डेय धर्मेन्द्र शर्मा ने शिक्षकों एवं बच्चों के लिए आयोजित योगाभ्यास का सत्र संपन्न कराया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कॉलेजों में हुआ योग संगम, डेढ़ साल के अर्शदीप ने किया सबको हैरान

दारोगा प्रसाद राय डिग्री कॉलेज और आर.एस.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट बसंतपुर में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन, बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य लोगों ने लिया हिस्सा

सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिवान जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग संगम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर दारोगा प्रसाद राय डिग्री महाविद्यालय, सिवान और आर.एस.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, बसंतपुर में प्रभात फेरी, सामूहिक योगाभ्यास और जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दारोगा प्रसाद राय डिग्री कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित योग संगम में जहां बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल हुए, वहीं महज डेढ़ वर्ष का नन्हा अर्शदीप योग करते हुए सभी के आकर्षण का केंद्र बन गया।





डॉ. मोसाफिर शर्मा की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोसाफिर शर्मा ने की। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. उपेंद्रनाथ यादव ने योग दिवस पर विचार रखते हुए कहा, आज की आपाधापी भरी जिंदगी में योग मनुष्य के लिए जीवन रेखा बन गया है। हमें योग के लाभ को आम लोगों तक पहुंचाना चाहिए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें।

शिक्षकों की रही सक्रिय सहभागिता

कार्यक्रम में डॉ. उमेश चौधरी (कार्यक्रम पदाधिकारी), डॉ. संदीप कुमार यादव (सहायक प्राध्यापक), प्रो. भारत प्रसाद, प्रो. राजेंद्र राय, प्रो. प्रिया रंजन, प्रो. ओम प्रकाश राम, प्रो. विनोद कुमार और दीनानाथ यादव ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और छात्रों के साथ योगाभ्यास किया।

बसंतपुर में आर.एस.यू. कॉलेज में प्रभात फेरी और भव्य योग संगम

इसी कड़ी में बसंतपुर स्थित आर.एस.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद कॉलेज परिसर में भव्य योग संगम का आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षकों, प्रबंधन पदाधिकारियों और स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

अध्यक्ष चंद्रभूषण यादव ने बताया योग का महत्व

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के अध्यक्ष चंद्रभूषण प्रसाद यादव ने कहा, योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का माध्यम है। आज की युवा पीढ़ी को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कॉलेज के निदेशक एस. किशोर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और योग को सामाजिक बदलाव का जरिया बताया।

कई प्रमुख चेहरे रहे मौजूद

इस अवसर पर प्राचार्य राजीव रंजन, प्राध्यापक हरे राम कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, विजय कुमार शर्मा, इंजीनियर कमलेश कुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों में वकील राय, मधुसूदन प्रसाद, ब्रिज किशोर राय, राजेंद्र राय और योग ट्रेनर रोहित कुमार की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। छात्रों और छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को ऊर्जावान और प्रेरणादायक बना दिया।

योग दिवस बना जनचेतना का माध्यम

सिवान जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। मालूम हो कि शिक्षण संस्थानों के माध्यम से यह पहल भविष्य की पीढ़ी को स्वस्थ और जागरूक समाज की ओर ले जाने का सार्थक प्रयास मानी जा रही है।

दुष्कर्म कर लड़की की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

नरकटियागंज के होटल में हुयी थी वारदात, होटल संचालक भी पुलिस हिरासत में



बेतिया/ मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के एक गांव की गैंगरेप की शिकार कोचिंग की लड़की के हत्या मामले में तीन युवको को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डा. शौर्य सुमन ने बताया कि मामले में होटल संचालक को भी हिरासत में लिया गया है। एसपी ने बताया कि मैनाटांड़ थाना के एक गांव की लड़की कंप्यूटर क्लास करने के बहाने घर से 19 जून को दिन के करीब एक बजे निकली। लड़की कंप्यूटर क्लास ना जाकर मैनाटांड़ बाजार से अपने दो दोस्तों के साथ नरकटियागंज चली आई। नरकटियागंज में होटल में कमरा लेकर आपसी सहमति से दोस्तों से शारीरिक संबंध बनाया। ।शारीरिक संबंध बनाने के क्रम में ही लड़की का अचानक तबीयत खराब हो गया एवं अचेत हो गई । अचेत अवस्था में लड़की को नरकटियागंज के गुप्ता हॉस्पिटल में उन्ही लड़कों द्वारा ले जाया गया ।वहां से पुनः लड़की को नरकटियागंज में डॉक्टर रवि रंजन के पास ले जाया गया ।डॉक्टर द्वारा अन्यत्र इलाज कराने हेतु सलाह देने पर उन्हीं लड़कों द्वारा एंबुलेंस से पीड़िता को जीएमसीएच बेतिया ले जाकर भर्ती कराया गया । इलाज के क्रम में पीड़िता की मृत्यु हो गई ।उसी में से एक दुष्कर्मी द्वारा पीड़िता के परिजनों को पीड़िता को एक्सीडेंट में जख्मी हो जाने एवं जीएमसीएच में भर्ती होने की सूचना दिया गया था। पीड़िता के पिता के आवेदन के आधार पर मैनाटांड़ थाना में कांड अंकित किया गया है। तीनों दुष्कर्मी का पहचान कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में चौतरवा थाना क्षेत्र के भोलू कुमार, रुपेश कुमार एवं लौरिया थाना क्षेत्र के सचिन कुमार शामिल है। दुष्कर्मियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एसपी ने बताया कि इससे संबंधित सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान किया जा रहा है। होटल के मैनेजर को भी अभीरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। इनका बयान भी लिए गया है।इस दौरान आरोपियों द्वारा प्रयुक्त हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया है।

बेतिया की नाबालिग से गोरखपुर में दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले के मटियरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिगा के साथ गोरखपुर में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। हालाकि पुलिस ने आरोपी टेम्पु चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भी प.चंपारण के शिकारपुर थाना क्षेत्र के चतुर्भुजवा का निवासी है। पुलिस ने बताया कि जिले के मटियरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिगा घर के अभिभावकों से नाराज होकर घर से 18 जून को निकल गयी। वह घर से निकलकर नरकटियागंज चली आयी। जहां से ट्रेन में बैठकर वह गोरखपुर पहुंच गयी। रात में एक टेंपु चालक ने उसे अकेले देख अपने घर ले गया। जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। दूसरे दिन वह उसे घर छोड़ने के लिए वापस आया। लेकिन पुनः जब अपना टेंपु लेकर वह वापस जाने लगा तो नाबालिगा ने चौतरवा थाना क्षेत्र में टेंपु से कुद कर चिल्लाने लगी। लड़की को चिल्लाते देख आसपास के लोगो ने टेंपु चालक को पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। पुलिस के समक्ष लड़की ने अपनी आपबीती बतायी। पुलिस ने बताया कि मटियरिया थाना क्षेत्र की नाबालिक लड़की घर से रूठ कर गोरखपुर चली गई थी। गोरखपुर में चतुर्भुजवा ग्राम का टेंपो चालक ताहिर देवान बच्ची को घर पहुंचाने का झांसा देकर गोरखपुर में अपने कमरा पर ले गया एवं रात में बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।दूसरे दिन बच्ची को लेकर घर पहुंचाने हेतु बेतिया आया।वह बेतिया से पुनःबच्ची को लेकर गोरखपुर जाने लगा तो चौतरवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है।लड़की के मां के बयान के आधार पर मटियारिया थाना में कांड अंकित कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सोमवार से उड़द के बीजों का होगा वितरण

नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड ई किसान भवन में उड़द एवं अरहर के बीज का आवंटन प्राप्त हो गया है। किसान पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर ऑनलाईन आवेदन कर सोमवार से बीज का उठाव करेंगे। उक्त जानकारी नोडल सह कृषि समन्वय श्रीकांत ठाकुर ने दि। उन्होंने बताया की मिनी किट के तहत उड़द का 6.40 किवंटल बीज प्राप्त हुआ है। जो कि 24 किलोग्राम प्रति पंचायत का लक्ष्य प्राप्त है। वही कृषि उन्नत योजना खरीफ फसल वर्ष 2025-26 के तहत प्रखंड को आठ किवंटल अरहर का बीज प्राप्त हुआ है। इसका अनुदानित मूल्य 33.80 प्रति किलो है। नोडल ने बताया कि सभी बीज के वितरण में 17 प्रतिशत एससी कैटेगरी के किसानों तथा 83 प्रतिशत सामान्य वर्ग के किसानों का लक्ष्य प्राप्त है। इधर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमरनाथ ठाकुर ने बताया कि सोमवार से उड़द का बीज वितरण होगा हालांकि अरहर के बीज अभी जिला से आवश्यक निर्देश प्राप्त होना है उसके बाद वितरण किया जाएगा।

योग दिवस पर बिहार पब्लिक स्कूल में लगा योग शिविर, छात्रों को सिखाए गए योगासन



सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पचौरा स्थित बिहार पब्लिक स्कूल के विशाल प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। 'करें योग, रहें निरोग' के संदेश को आत्मसात करते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक शैलेन्द्री पांडेय ने छात्रों को योग के महत्व की जानकारी दी और उन्हें विभिन्न योगासन व प्राणायाम के अभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मानसिक तनाव भी दूर होता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया और विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बिनोद प्रसाद सिन्हा समेत कई शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से दीपक कुमार, रविन्द्र नाथ चतुर्वेदी, अरुण कुमार शर्मा, रश्मि पाठक और संदीप तिवारी ने भी योगाभ्यास में भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने इस आयोजन को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई और सभी प्रतिभागियों को योग को जीवनशैली में अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिसर पूरे दिन योगमय वातावरण से गूंजता रहा।

'करें योग, रहें निरोग' संदेश के साथ छात्रों और शिक्षकों ने किया सामूहिक योगाभ्यास, शैलेन्द्री पांडेय ने दिए योग के गुर

अब दीदी तय करेंगी नीति की दिशाः मुख्यमंत्री ने किया महिला नेतृत्व का सम्मान

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

सीवान। बिहार सरकार के महिला संवाद कार्यक्रम ने शनिवार को एक ऐतिहासिक मोड़ लिया, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यभर के सभी जिलों की क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) की लीडर दीदियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। इस संवाद का मुख्य उद्देश्य लाखों ग्रामीण महिलाओं की आकांक्षाओं को सुनकर उन्हें सरकारी नीतियों में स्थान देना था। सीवान जिले के सभी 19 प्रखंडों की उच्छऋदीदियाँ इस संवाद में शामिल हुईं। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने क्षेत्रों की महिलाओं की ओर से सुझाव और अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने महिला शक्ति को नया स्वर देने वाली इन दीदियों की भागीदारी की खुलकर सराहना की।



मुख्यमंत्री की 6 बड़ी घोषणाएं: अब सिर्फ योजनाएं नहीं, बदलाव का संकल्प, महिला संवाद में मिली जनआकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई नीतिगत **निर्णयों की घोषणा की:** पेंशन राशि में भारी इजाफा, सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारकों की मासिक राशि ₹400 से बढ़ाकर ₹1100 प्रति माह की जाएगी। जीविका ऋण पर ब्याज दर में कटौती : अब जीविका दीदियों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज 12% की बजाय केवल 7% लगेगा। **जीविका कैडर का बढ़ेगा मानदेय:** सभी जीविका कैडर (जैसे- कम्युनिटी कोऑर्डिनेटर, क्षेत्रीय सलाहकार) की मानदेय राशि में वृद्धि की जाएगी। **दीदी की रसोई का होगा विस्तार:** सरकारी विभागों में भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी अब दीदी की रसोई योजना को सौंपी जाएगी। **हर पंचायत में बनेगी सामुदायिक विवाह भवन:** गांवों में सामाजिक आयोजनों के लिए कम्युनिटी मैरेज बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। **सतत जीविकोपार्जन योजना का विस्तार :** अब एसजेवाई योजना का लाभ सिर्फ 2 लाख नहीं, बल्कि सभी अति गरीब परिवारों तक पहुंचाया जाएगा।

सीएलएफ दीदियों से वर्चुअल संवाद में नीतीश कुमार की बड़ी घोषणाएं, पेंशन 1100, ब्याज दर घटी, मानदेय बढ़ा

महिला शक्ति अब नीति निर्धारण की अग्रणीः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा महिलाओं की बात अब सिर्फ सुनी नहीं जाएगी, उनकी आकांक्षाएं नीतियों का हिस्सा बनेंगी। यह दीदियों की शक्ति है जिसने आज सरकार को सोच बदलने को प्रेरित किया है।

सीवान से दीदियों की सशक्त भागीदारी: इस संवाद में सीवान जिले के जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, और जीविका से जुड़ी दीदियाँ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहीं। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम ने महिलाओं को संवाद से नीति तक की यात्रा में भागीदार बनाया है।

अब दीदी बोलेगी और सरकार सुनेगी यही है नया बिहार!

यह कार्यक्रम अब केवल सरकार और महिलाओं के बीच संवाद भर नहीं, बल्कि नीतिगत बदलाव का मंच बन चुका है। अब गाँव की दीदी नीति की दिशा तय करेगी और सरकार उसे अमल में लाएगी।

वंदे भारत न तो तेज है, न सस्ती, न ही व्यावहारिकः सौरभ

हाईस्पीड का दावा, लेकिन इंटरसिटी से भी धीमी



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विधान पार्षद व राजद नेता सौरभ कुमार ने कहा है कि चंपारण के लोगों में उस समय उत्साह की लहर दौड़ गई जब पाटलिपुत्र - गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस की घोषणा हुई। लोगों ने इसे तेज, आधुनिक और आरामदायक यात्रा का नया अध्याय माना। लेकिन ट्रेन का आरंभिक परिचालन ही इन उम्मीदों को गहरी निराशा में बदल रहा है।उन्होंने कहा कि जहाँ मौजूदा 15556 बापूधाम मोतिहारी- पाटलिपुत्र इंटरसिटी एक्सप्रेस नौ स्टॉपेज के साथ मात्र 3 घंटे 30 मिनट में गंतव्य तक पहुँचती है। वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस केवल 2 स्टॉपेज (मुजफ्फरपुर और हाजीपुर) के बावजूद 3 घंटे 35 मिनट में यह दूरी तय कर रही है। यह प्रदर्शन रेलवे द्वारा किए गए हाईस्पीड दावे को कटघरे में खड़ा करता है।उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस के किराया तालिका पर भी सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि यात्रा की लागत भी जनता को बुरी तरह झकझोर रही है। एक ओर जहां इंटरसिटी एक्सप्रेस का किराया 75 रुपया निर्धारित है। वहीं वंदे भारत चेयर कार का किराया 570 रुपया रखा गया है। जबकि वंदे भारत एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1050 रुपया निर्धारित है। यह स्थिति उन गरीब एवं मध्यमवर्गीय यात्रियों के लिए चिंता का विषय है, जो कभी पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा शुरू की गई गरीब रथ जैसी किफायती वातानुकूलित सेवा का लाभ उठाते थे। उस दौर में बिना किराया बढ़ाए रेलवे को मुनाफे में लाया गया था।उन्होंने आरोप लगाया कि यह विकास नहीं, जनता के साथ लूट है। वर्तमान स्थिति में वंदे भारत न तो तेज है, न सस्ती, न ही व्यवहारिक। ऊपर से चंपारण के सत्तारूढ़ सांसदगण इस परियोजना का श्रेय लेने और रेल मंत्री को धन्यवाद देने में व्यस्त हैं। उन्होंने ट्रेन की गति में सुधार कर उसे ह्यहाईस्पीडह्ण की कसौटी पर खरा उतारने, किराया पुनः निर्धारण कर आम यात्रियों के अनुकूल करने की मांग की है।

कृषि टास्क फोर्स की बैठक आयोजित, खरीफ मौसम की तैयारियों की समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा

किसानों को आवश्यकता अनुरूप उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति करें सुनिश्चित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। समाहरणालय के सभागार में कृषि टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य खरीफ मौसम 2025 को लेकर कृषि विभाग एवं इससे संबंधित अन्य विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समग्र समीक्षा करना था। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी रामईश्वर प्रसाद द्वारा जानकारी दी गई कि इस वर्ष जिले में कुल 1,72,000 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु 17,200 हेक्टेयर भूमि में बिचड़ा तैयार किया जाना है। अब तक जिले में 4,946 हेक्टेयर भूमि पर किसानों द्वारा बिचड़ा तैयार किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 17.13 प्रतिशत है। यह कार्य तेजी



से प्रगति पर है और मौसम अनुकूल होने के कारण किसानों को इस कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है। जिले को धान, मक्का, अरहर सहित विभिन्न फसलों के लिए कुल 1677 क्विंटल बीज प्राप्त हुआ है। इनमें से अब तक 688.24 क्विंटल बीज का वितरण किसानों के बीच किया जा चुका है, जो कि कुल प्राप्त बीज का लगभग 41.04 प्रतिशत है। शेष बीज का वितरण भी विभागीय निर्देशानुसार तीव्र गति से किया जा रहा है ताकि किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि खरीफ मौसम में किसानों को किसी भी स्थिति में उर्वरकों की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक विक्रेताओं की नियमित रूप से निगरानी की जाए ताकि कालाबाजारी, जमाखोरी एवं मुनाफाखोरी जैसी गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण रखा जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि किसानों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य निष्पादन को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें और लगातार प्रगति की समीक्षा करते रहें। खरीफ मौसम की तैयारी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा किसानों को यथासंभव हर स्तर पर सहायता प्रदान की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी रामईश्वर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल अशोक कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्याम किशोर, जिला मत्स्य पदाधिकारी राजेश कुमार पंडित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया योग दिवस

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम महर्षि पंतजलि को श्रद्धा सुमन समर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर योग कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कार्यकारणी समिति के सचिव बजरंगी प्रसाद, पतंजलि के योग प्रमुख विनोद कुमार, अवधेश गुप्ता, पतंजलि के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोतम कुमार एवं प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक सहित कई लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि योग ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम निरोग, दीर्घायु एवं स्वस्थ रह सकते हैं, आज पूरा विश्व योग को अपनाया है। इसे हम सभी को अपने दैनिक दिनचर्या में अवश्य सम्मिलित करना चाहिए। मंच संचालन बहन अदिती कुमारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थापना मन्त्र, अनुलोम विलोम, कई प्रकार के आसन प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। विनोद कुमार आर्य के द्वारा योग के विविध आसनों को बताया गया।

बालिका सशक्तिकरण अभियान की सफलता एनटीपीसी के अथक प्रयासों का परिणाम : एसपी

एनटीपीसी नबीनगर की पहल से ग्रामीण बेटियों को मिली नई उड़ान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नबीनगर (औरंगाबाद)। औरंगाबाद स्थित एनटीपीसी नबीनगर में 'बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025' के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। 23 मई को 40 बालिकाओं के साथ आरंभ हुआ यह अभियान एनटीपीसी के नैगमिक सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। मुख्य अतिथि अम्बरीष राहुल ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी देश के उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है, जिसका देश के साथ-साथ बिहार की विद्युत आपूर्ति में भी अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि बालिका सशक्तिकरण अभियान की सफलता एनटीपीसी के कर्मचारियों के अथक प्रयासों का परिणाम है। श्री राहुल ने प्रतिभागियों से सफलता के मूलमंत्र साझा किए तथा उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, माता-पिता को अपने बच्चों को सदैव प्रोत्साहित करते रहना चाहिए ताकि वे अपनी रुचि के अनुसार करियर चुन सकें। एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा ने इस अभियान का परिचय देते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं को सशक्त बनाना है, ताकि वे अपने परिवार और गांव में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। वर्ष 2023 से अब तक, एनटीपीसी नबीनगर ने 120 ग्रामीण बालिकाओं को कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित और सशक्त किया है। समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों द्वारा अनेक मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई जिनमें कला, कराटे और योग प्रदर्शन शामिल थे। इस एक मासिक निःशुल्क आवासीय कार्यशाला के दौरान परियोजना के निकटवर्ती ग्रामीण विद्यालयों से चयनित 40 बालिकाओं को गणित, अंग्रेजी, हिंदी के साथ-साथ कंप्यूटर, कराटे, योग एवं अन्य विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें परियोजना परिसर में छात्रावास एवं पौष्टिक आहार की सुविधा भी प्रदान की गई। मुख्य महाप्रबंधक के अतिरिक्त इस कार्यक्रम में स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहेरा, महाप्रबंधक (ओएंडएम) के. डी. यादव, महाप्रबंधक (एफएम) इपिल बागे एवं महाप्रबंधक (ओएंडएम) बीआरबीसीएल विमल कुमार साहा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बीआरबीसीएल ने मनाया योग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बीआरबीसीएल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुमंगल सामुदायिक केंद्र में सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। योग सत्र में बीआरबीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी, टाउनशिप निवासी और बच्चों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन



और प्राणायाम का अभ्यास किया। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योग सत्र केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। आगामी एक सप्ताह (28 जून) तक प्रतिदिन सुमंगल सामुदायिक केंद्र में योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। ये सत्र प्रतिदिन सुबह 6 से 7:30 बजे और शाम 6:30 से 8 बजे तक आयोजित होंगे। यह पहल न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करेगी, बल्कि योग के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ाएगी।

देश ने विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की

■ खुदवां में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

ओबरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। ओबरा प्रखंड के खुदवां मंडल में शनिवार को भाजपा द्वारा विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने की जबकि मंच संचालन किसान मोर्चा के महामंत्री जितेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। सभा में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस दौरान देश ने विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं जैसे राशन योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, घर निर्माण, जल जीवन मिशन आदि से करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला है। कार्यकर्ताओं ने ''मिशन सिंदूर'' की सफलता का उल्लेख करते हुए इसे प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नेतृत्व शैली का उदाहरण बताया। विदेश नीति में भी भारत की भूमिका पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है। सभा में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और आम लोगों के बीच सरकार की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे घर-घर संपर्क अभियान के तहत लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएं और उन्हें पार्टी से जोड़ें। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री टैगोर, अमन कुशवाहा, पूर्व जिला मंत्री विभूति नारायण सिंह, बीस सूत्री सदस्य लाला शर्मा, मंडल महामंत्री हरेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी विकास कुमार, पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, मदन पांडे, अखिलेश शर्मा, रोहित कुमार, उपेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापति समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चहका निकासी बंद होने से किसान आक्रोशित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। प्रखंड के भरूब पंचायत के हरदन बीघा स्थित बूढ़ी नाला पर बने चहका में जल निकासी मार्ग को ईंट-सीमेंट से स्थायी रूप से बंद कर दिए जाने से किसान आक्रोशित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ शरारती तत्वों ने जानबूझकर यह अवरोध खड़ा किया है जिससे सिंचाई के लिए जरूरी पानी की निकासी बाधित हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह चहका पहले कारा के नवाब द्वारा बनवाया गया था, जिससे निकली एक पैइन क्षेत्र के दर्जनों गांवों जैसे पोखठा, मलवा, डीहुरी, बिच्छहा, मुख्तियारपुर आदि को सिंचित करती है। चहका के निर्माण में निचले स्तर पर जल निकासी द्वार बनाया गया था ताकि आवश्यकता से अधिक पानी को आसानी से बाहर निकाला जा सके। लेकिन अब उस रास्ते को बंद कर देने से पानी का जमाव हो गया है। ग्रामीण नयन शर्मा, नारायण शर्मा और रामाश्रय शर्मा ने बताया कि जल निकासी अवरुद्ध होने से चहका में करीब दस फीट तक पानी जमा रहेगा। आशंका जताई जा रही है कि स्थायी जलजमाव के पीछे कुछ लोगों की मछली पालन की मंशा है। किसानों का कहना है कि यदि जलजमाव इसी तरह बना रहा तो चहका के किनारे बने तटबंध के टूटने का खतरा बढ़ जाएगा।

पेंशन राशि बढ़ाये जाने पर पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा विधवा, महिलाओं, वृद्धजनो और दिव्यांगजनों को हर महीने 400 रुपए मिलने वाले पेंशन को बढ़ाकर 1100 रु. किए जाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत विधवा, महिलाओं और दिव्यांगजनों को अब हर महीने 400 रुपए की जगह 1100 रुपए पेंशन देने का जो निर्णय लिया गया है वह स्वागत योग्य है। पूर्व सांसद ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार में लगातार विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बिहार को विकास के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली है। निश्चित ही इस फैसले से बिहार के लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता करती है।

भारत पूर्व से रहा है योग गुरू : डॉ. अमित मिश्र

राजन ममता ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। स्वस्थ रहना जीवन की सबसे पहली जरुरत हैं। इस संकल्प के साथ शहर के आरएमजीआई के राजन ममता डिग्री महाविद्यालय और जी एजुकेशन फाउंडेशन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन कर शारीरिक बल और मानसिक बल को दुरुस्त करने के कई योग बताये गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने महाविद्यालय प्रांगण में योग क्रिया किया और शरीर को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। राजन ममता डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमित मिश्र ने बताया कि भारत पूर्व से ही योग गुरु रहा है यहां योग के बल पर हमारे ऋषि मुनियों नें कई सिद्धिया प्राप्त की हैं परन्तु अब ऐसा नहीं हैं। भारत में हर तीसरे घर में एक रोगी पाया जा रहा है, जो चिंता और चिंतन का विषय है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक अंकित राज ने इस योग दिवस की सबको बधाई दी। योग कार्यक्रम में जी एजुकेशन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य निर्भय यादव, असिस्टेंट प्रो. राकेश पांडेय, प्रकाश पांडेय, दीपक सिंह, लव कुमार, फरजाना, राहुल कुमार सहित आरएमडीसी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर नवीन कुमार, राहुल पांडेय, कर्मचारी मृत्युंजय सिंह, सरोज कुमार आदि मौजूद थे।

स्थापना दिवस पर स्टेट बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



औरंगाबाद। जिले में भारतीय स्टेट बैंक नें 70 वें स्थापना दिवस के अवसर क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक अमित कुमार ने सर्वप्रथम अपने रक्तदान कर प्रारंभ की। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और रक्तदान की महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरुरत के समय किसी की जान बचाई जा सके। रक्तदान शिविर के उदघाटन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय में मुख्य प्रबंधक हिमांशु प्रभाकर, संतोष कुमार गुप्ता के साथ सभी कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अलावा भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक रितेश कुमार और दाउदनगर शाखा के मुख्य प्रबंधक मो0 फैयाज अहमद अपने शाखा के कर्मचारियों के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर में क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय के अंतर्गत स्टेट बैंक की सभी शाखाओं ने बढ़-चढ़ भाग लिया। इस दौरान लगभग एक सौ से ज्यादा लोग उपस्थिति थे। मेडिकल जांच के उपरांत संध्या काल तक 55 यूनिट रक्त इक्ट्ठा संग्रह किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी व सदर अस्पताल की चिकित्सकों की देख-रेख में रक्तदान शिविर का सफल संचालन किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने रक्दाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी कर्मचारी काफी उत्साहित दिखे।

योग के सहारे मन- मस्तिष्क को रख सकते निरोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानन्द विहार औरंगाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक के रूप में पतंजलि योगपीठ के इंद्रजीत कुमार और उनके सहयोगी उपस्थित थे। उनके द्वारा विद्यालय के कक्षा एलकेजी से कक्षा सातवीं तक के विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के एनसीसी के विद्यार्थियों (कैडेट) द्वारा पवई में जैव विविधता उद्यान में योग कर सभी को योग के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के पदाधिकारी एवं एनसीसी के सीटीओ धीरेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित थे। विद्यालय के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्रधानाचार्य वीइ के पाठक ने अपने संबोधन में योग के महत्व को छात्रों को बताया।



डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानन्द विहार में योग करते छात्रगण

उन्होंने छात्रों को बताया कि योग ही वह माध्यम है जिसके सहारे हम मन और मस्तिष्क को निरोग रख सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रख सकते है क्योंकि कहा भी गया है कि, ''स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।''

युवक की संदिग्धावस्था में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। बंदेया थाना क्षेत्र के थानापुर मोड़ से उत्तर दिशा में संदिग्धावस्था में एक युवक का शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के लाला अमौना गांव निवासी 30 वर्षीय बिकू कुमार के रूप में हुई है। मामले में बताया जाता है कि बीते शाम युवक गोह बस स्टैंड से अपनी मौसी के घर बंदेया थाना क्षेत्र के घोंटा गांव के लिए निकला था। जब देर रात तक मौसी के यहां नहीं पहुंचा तो परिजन चिंतित हो गए। इधर-उधर खोजबीन किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। वहीं शनिवार की सुबह में ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि एक युवक का शव मिला है। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मामले में पुलिस अग्रेत्तर कारवाई कर रही है।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन



DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DY Yoga
DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga
DHMS Herbal Medicine
DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet
BTMS Traditional Medicine
BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga
BAcu. Acupuncture
MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट
अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279
Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

भाजपा ने किया संकल्प सभा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। शहर के कासमा रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल के अवसर पर संकल्प सभा का आयोजन भाजपा नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू की अध्यक्षता एवं उपेंद्र कुमार के संचालन में किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा एवं नगर मंडल प्रभारी सह जिला पार्षद प्रदीप कुमार चौरसिया रहे। दीनानाथ विश्वकर्मा एवं प्रदीप कुमार चौरसिया ने 11 साल के कार्यकाल को विकसित भारत का अमृत काल बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी के सरकार ने 11 वर्षों में बहुत अच्छा कार्य किया है। वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन योजना, सौभाग्य योजना, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो घोषणा पर विश्वास नही करती हैं सिर्फ और सिर्फ काम लाने के बाद योजनाओ का शिलान्यास करते हैं और जब कार्य पूर्ण हो जाता हैं तो उद्घाटन करते हैं। संतोष कुमार साहू ने मोदी सरकार द्वारा 11 साल में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। इस मौके पर कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बबलु सिंह,भाजपा नगर महामन्त्री बालगोविंद साहू, धीरज खत्री, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री शिवनारायण साव, बिमलेश पासवान, मंत्री लुटन कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, महामन्त्री चंदन कुमार, अरविंद राज सिंह के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' की थीम पर मनाया गया योग दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आर्ट ऑफ लिविंग के कुशल प्रशिक्षक संजीव पांडेय एवं पतंजलि के प्रशिक्षक विक्की गुप्ता के दिशा-निर्देशन में सतबहिनी मंदिर के प्रांगण में योग किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को सूर्य नमस्कार, ब्राह्मी प्राणायाम, अनुलोम विलोम प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम,भस्त्रिका प्राणायाम आदि योग क्रिया का अभ्यास कराया गया। विदित हो कि 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' की थीम पर पुरी दुनिया में मनाया गया। प्रशिक्षक संजीव पांडेय ने कहा कि भारत की यह प्राचीन विद्या मानवता को अनमोल सौगात है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगी। योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल कर सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह 20 सुत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार, भाजपा उपाध्यक्ष पंकज सिंह, अमरेंद्र पांडेय, कौशल पांडेय, डॉ. रामजतन शाह, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. मिथलेश मेहता, अरुण सोनी, सुधीर चौधरी आदि उपस्थित थे।